www.livehindustan.com

बिहार का नं. 1 अखबार

# हिन्दुस्तान

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार
3 अगस्त 2026, श्रावण कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम सम्वत् 2083, पटना

• पांच प्रदेश • 23 संस्करण

बुमराह घुटने की चोट के कारण श्रीलंका दौरे से बाहर हुए




SANSKRITI UNIVERSITY
FOR EXCELLENCE IN LIFE

NAAC Accredited

ADMISSIONS OPEN 2026

## Sanskriti Alumnus Achieves ₹1.1 CRORE Highest Package



Pawan Pandey
**Amazon**

Students selected at packages ranging from
**₹5 Lakh – ₹1.1 Crore***

89% Placement Rate | 200+ Recruiters Hiring Sanskriti Talent

*T&C Apply.



**ANUSHKA SHARMA**
(B.Tech CSE) AI Engineer
**Vivanti Consulting**, Sydney
**₹75 LPA**



**KOKA SASIKOTIKIRAN**
**Fuglsanggard** I/s (Denmark)
**₹51 LPA**



**SHIVANK AGRAHARI**
**Google**
**₹48 LPA**

Ranked 6th In India with Highest Number of Patent Filed

SUNAT Sanskriti University National Aptitude Test
UP TO 100% Scholarship
SCAN AND APPLY TO AVAIL

Only Ai Driven Native University

TOP RECRUITERS

### School of Engineering & IT

**B.Tech**
- Computer Science Engineering (Industry 5.0 Oriented)
- CSE: • AI • AI & DS • AI & ML • Cyber Security
- ME: • EV

**M.Tech**
- Computer Science Engineering

**BCA**
- BCA • (Industry 5.0 Oriented) • AI • AI & ML
- Cyber Security • Cloud Infrastructure AWS • AI & DS

**MCA**
- MCA | (Industry 5.0 Oriented)
- Artificial Intelligence & Machine Learning

### University Polytechnic

**Diploma**
- CSE • EE • CE • ME

### School of Management and Commerce

**B.Com (Hons.)**
- Fintech with Artificial Intelligence
- International Finance & Accounts with ACCA

**BBA**
- Industry 5.0 Oriented • Business Analytics
- Certified Financial Planner • Logistics Management
- AI & Entrepreneurship

**MBA**
- Industry 5.0 Oriented • Agri-Business Management
- AI & Entrepreneurship

**B.Sc**
- Hotel Management

### School of Aviation & Aeronautical Sciences

**B.Tech**
- Aerospace Engineering

**B.Sc | BBA**
- Aviation Management

### School of Agriculture

**B.Sc. (Hons.) Agriculture**
- M.Sc • Agronomy • Horticulture

### School of Law and Legal Studies

- BA LLB (Hons) • B.Com LLB (Hons) • LLM

### School of Pharmacy

- B. Pharma • M. Pharma • D. Pharma
- B.Pharma (Lateral)

### School of Nursing

- B.Sc • A.N.M. • G.N.M. **9690899944**

### Sanskriti Ayurvedic PG Medical College

- BAMS • MS Ayurveda **9690899944**

### School of Basic Applied Science

**B.Sc**
- Forensic Science • Biotech

**M.Sc Biotech • BA General**

### School of Allied and Healthcare Sciences

**B.Sc**
- CVT • MRIT • AOTT • BMLS
- **BPT • MPT • B. OPTOM**
- **Bachelor of Nutrition & Dietetics (Hons.)**

### School of Naturopathy & Yogic Science

- **BNYS**
- **M.D.** • Clinical Naturopathy • Clinical Yoga
- Clinical Nutrition & Dietetics
- Acupuncture & Energy Medicine

### School of Education

- B.El.ED • B.Ed • M.Ed
- Integrated Teacher Education Programme (ITEP) - Secondary Level
- BA (Hons.) B.Ed • B.Sc (Hons.) B.Ed

### School of Rehabilitation

- B.Ed.Spl.Edu.(ID), (HI) • D.Ed.Spl.Edu.(VI)*
- I.S.I.T.E.P.(ID)

### School of Design

- B.Des (Hons) in Animation & Visual Effects
- B.Des (Hons) in Fashion Design

### Ph.D Programme

www.sanskriti.edu.in
admissions@sanskriti.edu.in

*T&C Apply

ADMISSION HELPLINE NO. **1800 120 2880 | 09358512345** WhatsApp **088590 12324**

CAMPUS: 28 KM STONE, MATHURA-DELHI HIGHWAY, MATHURA (U.P.)

बिहार ने केंद्र सरकार को भेजा प्रस्ताव, मुजफ्फरपुर में 700 एकड़ और दरभंगा में 350 एकड़ जगह चिह्नित

# मुजफ्फरपुर और दरभंगा में बनेंगे औद्योगिक पार्क

**तैयारी**

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** राज्य में दो और औद्योगिक पार्क बनेंगे। उद्योग विभाग ने केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है। मुजफ्फरपुर और दरभंगा में इसके लिए 1050 एकड़ भूमि चिह्नित कर ली गई है। यहां निर्माण क्षेत्र की कंपनियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्या) के तहत इसे विकसित किया जाएगा। बिहार ने भव्या योजना के पहले चरण के लिए केंद्र सरकार को शुक्रवार को दोनों औद्योगिक पार्कों के लिए प्रस्ताव भेज दिया है। मुजफ्फरपुर के पारू में 700 एकड़ और दरभंगा में 350 एकड़ भूमि में औद्योगिक पार्क विकसित करने की योजना है। प्रस्ताव की मंजूरी मिलने के बाद केंद्र सरकार यहां विकास कार्य के लिए प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये यानी कुल 1050 करोड़ रुपये की मदद देगी। इससे औद्योगिक पार्क और आसपास आधारभूत संरचनाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा बाहरी कनेक्टिविटी को बेहतर करने के लिए प्रोजेक्ट लागत का 25 फीसदी तक अतिरिक्त सहायता मिलेगी।

उद्योग सचिव कुंदन कुमार ने बताया कि भव्या योजना के तहत प्रस्ताव भेज दिया गया है। मुजफ्फरपुर के पारू में चिह्नित जगह पटना-बेतिया फोरलेन के नजदीक है। इस कारण यहां से माल ढुलाई आसान होगी। यहां कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण और निर्माण इकाइयों को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं, दरभंगा में बहादुरपुर के नजदीक जगह चिह्नित की गई है। यह जगह मिथिला टाउनशिप के नजदीक है। यहां एक लॉजिस्टिक पार्क भी बन रहा है। भव्या के पहले चरण में केंद्र ने कुल 20 औद्योगिक पार्कों का प्रस्ताव मांगा है। बिहार से भेजे गए प्रस्ताव में कमी पाए जाने पर दूसरे चरण में दुबारा आवेदन किया जाएगा। प्रस्ताव स्वीकृति होने पर औद्योगिक पार्क विकसित होंगे। इस योजना के तहत देशभर में कुल 100 प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जा रहे हैं।



**01** करोड़ देगी केंद्र सरकार औद्योगिक पार्क के विकास के लिए प्रति एकड़

- औद्योगिक पार्क और आसपास आधारभूत संरचनाएं विकसित की जाएंगी
- इस योजना के तहत देशभर में कुल 100 प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित हो रहे

### आधारभूत संरचनाएं विकसित होंगी

केंद्र से मिली राशि से यहां बिजली, पानी, सड़क, ड्रेनेज, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था आदि सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यहां पानी और कचरा प्रबंधन की आधुनिक व्यवस्था की जाएगी। कॉमन एफलुएंट ट्रीटमेंट (साझा और केंद्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार) प्लांट लगेगा। यहां रिन्यूएबल एनर्जी पर जोर होगा। कामगारों के लिए आवास बनाए जाएंगे। साथ ही मानक सर्टिफिकेट के लिए लैब की भी स्थापना होगी। प्लग एंड प्ले शेड में आवंटित इकाइयों को जरूरी एनओसी के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी।

**प्लग एंड प्ले मॉडल होगा:** इन दोनों जगहों पर प्लग एंड प्ले मॉडल की तर्ज पर औद्योगिक पार्क विकसित होंगे। कंपनियों को जमीन के साथ शेड आवंटित किए जाएंगे। यानी कंपनियां सिर्फ अपनी मशीन ले जाकर इकाई शुरू कर सकती हैं। इन दोनों औद्योगिक पार्कों का मकसद उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ राज्य में रोजगार के अवसर पैदा करना है। निर्माण इकाइयों को कुशल कामगार की जरूरत होती है। उद्योग विभाग का अनुमान है कि इन दोनों औद्योगिक पार्कों की इकाइयों में करीब 12 हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन होगा।

**एमएसएमई इकाइयों को बढ़ावा:** केंद्र सरकार की योजना इसके लिए निर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देकर उत्पादन बढ़ाना है। इससे राज्य और देश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। इसीलिए यहां ज्यादा से ज्यादा जगह एमएसएमई इकाइयों को दी जाएगी। स्थानीय जरूरतों के अनुरूप निर्माण को बढ़ावा देकर आयात पर निर्भरता कम की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार नई एमएसएमई नीति भी ला रही है।

**सियासत 30s**

### 'खिलाड़ियों ने अद्भुत प्रतिभा दिखायी'



पटना। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कॉमनवेल्थ गेम्स में लगातार नए कीर्तिमान रच रहे भारतीय खेल दल और समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इन खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा, अदम्य साहस और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर देश का परचम वैश्विक मंच पर गर्व से लहरा दिया है। मुक्केबाजी के रिंग से लेकर जूडो और पैरा खेलों तक, हमारे खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत से जो स्वर्णिम सफलता हासिल की है, उसने पूरे देश को गौरवान्वित कर दिया है।

### विस अध्यक्ष ने मैथिलीशरण गुप्त को दी श्रद्धांजलि

पटना। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि गुप्त जी आधुनिक हिंदी साहित्य के दीपस्तंभ थे, जिन्होंने अपनी ओजस्वी और संवेदनशील लेखनी से भारतीय जनमानस में राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक गौरव और स्वाभिमान का बीजारोपण किया। 'साकेत', 'यशोधरा', 'किसान' और 'भारत-भारती' जैसी उनकी अमर कृतियों ने न केवल हिन्दी साहित्य को समृद्ध किया, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों को एकजुट करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई।

### 'ईओ के हत्यारे के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी'



पटना। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने डेहरी के ईओ डॉ. विमल कुमार की हत्या पर शोक जताया है। उन्होंने उनकी धर्मपत्नी से दूरभाष पर बात की। उन्हें आश्वस्त किया कि दुख की घड़ी में नगर विकास विभाग पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ा है। घटना में संलिप्त लोगों के विरुद्ध शीघ्र एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे एक समर्पित, साहसी और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी थे। उनका निधन केवल नगर विकास एवं आवास विभाग नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है।

### नीतीश ने कांवरिया पथ को सुविधा संपन्न बनाया



पटना। जदयू नेता प्रमिल कुमार मिश्रा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में शामिल होकर कांवरिया पथ में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये। इससे पूरे कांवरिया पथ का परिदृश्य ही बदल गया। सुल्तानगंज से झारखंड सीमा के दुम्मा गेट तक कांवरिया पथ दुरुस्त किया गया। बालूयुक्त विशेष पैदल पथ, टेंट सिटी, विश्राम शिविर बनाये गये।

### डेहरी ईओ की निर्मम हत्या निंदनीय : एजाज

पटना। राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने डेहरी ईओ की निर्मम हत्या की निंदा की है। उन्होंने आरोप कहा कि तरह की घटना से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े होता है। ऐसा लगता है मानों अपराधियों के मन में पुलिस-प्रशासन का खौफ समाप्त हो गया है। जब सरकारी अधिकारी और कर्मचारी ही सुरक्षित नहीं हैं तो आमजनों की सुरक्षा कैसे हो पाएगी। उन्होंने अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की।

### श्रमिक नेता आरएन ठाकुर को दी गई श्रद्धांजलि

पटना। ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन्स (ऐक्टू) के नेता आरएन ठाकुर को श्रद्धांजलि दी गई। उनका निधन पांच जुलाई को ब्रेनस्ट्रोक के कारण इलाज के दौरान पीएमसीएच में हो गया था। आईएमए हॉल में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने ठाकुर को गांव के गरीबों का क्रांतिकारी कम्युनिस्ट नेता बताया। ऐक्टू राष्ट्रीय महासचिव राजीव डिमरी ने ठाकुर को क्रांतिकारी ट्रेड यूनियन आंदोलन का नेता एवं प्रमुख संगठनकर्ता बताया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता ऐक्टू बिहार के राज्य अध्यक्ष श्यामलाल प्रसाद ने की एवं संचालन ऐक्टू के राज्य सचिव रणविजय कुमार ने किया।

# राज्य सरकार अतिपिछड़ा समाज के अधिकारों की रक्षा को प्रतिबद्ध : सीएम

- श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में अभिनंदन समारोह में बोले सीएम
- कानू-हलवाई को एक करने पर बिहार सरकार विचार करेगी
- राज्य में अब जनता की सरकार, मंत्री और विधायक जनसेवक

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को कहा कि कानू-हलवाई समाज सदैव संगठित रहकर बिहार के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहे। सरकार समाज के साथ मजबूती से खड़ी है। अखिल भारतीय कानू हलवाई विचार मंच की सभी मांगों पर प्रतिनिधिमंडल के साथ गंभीरतापूर्वक विचार कर निर्णय लिया जाएगा। कानू-हलवाई को एक करने की मांग पर सरकार विचार करेगी।

रविवार को अखिल भारतीय कानू हलवाई विचार मंच और वंशी चाचा सामाजिक विकास परिषद की ओर से श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित अभिनंदन समारोह में सीएम ने कहा कि 1990 से अब तक गरीब एवं कमजोर परिवारों की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों की पहचान कर उनकी जमीन वापस दिलाई जाएगी। अतिपिछड़ा समाज को किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है। सरकार उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2005 से पूर्व वैश्य समाज सहित बड़ी संख्या में लोग बिहार से पलायन करने को विवश थे, लेकिन एनडीए सरकार के नेतृत्व में राज्य में व्यापक परिवर्तन हुआ है तथा अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिली है। बिहार में किसी व्यक्ति या गठबंधन की नहीं, बल्कि जनता की सरकार है। सरकार का प्रत्येक मंत्री, विधायक जनसेवक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के 78 वर्षों बाद भी बिहार में केवल 278 डिग्री कॉलेज थे, जबकि हमारी सरकार ने 15 जुलाई को एक साथ 211 नए डिग्री कॉलेजों में पठन-पाठन प्रारंभ कराया है। अगले 10 दिनों के भीतर सभी नए डिग्री कॉलेजों में नियमित रूप से पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

### एनडीए राज में व्यापारी सुरक्षित : संजय सरावगी

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि कानू-हलवाई समाज, अतिपिछड़ा समाज और वैश्य समाज की जितनी चिंता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार की एनडीए सरकार ने की है, उतनी किसी अन्य सरकार ने नहीं की। एनडीए राज में व्यापारी सुरक्षित हैं। आयोजनकर्ता पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने स्वागत भाषण में कहा कि जो कोई नहीं कर सका, वह सीएम सम्राट चौधरी ने किया है।



अखिल भारतीय कानू हलवाई विचार मंच और वंशी चाचा सामाजिक विकास परिषद की ओर से श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में रविवार को आयोजित अभिनंदन समारोह का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी। साथ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, सांसद संजय जायसवाल, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, विधायक प्रमोद कुमार व अन्य।

### मोकामा तक संपर्क पथ बनेगा

सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि पलवैया धाम में बाबा गणिनाथ महाराज के मंदिर के समग्र विकास के लिए भूमि अधिग्रहण होगा। पांच वर्षों में मरीन ड्राइव के माध्यम से पलवैया धाम तक बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराया जाएगा। सोनपुर से राघोपुर पुल तक पांच पुलों को जोड़ते हुए गंगा अंबिका पथ के माध्यम से मोकामा तक संपर्क विकसित किया जाएगा।

### बिजली अनुदान

सीएम बोले, बिहार पहला राज्य है जो बिजली उपभोक्ताओं को सबसे अधिक सब्सिडी दे रहा है। जो परिवार प्रति माह 125 यूनिट तक ही बिजली की खपत कर रहे हैं, उन्हें सरकार बधाई पत्र भेजेगी।

## 'नशा व्यक्ति को कमजोर बनाता है'



पटना। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन ने कहा कि नशा व्यक्ति को कमजोर बनाता है, जबकि अनुशासन उसे मजबूत बनाता है। राज्यपाल ने रविवार को लोकभवन से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के शुभारंभ समारोह में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भाग लिया।

अभियान का वर्चुअल शुभारंभ पीएम ने किया। राज्यपाल ने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से युवाओं को नशा मुक्ति के राष्ट्रीय अभियान से जोड़कर इसे जनआंदोलन का स्वरूप देना ही इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।

## पुलिस ने हमारे लोगों को बेवजह घर से उठाया : पीके



दावा-आयोग ने कहा, मतगणना में एसएसपी की ड्यूटी नहीं रहेगी

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने रविवार को कहा कि बांकीपुर उप चुनाव में हमारी पार्टी के 54 लोगों को पुलिस ने बेवजह घर से उठाया। आरोप लगाया कि हमारे कार्यकर्ताओं को परेशान करने की नीयत से पुलिस काम कर रही थी।

पटना पुलिस बताये कि भाजपा के कितने लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने दावा किया है कि चुनाव आयोग ने आश्वस्त किया है मतगणना के समय पटना एसएसपी की ड्यूटी नहीं रहेगी। प्रशांत किशोर ने पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यह आरोप लगाया। इस दौरान तीन वैसे लोगों ने भी आपबीती बतायी, जिन्हें पुलिस घर से उठाकर ले गई थी। पीके ने कहा कि पटना एसएसपी कार्यालय से जारी पत्र में कहा गया है कि बाहर के लोग आकर चुनाव में गड़बड़ी कर रहे थे, इसलिए उन्हें हिरासत में लिया गया। जबकि, पुलिस ने अधिकतर स्थानीय लोगों को हिरासत में लिया था। लोग घरों में सो रहे थे, उनके घर में घुसकर पुलिस उन्हें पकड़ी।

## बिहार के निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम

**बोले मुख्यमंत्री**

- सिविल सेवा परीक्षा-2025 में सफल बिहार के अभ्यर्थियों से मिले
- कहा-बिहार के लोग जितना आगे बढ़ेंगे, उतनी ही समृद्धि आएगी

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि विकसित बिहार के निर्माण में नई पीढ़ी का योगदान सबसे अहम होगा। सिविल सेवाओं में चयनित बिहार के युवा अपनी प्रतिभा, अनुभव और प्रशासनिक क्षमता से राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ बिहार के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने रविवार को लोक सेवक आवास में सिविल सेवा परीक्षा-2025 में सफल बिहार के अभ्यर्थियों से मिले और उनसे बात की। सभी को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि सिविल सेवा जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में बिहार के युवाओं की सफलता पूरे राज्य के लिए गौरव का विषय है। बिहार के युवाओं ने प्रतिभा, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग जितना आगे बढ़ेंगे, राज्य में उतनी ही समृद्धि आएगी। मुख्यमंत्री ने सफल अभ्यर्थियों से कहा कि आप देश में कहीं भी रहें और किसी भी स्थान पर अपनी सेवाएं दें, बिहार की चिंता जरूर करें। अपनी जन्मभूमि का ऋण चुकाना हम सभी का दायित्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध रही है। नई पीढ़ी को इस गौरवशाली विरासत से प्रेरणा लेते हुए आधुनिक और विकसित बिहार के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

**विकास कार्यों की भी जानकारी दी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी प्रखंडों के डिग्री कॉलेजों में पढ़ाई की व्यवस्था की जा रही है। इससे विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र के निकट उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा और राज्य में शिक्षा एवं विकास का सकारात्मक वातावरण तैयार होगा। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा को भी आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाया जा रहा है।

## पीएम का नशे के खिलाफ संदेश प्रेरणादायक : मंगल



प्रधानमंत्री ने हमेशा युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताई

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** पूर्व मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'नशा मुक्त युवा के लिए विकसित भारत संकल्प अभियान' स्वागतयोग्य है। रविवार को जारी बयान में कहा कि यह केवल एक संदेश नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण का संकल्प है।

प्रधानमंत्री ने हमेशा युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताया है। उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर शिक्षा, कौशल, खेल, नवाचार तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए निरंतर प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि आज का भारतीय युवा अपनी प्रतिभा, मेहनत और नवाचार के दम पर पूरी दुनिया में देश का गौरव बढ़ा रहा है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप, खेल, संस्कृति और विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय युवाओं की उपलब्धियां इस बात का प्रमाण है कि यदि युवा सही दिशा में आगे बढ़ें तो देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

## छात्र आंदोलन को दबाने की कोशिश नाकाम होगी



पटना स्थित आईएमए हॉल में रविवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य। • हिन्दुस्तान

**बोले दीपंकर**

- छात्रों पर लाठीचार्ज के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को जिम्मेदार बताया
- कहा, जेन अल्फा भी अपने स्कूल के सवालों को लेकर आंदोलन कर रहा है

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि शिक्षा के सवाल पर देशव्यापी छात्र आंदोलन को दबाने की हर कोशिश नाकाम होगी। उन्होंने छात्रों पर लाठीचार्ज के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को जिम्मेदार बताया और कहा कि धर्मेंद्र प्रधान के बाद उनका ही नंबर है।

रविवार को आईएमए हॉल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री अपने वीडियो पोस्ट में माफी देने के बहाने, रूढ़ीवादी एवं पितृसत्तात्मक ताकतों को देश की बेटियों के खिलाफ उकसा रहे हैं। यह केवल जेन-जेड का नहीं, बल्कि जेन-अल्फा तक नई पीढ़ी का आंदोलन बन चुका है। जेन अल्फा भी अपने स्कूल के सवालों को लेकर आंदोलन कर रहा है। भाकपा माले के महासचिव ने कहा कि हमारी पार्टी छात्र आंदोलन के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने मांग की कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री के बाद अब जवाबदेही केंद्रीय गृह मंत्री की भी तय होनी चाहिए। वहीं, आइसा बिहार राज्य अध्यक्ष धनंजय एवं सचिव दीपांकर मिश्रा ने कहा कि बिहार के सवालों को लेकर आइसा आगे बढ़ेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाकपा माले विधायक संदीप सौरभ, आइसा की उपाध्यक्ष सबा आफरीन, आरवाईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत कुशवाहा, राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन भी शामिल थे।

## छात्रों पर लाठीचार्ज के लिए माफी मांगे केंद्र सरकार : राजद

पटना। राजद ने छात्रों पर लाठीचार्ज के लिए केंद्र और राज्य सरकार से माफी की मांग की है। राजद प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपशब्द कहने वाले लोगों को माफ कर दिया है, यह प्रशंसनीय है।

लेकिन छात्र आंदोलन के दौरान जिस प्रकार छात्रों पर पैलेट गन से हमला किया गया। एके-47 से गोलियां चलाई गईं। लाठियों से पीटा गया। महिला प्रदर्शनकारियों को भी पुलिस ने नहीं बख्शा। इसके लिए भी केंद्र और राज्य सरकार माफी मांगे। साथ ही दोषी पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें।

## महर्षि वेदव्यास भारतीय संस्कृति के पुरोधा : भीम



महर्षि वेदव्यास के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग करेंगे

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** महर्षि वेदव्यास विचार मंच के तत्वावधान में बीआईए में महर्षि वेदव्यास की जयंती मनाई गई। इसमें विभिन्न जिलों से आए निषाद समाज के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन वेदव्यास विचार मंच के संरक्षक राज्यसभा सांसद भाजपा नेता डॉ भीम सिंह ने किया।

मौके पर भाजपा नेता ने कहा कि महर्षि के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महर्षि वेदव्यास को सनातन संस्कृति का मजबूत स्तम्भ और पुरोधा बताया। उन्होंने उपस्थित लोगों की मांग पर आश्वासन दिया कि वे महर्षि वेदव्यास के नाम पर एक विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग सरकार के समक्ष उठाएंगे। डॉ सिंह ने उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि वे अपनी जाति के साथ साथ विभिन्न अत्यंत पिछड़ी जातियों को भी जोड़ने के लिए काम करें।

## भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेगी

पटना। बिहार भाजपा ने एक लाख कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य तय किया है। रविवार को प्रदेश कार्यालय में प्रशिक्षण विभाग की बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर संचालित डिजिटल प्रशिक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई।

बिहार में अब तक लगभग 60 हजार कार्यकर्ता डिजिटल प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, जबकि प्रदेश भाजपा ने एक लाख से अधिक कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। दो से चार अगस्त के बीच बिहार के सभी 13 संगठनात्मक क्षेत्रों की अलग-अलग वर्चुअल बैठकें आयोजित की जाएगी। 5 से 10 अगस्त के बीच प्रदेश के 52 जिलों की वर्चुअल बैठकें संपन्न होंगी।

## असिस्टेंट प्रोफेसर 10 को देंगे नये कॉलेजों में योगदान

- उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में रविवार को दिशा-निर्देश जारी किया

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** राज्य के नए डिग्री कॉलेजों में संविदा पर चयनित असिस्टेंड प्रोफेसर 10 अगस्त को कॉलेज में योगदान देंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में रविवार को दिशा-निर्देश जारी किया है।

विभाग ने संविदा पर चयनित असिस्टेंड प्रोफेसरों को अपने सभी कागजात और प्रमाण पत्र तैयार रखने को कहा है। विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि विवि द्वारा तीन अगस्त को आयोग की वेबसाइट पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की जाएगी। अभ्यर्थी चार अगस्त को कॉलेज का विकल्प ऑनलाइन देंगे। विभाग ने यह भी कहा है कि चयनित अभ्यर्थी सात अगस्त को संबंधित विवि को रिपोर्ट करेंगे। 10 अगस्त को सभी अपने कॉलेज में योगदान देंगे, जो कॉलेज विवि ने आवंटित किया है। विभाग ने अपने आदेश पत्र में यह भी कहा है कि सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे उच्च शिक्षा विभाग और आयोग की वेबसाइट को निरंतर देखते रहें।

**अनदेखी** | नीलामी दर कम रहने से नहीं हो पा रहा उठाव, 2024 में ही पोर्टल को सौंपी जा चुकी है सूची, मोटर वाहन निरीक्षक कर चुके हैं कीमत का आकलन

# कबाड़ एंबुलेंसों ने छीनी अस्पतालों की स्वच्छता

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** राज्य के अस्पताल परिसरों में वर्षों से खड़ी कबाड़ हो चुकी एंबुलेंसें अब स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए नई चुनौती बन गई हैं। बेड़े से बाहर की जा चुकी 755 एंबुलेंसों का निस्तारण न होने से अस्पतालों की सूरत बिगड़ रही है। इन वाहनों के कारण पार्किंग की समस्या बढ़ रही है, परिसर की स्वच्छता प्रभावित हो रही है और बारिश के दिनों में बीमारियां फैलने का खतरा भी बना रहता है।

हालांकि, स्वास्थ्य विभाग इन पुराने वाहनों की जगह 1966 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस (आलसा) एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस (बालसा) का संचालन कर रहा है।



पटना के गर्दनीबाग अस्पताल के पास लगा एंबुलेंस। • हिन्दुस्तान

स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार, बेड़े से बाहर की गई एंबुलेंसों का मोटर वाहन निरीक्षक से वैल्यूएशन कराया जा चुका है। इनके निस्तारण के लिए, नीलामी प्रक्रिया भी शुरू की गई, लेकिन अब तक उठाव नहीं हो सका है। वजह यह है कि नीलामी में भाग लेने वाली कंपनियां वैल्यूएशन से कम राशि की बोली लगा रही हैं। इसी कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। सूत्रों के मुताबिक, वर्ष 2024 में ही कबाड़ घोषित एंबुलेंसों की सूची, उनके वाहन नंबर और वैल्यूएशन दर की जानकारी एमएसटीसी को उपलब्ध करा दी गई थी।

### एमएसटीसी को जिम्मेदारी

स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों की खराब मशीनों, उपस्करों और एंबुलेंसों की कटिंग तथा निस्तारण की जिम्मेदारी एमएसटीसी को दे रखी है। एमएसटीसी सरकारी ई-कॉमर्स और नीलामी पोर्टल है। एमएसटीसी के साथ केवल दो निजी कंपनियां ही कबाड़ एंबुलेंसों और अन्य सामग्री की क्रशिंग के लिए सूचीबद्ध है। नीलामी के दौरान इन कंपनियों द्वारा वैल्यूएशन से कम राशि की बोली लगाए जाने के कारण एंबुलेंसों की नीलामी पूरी नहीं हो पा रही है।

### अस्पताल परिसरों में पार्किंग की समस्या बढ़ी

अस्पताल परिसरों में कबाड़ एंबुलेंसों के लंबे समय तक खड़े रहने से कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इससे पार्किंग स्थान की कमी बनी रहती है और परिसर के सौंदर्यीकरण पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। इन वाहनों के आसपास घास-फूस, झाड़ियां और कचरा जमा हो जाता है, जिससे परिसर अस्वच्छ दिखाई देता है। बारिश के दौरान एंबुलेंसों में पानी जमा होने से मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना रहता है। मरीजों और उनके परिजनों पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## सिलाई-कढ़ाई से 50 हजार जीविका दीदी बनीं आत्मनिर्भर

पटना। ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत जीविका की ओर से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक राज्य में 50 हजार से अधिक महिलाओं को सिलाई कार्य के माध्यम से प्रत्यक्ष रोजगार मिल चुका है।

वर्ष 2023 में जानकी जीविका महिला सिलाई प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का गठन किया गया था। वर्तमान में विभिन्न सरकारी विभागों के अभिसरण से जीविका दीदियों को बड़े पैमाने पर वर्क ऑर्डर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ये दीदियां स्कूली बच्चों के लिए यूनिफॉर्म के साथ-साथ अस्पतालों में भर्ती रोगियों के लिए कपड़ों की सिलाई भी कर रही हैं।

www.livehindustan.com

बिहार का नं. 1 अखबार

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार

3 अगस्त 2026, श्रावण कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम सम्वत् 2083, पटना

मगध संस्करण, वर्ष 41, अंक 211, 16 पेज, मूल्य ₹ 4.00 • पांच प्रदेश • 23 संस्करण


तीन दिन ओडिशा दौरे पर रहेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु P-13



**खुलासा:** डेहरी नगर परिषद में तैनात थे, पटना आने के दौरान बारुण में वारदात

# कार्यपालक पदाधिकारी की चालक ने रॉड से हत्या कर दी

**औरंगाबाद/सासाराम, हिन्दुस्तान टीम।** रोहतास जिले के डेहरी-डालमियानगर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) विमल कुमार की शनिवार की रात उनके चालक ने ही लोहे के रॉड से प्रहार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित चालक मिथिलेश कुमार को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे के रॉड को पटना सोन नहर से बरामद कर लिया गया है। विमल कुमार गया जिले के शेरघाटी के गोलाबाजार के निवासी थे और उनका परिवार पटना के गोला रोड स्थित एक अपार्टमेंट रहता है।

विमल कुमार शनिवार को डेहरी में आयोजित 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रात करीब 8:30 बजे अपनी सरकारी गाड़ी से चालक मिथिलेश कुमार के साथ बारुण के रास्ते पटना आ रहे थे। चालक ने देर रात सहकर्मियों और अन्य लोगों को फोन कर बताया कि बारुण थाना क्षेत्र में धनौती पुल और लख डिहरा के बीच अपराधियों ने उनकी पीट-पीटकर हत्या कर दी है। चालक के बार-बार बयान बदलने पर पुलिस का शक गहराया। जब उससे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली। मगध रेंज के आईजी विकास वैभव और औरंगाबाद के एसपी उपेन्द्रनाथ वर्मा ने रविवार को घटनास्थल का निरीक्षण कर सीन रिक्रिएट कराया। पुलिस को दिये बयान में चालक ने कहा कि शनिवार की रात पटना जाने के दौरान धनौती पुल के समीप उसने लघुशंका के लिए गाड़ी रोकना चाहा तो ईओ ने मना कर दिया। इससे वह आक्रोशित हो गया। उसने सड़क किनारे गाड़ी रोकी और गाड़ी के पिछले हिस्से से लोहे का रॉड निकाल कर ईओ पर हमला कर दिया। जब वह भागने लगे तो उनपर कई वार किए, जिससे मौके पर उनकी मौत हो गई। हत्या को हादसा या लूटपाट का रूप देने के लिए उसने वाहन को नहर के नजदीक लाकर छोड़ दिया। पत्नी के बयान पर पुलिस ने बारुण थाने में केस दर्ज किया है।

➤ देखें P 10



औरंगाबाद में धनौती पुल के पास मामले की जांच करते आईजी विकास वैभव व अन्य।



विमल कुमार । फाइल फोटो

**17** माह से डेहरी के कार्यपालक अधिकारी के रूप में पदस्थापित थे विमल

- चालक ने कहा, काम के अत्यधिक दबाव से परेशान था
- विमल कुमार शेरघाटी के गोलाबाजार के निवासी थे

## बीपीएससी 53-55वीं बैच के अधिकारी थे

फरवरी 2025 में विमल कुमार ने डेहरी में योगदान दिया था। शेरघाटी निवासी विमल कुमार ने साल 2013 में बीपीएससी की 53-55वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता हासिल की थी। हत्या की खबर मिलते ही उनकी पत्नी बबिता कुमारी अपनी पुत्री वैभवी विमल (सात साल) और पुत्र विवान विमल (पांच साल) के साथ रविवार की सुबह डेहरी पहुंचीं। विमल के दोनों भाई रांची में रहते हैं।

" चालक ने इसे दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया, लेकिन उसे लगा कि वह फंस जाएगा तो उसने अपराधियों के द्वारा हत्या करने की कहानी गढ़ी। हत्याकांड का खुलासा कर लिया गया है। इस गंभीर अपराध के मामले का संचालन स्पीडी ट्रायल के तहत कराया जाएगा।

-विकास वैभव, आईजी, मगध रेंज

## चालक ने लूटपाट में हत्या की बात कही थी

हत्यारोपी चालक मिथिलेश (डेहरी के कौवाखोह, सुअरा निवासी) पुलिस को कई घंटे तक बरगलाता रहा। शुरुआत में उसने कहा कि दो अपाचे बाइक से पहुंचे अपराधियों ने हत्या की। फिर उसने एक बाइक सवार की बात कही। इससे पुलिस को उस पर शक हो गया। कार्यपालक पदाधिकारी से लूटपाट का कोई साक्ष्य नहीं मिला। यहां तक कि उनके गले मे सोने की चेन थी और हाथ की एक अंगूठी क्षतिग्रस्त होकर उंगुली में फंसी हुई थी। चालक ने लोहे के रॉड से अनगिनत वार किए थे जिससे विमल कुमार के चेहरे, आंख, सिर पर गंभीर जख्म हो गए थे। आरोपी चालक पिछले करीब पांच वर्षों से नगर परिषद के विभिन्न कार्यपालक पदाधिकारियों के निजी चालक के रूप में कार्यरत था। इसके पहले भी उसका कई अधिकारियों से झगड़ा हो चुका था।

**मानसून सत्र:** संसद में आज

# भी जोरदार हंगामे के आसार

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** नीट मुद्दे पर आंदोलन करने वाले छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर संसद में चल रहे हंगामे के बीच कांग्रेस ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मुद्दे को धार देनी शुरू कर दी है। इससे पहले विपक्ष संसद भवन परिसर में चंदा चोरी का सांकेतिक नाट्य रुपांतरण कर प्रदर्शन कर चुका है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा का हर नेता चंदा चोर नहीं है, पर सभी चंदा चोर सत्ताधारी दल में ही हैं। पार्टी ने दावा किया कि राम मंदिर में चोरी सिर्फ चढ़ावे तक सीमित नहीं है, बल्कि इस चोरी की शुरुआत शिला पूजन के वक्त से हो गई थी।

दूसरी ओर, राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर संसद परिसर में किए गए एक व्यंग्य-नाटक को लेकर सियासत तेज हो गई है। भाजपा और विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने रविवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और निर्दलीय सांसद पप्पू यादव पर हिंदू भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए सार्वजनिक माफी की मांग की।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि इस प्रदर्शन से करोड़ों रामभक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से हिंदू आस्था पर हमला है।

चुघ ने कहा कि राहुल गांधी और इस प्रदर्शन में शामिल सभी नेताओं को देश और दुनिया भर के हिंदुओं से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।



- विपक्ष ने राम मंदिर में चढ़ावा मुद्दे को धार देनी शुरू की
- भाजपा ने कहा, माफी मांगें राहुल और पप्पू यादव

## बांकीपुर उपचुनाव की मतगणना आज

**पटना।** बांकीपुर का विधायक कौन बनेगा, इसका फैसला सोमवार को हो जाएगा। वोटों की गिनती सुबह आठ बजे से होगी। एएन कॉलेज स्थित मतगणना केंद्र पर कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। मतगणना के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसके लिए केंद्रीय सुरक्षा बल, एसटीएफ और जिला पुलिस को भी लगाया गया है।

सहायक निर्वाचन पदाधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ईवीएम जमा होने के दिन से ही सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जा रही है। मतगणना के लिए 16 टेबल बनाए गए हैं। प्रत्येक टेबल पर तीन मतगणना कर्मी होंगे। कुल 31 राउंड में गिनती होगी।

## अतरी में सांप के डंसने से दो चचेरे भाइयों की मौत

- झाड़-फूंक में समय जाया न होता तो बच सकती थी जान
- मिश्र बीघा का मामला, करैत सांप को मारा डाला

**नीमचक बथानी, एक संवाददाता।** अतरी थाना क्षेत्र के मिश्र बीघा गांव में शनिवार रात सर्पदंश से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतकों की पहचान लिटला कुमार (9 वर्ष) और बुद्धू कुमार (11 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों बच्चे रात में जमीन पर सो रहे थे, तभी जहरीले करैत सांप ने दोनों को डंस लिया।

घटना के बाद परिजन पहले झाड़-फूंक कराने में जुटे रहे। हालत बिगड़ने पर दोनों को इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया ले जाने लगे। इसी दौरान लिटला कुमार ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जबकि बुद्धू कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार को पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया। लिटला की चाची मारो देवी ने बताया कि उसके माता-पिता ईंट भट्ठे पर काम करते थे। करीब चार वर्ष पहले उसकी मां दूसरी शादी कर चली गई, जबकि पिता भी बाद में लापता हो गए। इसके बाद से वह लिटला को अपने बेटे की तरह पाल रही थीं।

➤ देखें P 06

## प्रमुख पांच

**सोमवारी पर डाकबमों की उमड़ेगी भारी भीड़**

1 श्रावणी मेले में सुल्तानगंज में रविवार को डाक बमों की भारी भीड़ दिखी। ये बाबा धाम पहुंचकर भोलेनाथ को जल अर्पित करेंगे। P 10

**साइबर हमले से बचाने के लिए नियम जल्द**

2 देश में नए वाहनों के लिए सख्त साइबर सुरक्षा नियम लाने की तैयारी सरकार कर रही है। P 11

**'चायवालाज' के रोहित शर्मा ने जान दी**

3 राजस्थान के चर्चित स्टार्टअप 'चायवालाज' के संस्थापक रोहित शर्मा ने कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। P 13

**डीएनए बदलकर और घातक हो रहा कैंसर**


4 कैंसर कोशिकाएं तेजी से बढ़ने के चक्कर में अपने ही डीएनए बदल लेती है और उसे तोड़ती है। P 14

**बड़े काम के होंगे छोटे प्लास्टिक नोट**

5 दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी अनेक ऐसे देश पॉलिमर नोटों का इस्तेमाल कर रहे है, जिनकी भौगोलिक परिस्थितियां, मौसम और पर्यावरण भारत जैसे हैं। हमारे पड़ोस में भी ये प्रचलित है।



आलोक जोशी P 08




शेरघाटी निवासी कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार की हत्या से सदमे में लोग, 20 महीने से चल रहा था पुराने मकान का निर्माण

# जिस घर में गृह प्रवेश की थी तैयारी, वहां पसरा मातम

**ईओ हत्याकांड**

- हत्या से चार दिन पहले पैतृक शहर आए थे ईओ, दोस्तों और रिश्तेदारों से की थी मुलाकात
- विनम्र और मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते थे विमल, परिवार में पत्नी और दो बच्चे

**शेरघाटी, निज संवाददाता।** डालमियानगर नगरपालिका के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार की हत्या की खबर से उनका पैतृक शहर शेरघाटी गहरे सदमे में है। जिस घर को वह अपने सपनों के मुताबिक नया रूप दे रहे थे, वहां अब मातम पसरा हुआ है।

हत्या से कुछ दिन पहले तक वह अपने परिवार और रिश्तेदारों के बीच सामान्य दिनों की तरह मौजूद थे। किसी को अंदाजा नहीं था कि यह उनकी आखिरी मुलाकात साबित होगी।

पिछले शुक्रवार को विमल कुमार शेरघाटी पहुंचे थे। गोला बाजार रोड स्थित पुश्तैनी मकान के बंटवारे के बाद अपने हिस्से के पुराने घर का निर्माण कार्य देखने आए थे। देर रात तक उन्होंने दोस्तों और संबंधियों से मुलाकात की और घर के कामकाज की जानकारी लेने के बाद चालक के साथ डालमियानगर लौट गए। करीब 20 महीने से चल रहा मकान निर्माण कार्य अंतिम चरण में था। कुछ ही सप्ताह बाद गृह प्रवेश की तैयारी थी, लेकिन उससे पहले ही उनकी हत्या की खबर आ गई।

**सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहने वाले इंसान थे:** उनके निकट संबंधी सुनील कुमार अग्रवाल और मनोज अग्रवाल ने बताया कि शनिवार देर रात घटना की सूचना मिलने के बाद वे संजय अग्रवाल के साथ तत्काल सासाराम के लिए रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि विमल कुमार बेहद सरल, मिलनसार और सहयोगी स्वभाव के व्यक्ति थे। दूसरों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहने वाले विमल के साथ ऐसी घटना की किसी ने कल्पना नहीं की थी।

**पत्नी और दो बच्चे रहते हैं पटना में:** रिपोर्ट के अनुसार, एक अगस्त की रात डालमियानगर से पटना लौटने के दौरान औरंगाबाद जिले के बारुण थाना क्षेत्र के धनौती पुल के पास उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस जांच में उनके चालक मिथलेश कुमार पर हत्या का आरोप सामने आया है। विमल कुमार ने इंटर तक की पढ़ाई शेरघाटी में ही की थी। करीब 12 वर्ष पहले उनकी शादी हुई थी। उनकी पत्नी और सात व पांच वर्ष के दो बच्चे पटना में रहते हैं, जबकि दोनों भाई रांची में रहते हैं। मकान निर्माण की देखरेख कर रहे कैलाश प्रसाद ने बताया कि पिछले सप्ताह चालक के व्यवहार को लेकर उन्हें कुछ संदेह हुआ था। विमल कुमार की असमय मौत से पूरे शेरघाटी में शोक और अविश्वास का माहौल है।



शेरघाटी में ईओ विमल कुमार का घर। • हिन्दुस्तान

## चालक ने सख्ती बरतने पर जुर्म कबूला

**औरंगाबाद, हिन्दुस्तान प्रतिनिधि।** रोहतास जिला के डेहरी डालमियानगर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार की हत्या के पीछे उनके चालक मिथिलेश कुमार का ही हाथ निकला। हालांकि उसे हत्या की घटना को अंजाम देने का कोई अफसोस नहीं था। शनिवार की रात कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या के बाद शुरुआत में उसने घटना को आपराधिक वारदात की तरह प्रस्तुत करने का प्रयास किया, लेकिन जब चालक पर पुलिस पदाधिकारी को संदेह हुआ और सख्ती बरती गई तो वह टूट गया।

रविवार की सुबह ही चालक पर घटना को अंजाम देने के सबूत पुलिस को मिल गए थे और दोपहर में हत्या में प्रयुक्त लोहे के रॉड के बरामद होने के बाद इसकी पूरी तरह पुष्टि हो गई कि उसने ही घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार काम के अत्यधिक दबाव, छुट्टी नहीं मिलने और छुट्टी के दिन भी पटना जाने की वजह से चालक मिथिलेश कुमार नाराज था। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि मिथिलेश कुमार ढाई सालों से नगर परिषद की गाड़ी चला रहा था।

### फोन कर चालक ने बताया उनके पति नहीं रहे: बबीता

कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार की हुई हत्या के मामले में उनकी पत्नी बबीता कुमारी के बयान पर बारुण थाना मे प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। प्राथमिकी में बबीता कुमारी ने कहा है कि उनके पति विमल कुमार कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में डेहरी, डालमियानगर नगर परिषद में पदस्थापित हैं। 1 अगस्त को उनके मोबाइल नंबर पर गाड़ी चालक मिथिलेश कुमार ने रात्रि करीब 9:19 बजे फोन कर बताया कि उनके पति विमल कुमार अब नहीं रहे। शुरुआत में उन्हें लगा कि छोटी-मोटी चोट आई होगी लेकिन जब सुना कि उनकी सांस नहीं चल रही है तो मुझे पूरा शक हो गया कि मिथिलेश कुमार के द्वारा मेरे पति की हत्या कर दी गई। पहले भी मिथिलेश कुमार के द्वारा उनके पति की बातों को मानने से इनकार किया गया था। पति ने उसे नौकरी से हटाने की बात भी कही थी। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि उनके पति की हत्या मिथिलेश कुमार के द्वारा ही अज्ञात लोगों के साथ मिलकर कर दी गई है।

### छुट्टी के दिन भी काम लेने से नाराज था मिथिलेश

चालक के अनुसार कार्यपालक पदाधिकारी छुट्टी के दिन भी उससे काम लेते थे। परीक्षा ड्यूटी मे नही होने के बावजूद उसे गाड़ी लेकर बुला लेते थे और अलग-अलग जगह लेकर जाते थे। शेरघाटी में उनका पैतृक घर है और वहां भी वह उन्हें लेकर जाते थे। इसके अलावा कभी मोहनिया तो रविवार को छुट्टी होने पर उसे पटना लेकर चले जाते थे। उसे एक दिन की भी छुट्टी नहीं मिलती थी। कुछ दिनो पूर्व अपर समाहर्ता के यहां जमीन संबंधी मामले मे एक तारीख थी तो उसने छुट्टी मांगी लेकिन उनके द्वारा मना कर दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि वह अगली तिथि ले ले और छुट्टी नही मिलेगी। यह बात उसे काफी बुरी लगी थी।

शनिवार को दिन में भी कार्यपालक पदाधिकारी के साथ उसकी नोक झोंक हुई थी। इससे पहले भी कई बार उसकी बहस हो चुकी थी। रात में कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कार्यपालक पदाधिकारी चालक मिथिलेश कुमार को लेकर पटना के लिए रवाना हुए जिससे चालक नाराज था।

## महिला का शव गांव पहुंचते ही कोहराम

**फतेहपुर।** टनकुप्पा प्रखंड के निमादोहर गांव के अजय यादव की पत्नी चमेली देवी (40) की बाबाधाम यात्रा के दौरान रास्ते में अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। रविवार की सुबह शव गांव पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया।

पैक्स अध्यक्ष कपिल यादव ने बताया कि चमेली देवी ढिबर क्षेत्र से करीब 200 श्रद्धालुओं के समूह के साथ सुल्तानगंज से गंगाजल उठाकर देवघर रवाना होने के कुछ समय बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। सुईया के पास पहुंचते ही उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। एक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## पटना के दीघा घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

**दानापुर।** ईओ विमल कुमार का शवयात्रा में आक्रोश और चित्कार दोनों देखने को मिले। घटना से आक्रोशित परिजनों ने शवयात्रा के दौरान सरकार विरोधी नारे लगाए और सुरक्षा की मांग करते रहे।

पुलिस की मुस्तैदी में शव यात्रा रूक-रूक कर रुक-रुक कर दीघा घाट पहुंची। घाट पर विरोधी दल के नेता तेजस्वी यादव पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। सीएम हाउस जाने को आमदा परिजन को पुलिस जगह-जगह रोक रही थी। नगर विकास के सचिव रंजन चौधरी, राजेश तिवारी, नगर आयुक्त, सिटी एसपी पश्चिम, एसडीएम, एसडीपीओ बन समेत अन्य अधिकारी पहुंचे।



रविवार को शव घर पहुंचते ही दहाड़ मारकर रोतीं पत्नी बबीता और परिजन। • हिन्दुस्तान

काफी मान-मनौव्वल के बाद गोला रोड के संत कैरेंस स्कूल मोड़ से शवयात्रा करीब शाम को साढ़े छः बजे के आसपास निकली। दीघा घाट पर मांझीले भाई विजय कुमार ने मुखाग्नि दी। परिजनों में शोक है।

### ईओ की हत्या पर शेरघाटी में लोगों ने जताया शोक

**शेरघाटी।** शेरघाटी के रहने वाले डालमियानगर नगर पालिका के ईओ विमल कुमार की हत्या को लेकर शेरघाटी में उनके परिजनों, मित्रों और विभिन्न संगठनों के लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। पाठक अवगत है कि ईओ विमल कुमार की औरंगाबाद जिले के बारून थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गई थी। बिहार के पूर्व मंत्री और जदयू के वरीय नेता विनोद प्रसाद यादव ने कहा है कि विमल प्रसाद एक मिलनसार स्वभाव के और अतुलनीय प्रशासक थे। भाजपा के गया जिला अध्यक्ष चिंटू सिंह ने भी कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या को लेकर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## दिल में छेद से पीड़ित बच्चे पटना भेजे गए

**गया जी।** मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत दिल में छेद (जन्मजात हृदय रोग) और अन्य गंभीर हृदय रोगों से पीड़ित बच्चों को बेहतर इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग अभियान चला रहा है। गया जिले से 10 बच्चों को जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल पटना भेजा गया। रविवार को निःशुल्क जांच शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उनकी स्वास्थ्य जांच की।

**इन प्रखंडों के हैं बच्चे :** डीपीएम नीलेश कुमार ने बताया कि मानपुर और गुरारू प्रखंड से दो-दो, फतेहपुर, सदर, खिजरसराय, परैया, वजीरगंज और मोहनपुर प्रखंड से एक-एक का इलाज कराया गया।

## ग्रामीण चिकित्सक समाज के सच्चे सेवक हैं : डॉ. प्रेम

- सम्मान और पहचान दिलाने के लिए किया जा रहा प्रयास

**गया जी, निज संवाददाता।** ग्रामीण चिकित्सक समाज के सच्चे सेवक हैं और उनकी मांगें न्यायसंगत हैं। उक्त बातें रविवार को ग्रामीण चिकित्सा सेवा समन्वय समिति के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्रामीण चिकित्सकों की समस्याओं और मांगों को सरकार तक पहुंचाकर उनके समाधान का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी लंबित मांगें जल्द पूरी होंगी। हरिदास सेमिनरी ऑडिटोरियम में आयोजित विजय उत्सव महासम्मेलन में चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एलबी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। गुरुआ विधायक डॉ. उपेंद्र प्रसाद, बेलागंज विधायक मनोरमा देवी और चंदन कुशवाहा, ज्योति दांगी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि डॉ. एलबी सिंह ने कहा कि ग्रामीण चिकित्सकों को सम्मान और पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया

- वीसी के साथ विस अध्यक्ष, मंत्री, सांसद और डीएम ने किया सामूहिक अवलोकन
- परिवार, शिक्षण संस्थानों और समाज की साझा जिम्मेदारी पर दिया जोर

**टिकारी, निज संवाददाता।** दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' के लाइव प्रसारण का सामूहिक रूप से अवलोकन किया गया।

कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शन में विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार के साथ कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा विकसित भारत-2047 के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, औरंगाबाद के सांसद अभय कुशवाहा, विधान पार्षद जीवन कुमार, डीएम शशांक शुभंकर, विवि के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शोधार्थियों ने भाग लिया।



सीयूएसबी में कार्यक्रम में शामिल विस अध्यक्ष, मंत्री, सांसद और डीएम।

**विकसित भारत के लिए युवाओं को जागरूक रहना होगा: गया जी।** गया कॉलेज में रविवार को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 'नशा मुक्ति युवा फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारत सरकार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित किया गया। देशभर के चयनित 125 शिक्षण संस्थानों में से एक गया कॉलेज में भी आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाइव जुड़े। छात्रों से संवाद किया।

## कलश स्थापना को निकली शोभायात्रा

**गया जी, निज प्रतिनिधि।** शहर के रमना स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में रविवार को आस्था व उमंग के बीच चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह का आयोजन हुआ। जैन परंपरानुसार सुबह साढ़े छह बजे से अनुष्ठान की शुरुआत हुई। समाज की पांच महिलाओं ने कलश पूजन, मंगलाष्टक, दिगबंधन, अभिषेक, शांतिधारा पाठ, पाद प्रक्षालन और शास्त्र भेंट के पश्चात श्रीफल अर्पित कर मंगल कलश की स्थापना की गई।

इसके बाद मंदिर से सुबह साढ़े सात बजे गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा रमना जैन मंदिर से शुरू होकर लोहा पट्टी, जीबी रोड, कोतवाली मोड़, केपी रोड, पनदरिवां और रमना रोड होते हुए वापस जैन मंदिर लौ आई। मंदिर में आर्यिका 105 अंतरमती माता जी के मंत्रोच्चारण से पवित्र जल से विनायक यंत्र का महाअभिषेक कराया गया। मंदिर शिखर पर णमोकार मंत्र के दिव्य घोष के बीच ध्वजारोहण किया गया। अभय कुमार जैन, रितेश जैन व पियूष काला ने ध्वजारोहण किया। दोपहर बाद चातुर्मास कलश स्थापना की शुरुआत मंगलारण नृत्य के साथ हुई।



शहर के रमना जैन मंदिर में चातुर्मास कलश स्थापना के लिए रविवार को निकाली गई शोभायात्रा में शामिल जैन समाज की महिलाएं। • हिन्दुस्तान

## टैगिंग में गड़बड़ी करने पर दो उर्वरक लाइसेंस निलंबित

- मां मंगला ट्रेडर्स व किसान सेवा केंद्र पर कार्रवाई हुई

**गया जी, हिन्दुस्तान संवाददाता।** किसानों को यूरिया एवं डीएपी उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए जिला कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। यूरिया एवं डीएपी के साथ अन्य उत्पादों की अनिवार्य टैगिंग की शिकायतों के बाद मां मंगला ट्रेडर्स, गया तथा किसान सेवा केंद्र, मानपुर के थोक उर्वरक लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं।

वहीं वजीरगंज स्थित लोहानी ट्रेडर्स की उर्वरक बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। डीएम शशांक शुभंकर के निर्देश पर जिला कृषि विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। जिला कृषि पदाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि मामले की समीक्षा के बाद हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड, मैटिक्स फर्टिलाइजर्स लिमिटेड तथा इंडोरामा इंडिया लिमिटेड से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। पूर्व में मैटिक्स फर्टिलाइजर्स और ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर्स कॉरपोरेशन के विरुद्ध भी सरकार को कार्रवाई के लिए लिखा जा चुका है।

## कूड़ा नहीं उठने से स्थिति नारकीय

- चार दिनों से हड़ताल पर हैं निगम के तीन हजार से अधिक कर्मचारी
- हड़ताल के चौथे दिन भी नहीं निकली कचरा उठाने वाली गाड़ियां

**गया जी, निज संवाददाता।** राजव्यापी हड़ताल के समर्थन में गया नगर निगम के सफाई कर्मियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही। रविवार को भी नगर निगम की कचरा उठाने वाली गाड़ियां शहर की सड़कों पर नहीं उतर सकीं। सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित है। सड़कों से कूड़ा का उठान नहीं होने से शहर की स्थिति नारकीय हो गई है।

शहर के डेल्हा, खरखुरा, नई गोदाम, माड़नपुर, नई गोदाम, जीबी रोड सहित विभिन्न मोहल्लों, बाजारों और प्रमुख सड़कों पर कचरे का अंबार लगा है। नालियों की नियमित सफाई भी बंद है। कहीं-कहीं नालियों का पानी सड़क पर बह रहा है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। नगर निगम के करीब तीन हजार से अधिक कर्मचारी गुरुवार से हड़ताल पर हैं। इसके कारण डोर-टू-डोर कचरा उठाव पूरी तरह ठप है। कई इलाकों में लोगों को घरों में ही कचरा जमा कर रखना पड़ रहा है, जिससे दुर्गंध फैलने लगी है।

### सफाई कर्मियों की हड़ताल का शीघ्र समाधान हो: डॉ. प्रेम

**गया जी।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को गया जी सहित राज्यभर में नगर निगम के सफाई कर्मियों की हड़ताल से उत्पन्न स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से इसका शीघ्र समाधान निकालने की अपील की है। उन्होंने नगर विकास और आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा से दूरभाष पर बातचीत कर हड़ताल के कारण आम लोगों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सफाई कर्मियों के आंदोलन के कारण शहरी क्षेत्रों में नियमित सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। उन्होंने मंत्री नीतीश मिश्रा से आग्रह किया कि सफाई कर्मियों की जायज समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर आंदोलन समाप्त कराने के लिए सकारात्मक पहल की जाए।

## शहर 30s



दिल्ली पब्लिक स्कूल में बैडमिंटन चैंपियनशिप के विजेता को पुरस्कृत करते अतिथि।

### बैडमिंटन: डीपीएस बना ओवरऑल चैंपियन

**गया जी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, गया ने सीबीएसई क्लस्टर-III (बिहार व झारखंड) बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026-27 का ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। विद्यालय परिसर में रविवार को आयोजित भव्य समारोह के साथ तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता मे बिहार और झारखंड के 73 सीबीएसई विद्यालयों के लगभग 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सिटी एसपी अभिनव सिंह शामिल हुए। प्रतियोगिता में डीपीएस गया ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।

### मदर प्राइड में पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश



मदर प्राइड स्कूल में आयोजित पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में शामिल बच्चे।

**गया जी।** शहर के चाणक्यपुरी में स्थित मदर प्राइड में विशेष पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक विनीत कुमार, सचिव रजनीश कुमार झुन्ना, व्यवस्थापक मीरा कुमारी व प्राचार्य मध्यमेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर प्री-नर्सरी (प्रेप), एलकेजी, यूकेजी से लेकर कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियो ने पूरे उत्साह, उमंग व रचनात्मकता के साथ भाग लेते हुए हरियाली, स्वच्छता और प्रकृति संरक्षण का प्रभावशाली संदेश दिया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल संरक्षण करने, स्वच्छ व हरित वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया।

### बुलियन एसो. के मनोज रौशन कोषाध्यक्ष बने



बुलियन एसोसिएशन के कार्यालय में रविवार को चुनाव के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

**गया जी।** शहर के लहेरिया टोला स्थित बुलियन सेवा सदन में रविवार को बुलियन एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में सिर्फ कोषाध्यक्ष पद के चुनाव हुआ। चुनाव में मनोज कुमार रौशन उर्फ बबलू एक मात्र प्रतिद्वंद्वी पवन कुमार बरनवाल को हराकर कोषाध्यक्ष पद पर काबिज हुए। मनोज रौशन को 136 और पवन बरनवाल को मात्र 20 मत पड़े। चुनाव पदाधिकारी अमित सोनी, उज्ज्वल कुमार, सुरेश पाटिल व विजय कुमार वर्मा की देखरेख में चुनाव हुआ। इसकी जानकारी चुनाव अधिकारी राजेश कुमार ने ने दी।

### राज्यसभा सांसद ने किया चन्द्रवंशी चौपाल का उद्घाटन

**बांकेबाजार।** प्रखंड की परसावांखुर्द पंचायत में शनिवार को राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह ने फीता काटकर चन्द्रवंशी चौपाल का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीणों का स्नेह और विश्वास उन्हें लगातार जनसेवा के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा युवा नेता अक्षय कुमार चन्द्रवंशी ने की। समारोह में मुखिया उषा कुमारी भी शामिल थीं।

### चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान गिरा युवक, गंभीर

**वजीरगंज।** गया-किऊल रेलखंड के करजरा स्टेशन पर रविवार रात चलती गया-झाझा पैसेंजर ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक व्यक्ति गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्टेशन मास्टर विकास चौधरी ने बताया कि ट्रेन खुलने के समय संतुलन बिगड़ने से हादसा हुआ। घटना के बाद ट्रेन करीब 50 मिनट तक स्टेशन पर रुकी रही। डायल 112 पुलिस ने घायल को मगध मेडिकल पहुचाया।

### संपत्ति हड़पने की नीयत से दंपती से मारपीट

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सनौत गांव में रविवार को निसंतान दंपति के साथ मारपीट का मामला सामने आया। पीड़ित रमाकांत सिंह और उनकी पत्नी बिमला देवी ने थाना पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। बिमला देवी ने आरोप लगाया कि संपत्ति हड़पने की नीयत से परिवार के लोगों ने उनके साथ मारपीट की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पति की दूसरी पत्नी की पहले हत्या कर दी गई थी। रविवार को भी जान से मारने की नीयत से हमला किया गया।

**डॉक्टर की सलाह** | पर्याप्त पानी पीने से पथरी पेशाब के रास्ते बाहर निकल सकती है, कैल्शियम या अन्य कोई भी दवा अपनी मर्जी से नहीं लेनी चाहिए

## उच्च रक्तचाप, मधुमेह के मरीज साल में एक बार किडनी की जांच कराएं

**पटना, मुख्य संवाददाता।** उच्च रक्तचाप और मधुमेह के मरीजों को साल में एक बार किडनी की जांच जरूर करानी चाहिए। यदि किडनी में पांच एमएम से छोटी पथरी है, तो रोजाना तीन से साढ़े तीन लीटर पानी पीना चाहिए। नियमित रूप से पर्याप्त पानी पीने से पथरी पेशाब के रास्ते बाहर निकल सकती है। इसके अलावा बैंगन, टमाटर जैसी बीज वाली सब्जियों का सीमित सेवन करने से बार-बार पथरी बनने की आशंका कम होती है। ये बातें रविवार को एनएमसीएच और बिग अपोलो की किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. खुशबू रानी ने कहीं। वे हिन्दुस्तान कार्यालय में आयोजित डॉक्टर की सलाह कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से फोन पर पाठकों के सवाल का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि किडनी संबंधी बीमारियां साइलेंट किलर की तरह होती हैं। शुरुआती चरण में इनके लक्षण स्पष्ट नहीं दिखते। जब बीमारी का असर किडनी के साथ शरीर के अन्य अंगों पर पड़ने लगता है, तब इसका पता चलता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को हाई ब्लड प्रेशर या डायबिटीज है, तो उसे हमेशा नियंत्रित रखना चाहिए, क्योंकि इन दोनों बीमारियों का सबसे पहले असर किडनी पर पड़ता है।



डॉ. खुशबू रानी, एनएमसीएच और बिग अपोलो की किडनी रोग विशेषज्ञ

**सवाल :** किडनी ट्रांसप्लांट करवाया था। दो महीने से बुखार आ रहा है। (आरा से जितेंद्र श्रीवास्तव)

**जवाब :** किडनी ट्रांसप्लांट के बाद लंबे समय तक दवाएं लेनी पड़ती हैं। इन दवाओं के कारण फंगल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा वायरल बुखार भी हो सकता है। इसलिए आवश्यक जांच कराएं, ताकि सही कारण का पता चल सके।

**सवाल :** चार साल पहले बाइपास सर्जरी हुई थी। पेशाब रुक-रुक कर आता है। (छपरा से प्रशांत कुमार)

**जवाब :** सबसे पहले यूरिन की जांच कराएं। पेशाब रुक-रुक कर आने के कई कारण हो सकते हैं। हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज के कारण भी यह समस्या हो सकती है। कई बार हृदय संबंधी बीमारी या प्रोटीन लीक होने की वजह से भी ऐसी परेशानी होती है।

**सवाल :** छह महीने से पेट में दर्द है। अल्ट्रासाउंड में दो एमएम की किडनी स्टोन निकली है। (गयाजी से अनिल)

**जवाब :** रोजाना तीन से साढ़े तीन लीटर पानी पिएं। इतनी छोटी पथरी पेशाब के रास्ते निकल सकती है। साथ ही समय-समय पर यूरिन की जांच कराते रहें। अधिक नमक और बीज वाली सब्जियों के सेवन से बचें।

**सवाल :** तीन साल से किडनी में पथरी है। अब उसका आकार 18 एमएम से अधिक है। (अरवल से ओम प्रकाश)

**जवाब :** अब ऑपरेशन ही एकमात्र विकल्प है। आपको इतना इंतजार नहीं करना चाहिए था। जल्द ऑपरेशन कराएं, क्योंकि अधिक समय तक पथरी रहने से नुकसान पहुंच सकता है।

**सवाल :** पेशाब करते समय तेज जलन होती है और पेशाब धीरे-धीरे आता है। (गयाजी से समदर्शी कुमार)

**जवाब :** बढ़ती उम्र के साथ पुरुषों में प्रोस्टेट ग्रंथि का आकार बढ़ने लगता है। इसकी वजह से ऐसी समस्या हो सकती है। एक बार अल्ट्रासाउंड कराएं, ताकि सही कारण का पता चल सके।

### अन्य महत्वपूर्ण सलाह

- संतुलित, स्वस्थ खानपान अपनाएं।
- किडनी में पथरी होने पर अधिक तेल और नमक वाले खाद्य पदार्थों से बचें।
- डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर को हमेशा नियंत्रित रखें, क्योंकि इनका सबसे अधिक असर किडनी पर पड़ता है।

### इन्होंने भी पूछे सवाल

पटना से जितेंद्र कुमार, गया से नेहा कुमारी, सीतामढ़ी से नीलम देवी, दरभंगा से राजेंद्र ठाकुर, बोरिंग रोड (पटना) से शकुंतला सिंह, पूर्वी चंपारण से राजा कुमार, मोतिहारी से श्री नारायण, भागलपुर से मुरलीधर तथा पटना से अब्दुल कलाम आजाद।

## सिमुआरा स्कूल मामले में बीईओ से मांगा जवाब

- एमडीएम प्रभारी और प्रधानाध्यापक भी तलब
- एसडीएम की सख्त कार्रवाई के बाद हड़कंप

**टिकारी, निज संवाददाता।** मध्य विद्यालय सिमुआरा में शिक्षकों की अनुपस्थिति, खराब शैक्षणिक व्यवस्था, मध्याह्न भोजन में अनियमितता, बिजली, पानी, शौचालय और साफ-सफाई की बदहाल स्थिति को गंभीरता से लेते हुए बीईओ, एमडीएम प्रभारी और स्कूल के प्रधानाध्यापक से जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर वरीय अधिकारियों को कार्रवाई की अनुशंसा करने की चेतावनी दी गई है।

एसडीएम प्रवीण कुंदन की ओर से जारी पत्र के अनुसार, 28 जुलाई को विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर शिकायत की थी। शिकायत के बाद एसडीएम ने विद्यालय का निरीक्षण किया, जिसमें कई खामियां सामने आईं। शो-कॉज नोटिस में कहा गया है कि विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप विद्यालयों का संचालन नहीं हो रहा है। स्कूल में साफ-सफाई की स्थिति भी अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। एसडीएम ने कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि बीईओ और एमडीएम प्रभारी द्वारा विद्यालयों का नियमित निरीक्षण नहीं किया जा रहा है। बीईओ की दायित्वों के प्रति लापरवाही की वजह से छात्र-छात्राएं सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से वंचित हो रहे हैं।

www.livehindustan.com
बिहार का नं. 1 अखबार
# हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
1936 सत्य • सार्थक • संदेश
सोमवार
3 अगस्त 2026, श्रावण कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम सम्वत् 2083, पटना
• पांच प्रदेश • 23 संस्करण


बुमराह घुटने की चोट के कारण श्रीलंका दौरे से बाहर हुए
P-12

'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प' अभियान कार्यक्रम में जुड़े मुख्यमंत्री

# गांव-शहर में नशा मुक्ति अभियान चलेगा : सीएम

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य के सभी गांव, शहर, विद्यालय, महाविद्यालय और युवाओं तक व्यापक स्तर पर नशामुक्ति अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने प्रदेश के युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहने का संकल्प लें और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जनभागीदारी और युवा शक्ति के माध्यम से नशामुक्त बिहार और नशामुक्त भारत का निर्माण करते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने रविवार को लोक भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प' अभियान के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली से इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर सम्राट चौधरी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज ने भारत सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर कर नशामुक्ति का अभियान शुरू किया है। हम चाहते है कि बिहार सरकार के साथ भी यह एमओयू हो और राज्यव्यापी कार्यक्रम हो। नशामुक्ति केवल सरकार या कानून के स्तर पर सफल नहीं हो सकती। सरकार कानून बना सकती है, लेकिन, उसका प्रभावी अनुपालन और सामाजिक स्वीकार्यता जनता की सहभागिता से ही संभव है। इसलिए नशे के खिलाफ व्यापक जन-जागरण अभियान चलाने और विशेष रूप से युवाओं को इससे जोड़ने की आवश्यकता है। सीएम ने कहा कि शराबबंदी के बाद कुछ लोग इसका सेवन करने के लिए झारखंड और पश्चिम बंगाल जाते हैं। हो सकता है कि छुप-छुपाकर कुछ लोग राज्य में शराब का सेवन कर लेते होंगे। पर, सार्वजनिक स्थल पर पूर्ण शराबबंदी लागू है। इसका फायदा लोगों को मिल रहा है, महिलाओं पर अत्याचार खत्म हुआ है। शराबबंदी से राजस्व का नुकसान है, पर राज्य सरकार बिहार की आर्थिक क्षमता को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक सुधारों को भी समान प्राथमिकता दे रही है। जीएसटी व्यवस्था लागू होने के बाद बिहार जैसे उपभोक्ता राज्यों को इसका लाभ मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि शराब की बिक्री से यूपी को 70 हजार करोड़, दिल्ली को 40 हजार करोड़, पश्चिम बंगाल को 50 हजार करोड़ और झारखंड को 25 हजार करोड़ का राजस्व आता है। इस अवसर पर राज्यपाल सय्यद अता हसनैन, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।


मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) सय्यद अता हसनैन ने रविवार को लोक भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प' अभियान के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंट करतीं ब्रह्माकुमारी की दीदी।

- कहा- शराबबंदी का प्रभावी अनुपालन जनता की सहभागिता से ही संभव
- आह्वान-युवा नशे से स्वयं दूर रहें, मित्र, परिवार के लोगों को भी प्रेरित करें

### पूर्ण शराबबंदी से सकारात्मक बदलाव आया

मुख्यमंत्री ने बिहार में नशामुक्ति की दिशा में किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2016 में बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू की गई। आज इसके सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे है। शराबबंदी से विशेष रूप से महिलाओं और परिवारों को लाभ हुआ है तथा सामाजिक वातावरण में सकारात्मक बदलाव आया है।

> संबंधित खबर P 13

# राहत : अमेरिका ने ईरान पर हमले फिर टाले

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान पर प्रस्तावित हमला फिलहाल टाल दिया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया के सहयोगी देशों ने युद्ध को समाप्त करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा पर सहमति बना ली है। ट्रंप ने शनिवार शाम को एक पोस्ट में कहा कि इस समझौते में होर्मुज को तत्काल और पूरी तरह खोलना तथा ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना शामिल है। उन्होंने कहा कि मैंने दुनिया के भविष्य के हित में और एक सफल एवं समृद्ध ईरान के अस्तित्व को ध्यान में रखते हुए फिलहाल हमलों को रोकने पर सहमति दी है, बशर्ते कि शीघ्र ही कोई समझौता हो सके। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि अमेरिका ईरान के खिलाफ द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के सबसे बड़े स्तर की सैन्य कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार था, लेकिन ईरान और अन्य मध्य-पूर्वी देशों की ओर से हमले को रोकने का अनुरोध किया गया। इससे पहले सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रंप से फोन पर बात कर ईरान के साथ संघर्ष को और न बढ़ाने की अपील की। सऊदी नेतृत्व को आशंका है कि यदि अमेरिका ईरान के ऊर्जा प्रतिष्ठानों या अन्य प्रमुख बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमले करता है, तो तेहरान जवाबी कार्रवाई में सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के ऊर्जा ढांचे को निशाना बना सकता है।



- ट्रंप ने कहा, होर्मुज को तत्काल और पूरी तरह खोलना ही होगा
- सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस ने हमले न करने की अपील की थी

### इजरायल भी इसमें शामिल

ट्रंप ने कहा कि इजरायल भी युद्ध समाप्त करने के लिए युद्धविराम समझौते को लागू करने की उनकी प्रतिबद्धता में शामिल हो गया है। हालांकि, इजरायल ने ट्रंप की इस घोषणा पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है।

### प्रस्ताव में क्या-क्या है?

एक अधिकारी ने कहा कि पिछले सप्ताह ट्रंप द्वारा घोषित प्रस्ताव के तहत अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता फिर से शुरू करने तथा उन अनेक लंबित मुद्दों पर बातचीत जारी रखने की बात कही गई है, जिनके कारण पहले किसी समझौते पर प्रगति नहीं हो सकी थी। अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि अभी तक कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है, लेकिन मध्यस्थता के प्रयास जारी हैं।

### ईरान सतर्क और सजग

ईरान के रक्षा मंत्री ने एक्स पर कहा कि ट्रंप की हालिया घोषणा से ईरान न तो हैरान है और न ही ढिलाई बरत रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका से मिलने वाली धमकियों के मद्देनजर ईरान पूरी तरह सतर्क और सजग बना हुआ है।

## ईपीएफओ : पीएफ की रकम 24 से 48 घंटे में मिलेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईपीएफओ ने पीएफ निकासी में बड़ी राहत देने जा रहा है। संगठन का कहना है कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद नए पीएफ निकासी दावों का निपटारा उसी दिन या 24 से 48 घंटे के में कर दिया जाएगा। इसके साथ ही ईपीएफओ जल्द ही यूपीआई के जरिए सीधे बैंक खाते में पीएफ की राशि भेजने की सुविधा शुरू कर देगा।

ईपीएफओ के अनुसार, नई व्यवस्था में करीब 90% दावों का स्वतः निपटारा हो रहा है। इससे सदस्यों को क्लेम के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अभी तक ईपीएफओ में ऑनलाइन दावे, केवाईसी पूरी होने के बाद सामान्य तौर पर सात से दस कार्य दिवस में निपटाए जाते हैं।

# बांका : खेतों में काम कर रहे किसान मजदूरों पर वज्रपात, छह की गई जान

**बांका/जमुई/कटिहार, हिटी।** प्रदेश के पूर्वी बिहार और सीमांचल में रविवार दोपहर तेज बारिश के दौरान वज्रपात से बांका में पिता-पुत्र समेत छह लोगों की मौत हो गई। वहीं, आठ लोग झुलस गए। सभी खेतों में धान रोपाई अथवा कृषि कार्य के दौरान वज्रपात की चपेट में आए। दूसरी ओर, जमुई और कटिहार में किशोर समेत दो लोगों की जान गई।

बांका प्रखंड के खावा गांव में खेत में काम कर रहे ब्रह्मदेव यादव (35 वर्ष) अपने बच्चों को किनारे बिठाकर खुद खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान वज्रपात से ब्रह्मदेव और उनके पांच वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार की मौत हो गई। वहीं गोलहुआ गांव में खेत में कार्य कर रहे किसान इनोद यादव (35 वर्ष) की वज्रपात से मौत हो गई। लीलाबरन गांव में धान रोपाई कर रहीं सरिता देवी (30 वर्ष) की भी आकाशीय बिजली गिरने से जान गई। बाराहाट प्रखंड के डफरपुर गांव निवासी मजदूर साधु तांती (55 वर्ष) खेत में कार्य करने के दौरान वज्रपात की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। अमरपुर के सलेमपुर गांव में धान रोपाई कर रहे अजय महतो (35 वर्ष) की भी वज्रपात से मौत हो गई। वहीं रजौन तथा चांदन प्रखंड के आनंदपुर क्षेत्र में आठ लोग गंभीर रूप से झुलस गए।

उधर, जमुई के चकाई प्रखंड की परांची पंचायत के कोकहरा गांव में ठनका से उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोकहरा के टोला सेवक प्रकाश तुरी (36 वर्ष) की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी पत्नी गुड़िया देवी गंभीर रूप से झुलस गईं। वहीं, कटिहार की बैरिया पंचायत के सोलकंधा में लक्ष्मण सिंह (14 वर्ष) की मौत हो गई।



**02** लोगों की मौत हुई जमुई, कटिहार में किशोर समेत ठनका गिरने से

- मृतकों में पिता और पांच वर्ष का पुत्र भी शामिल, 8 लोग गंभीर रूप से झुलसे

## इंडोनेशिया में पोत में आग, पांच की मौत 41 लोग लापता

**सुराबाया, एजेंसी।** इंडोनेशिया में रविवार को समुद्र में एक छोटे पोत (फेरी) पर भीषण आग लग गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और 41 लोग लापता हैं।

हादसे के वक्त पोत पर चालक दल समेत 271 लोग सवार थे, जिनमें से 225 लोगों को बचा लिया गया। ये पोत पूर्वी जावा के सुराबाया से दक्षिण सुलावेसी के मकासर जा रहा था, उसी समय पोत में आग लगने का पता चला। इसके कप्तान ने संबंधित कंपनी को फोन कर इसकी सूचना दी।

# सांसद पप्पू यादव पर हमले की कोशिश

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव पर दिल्ली के तिलक मार्ग स्थित सरकारी आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जानलेवा हमले की कोशिश की गई। हालांकि, पुलिस के अनुसार हमलावर ने चप्पल फेंकने की कोशिश की थी। मौके से चाकू भी बरामद हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है। पूरा घटनाक्रम कैमरे में कैद हो गया। पुलिस ने मुख्य हमलावर और उसके साथी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि हमलावर की पहचान 34 वर्षीय सुमित सहपानी के तौर पर हुई है। वह बुलंदशहर का रहने वाला है और गाजियाबाद में लोहे की दुकान में काम करता है। उस पर कोई केस दर्ज नहीं हैं। कॉन्फ्रेंस के दौरान पप्पू ने अपनी बात शुरू की, तभी सामने बैठे युवक ने उन्हें टोकना शुरू कर दिया। युवक ने सांसद की तरफ कुछ उछाला। इसके बाद वहां मौजूद सांसद के समर्थकों ने हमलावर को अपनी तरफ खींच लिया और पिटाई शुरू कर दी। पप्पू यादव और पुलिसकर्मियों ने युवक को बचाने की कोशिश की।


अपने समर्थकों के आक्रोश से हमलावर को बचाते सांसद पप्पू यादव।

- पप्पू यादव और समर्थकों ने चाकू से हमले की कोशिश का दावा किया

## पीओके में बर्बरता जारी, फायरिंग में तीन की मौत

**मुजफ्फराबाद, एजेंसी।** पीओके में पाक प्रशासन व सुरक्षा बलों द्वारा नागरिकों पर बर्बरता का सिलसिला जारी है। मुजफ्फराबाद में दूसरे चरण के चुनाव से ठीक पहले प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच भीषण झड़प हुई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और सात घायल हैं।

प्रदर्शनकारी चुनाव का बहिष्कार करने की मांग को लेकर पिछले दो माह से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। शनिवार को मुजफ्फराबाद की सड़कों पर जली गाड़ियां, पत्थरों से पटे रास्ते और भारी सुरक्षा बलों की तैनाती दिखाई दी। सुरक्षाकर्मियों ने इलाके में कई स्थानों पर आम नागरिकों पर गोलियां बरसाईं, जिससे छह-सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। देर रात स्थानीय लोगों ने मृतकों के लिए जनाजे की नमाज भी अदा की। गोलीबारी के बाद से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया है।

- हिंसक झड़पों के बाद जबरदस्त प्रदर्शन
- छह-सात लोग गंभीर रूप से घायल

## भारत का गलत नक्शा देख मुक्केबाज लवलीना भड़कीं

**ग्लासगो / नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉमनवेल्थ गेम्स में जीत का जश्न मना रही मुक्केबाजी टीम का माहौल उस वक्त बिगड़ गया, जब रविवार को ग्लासगो के रेस्टोरेंट में ब्रांडिंग पर भारत का नक्शा गलत नजर आया। नक्शे से पूर्वोत्तर भारत के गायब होने पर रजत पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना ने दुख और कड़ी आपत्ति जताई।

भारतीय बॉक्सिंग टीम के 10 पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद ग्लासगो के भारतीय रेस्तरां में पार्टी आयोजित की गई थी। इस दौरान लवलीना की नजर रेस्टोरेंट के नैपकिन और अन्य ब्रांडिंग में इस्तेमाल किए गए भारत के नक्शे पर गई।

लवलीना ने कहा कि भारत के नक्शे से पूर्वोत्तर गायब है। रेस्टोरेंट के बाहर जो नक्शा लगाया गया है, उसमें भी पूर्वोत्तर राज्य नहीं दिखाए गए हैं।


पूर्वोत्तर के राज्य न दिखाने पर खिलाड़ी ने आपत्ति जताई

**कुछ अलग** | तत्कालीन विधायक, कुलपति, डीएम और डीडीसी सहित बड़े पदाधिकारी के मामले लगभग बंद

# भ्रष्टाचार के केस में साक्ष्य नहीं जुटा पा रही जांच एजेंसी

■ सुमित

**पटना।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ दर्ज करीब आठ फीसदी मामलों में आरोपियों पर अभियोग (केस) चलाने लायक पर्याप्त सबूत नहीं हैं। इनमें तत्कालीन विधायक से लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति, डीएम, डीडीसी, डिप्टी कलेक्टर, बीडीओ, सीओ सहित विभिन्न विभागों के बड़े पदाधिकारी शामिल हैं।

जांच एजेंसी का मानना है कि पद के भ्रष्ट दुरुपयोग (एओपीए), आय से अधिक संपत्ति (डीए) और ट्रैप के इन मामलों में इतने तथ्य नहीं हैं कि अदालत में आरोपी का अपराध साबित किया जा सके। ऐसे में उनका केस लगभग बंद पड़ा है। संभावना है कि अदालत इन मामलों को खारिज कर दे या निगरानी खुद ही अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दे।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने 20 जुलाई 2026 को सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव को लिखे पत्र में इसकी जानकारी दी है। पत्र के मुताबिक कुल 5136 मुकदमों में से 396 में सजा दिलाने लायक पर्याप्त सबूत का अभाव है। उदाहरण के तौर पर 2013 में मुजफ्फरपुर में तत्कालीन विधायक बिजेंद्र चौधरी सहित 33 वार्ड पार्षदों पर पद के भ्रष्ट दुरुपयोग का मामला दर्ज हुआ था। अप्रैल 2015 में चार्जशीट भी दाखिल हो गयी। लेकिन, अब इस मामले में केस चलाने लायक पर्याप्त सबूत नहीं है।



**08** % मामलों में आरोपियों पर मुकदमा चलाने लायक पर्याप्त सबूत नहीं

- निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने सभी विभागों के सचिव को लिखे पत्र में दी जानकारी

### अभियोजन का पक्ष काफी कमजोर

2015 में मगध विवि के तत्कालीन कुलपति डीके यादव, पूर्व कुलपति अरुण कुमार और 10 प्राचार्य सहित 26 पदाधिकारी पर दर्ज मामले और 2016 में जेपी विवि के तत्कालीन रजिस्ट्रार डॉ अशोक कुमार, परीक्षा नियंत्रक गोपाल प्रसाद आर्या, प्रॉक्टर उमाशंकर यादव पर दर्ज मामले में भी अभियोजन का पक्ष कमजोर है। मधेपुरा के तत्कालीन डीएम हेमचंद्र झा पर दर्ज एओपीए केस बंद होने पर है। किशनगंज के तत्कालीन डीएम आदित्य दास पर अभियोजन स्वीकृति ही रद्द कर दी गयी है।

विज्ञापन

# नमस्ते गया जी

## नमस्ते इंडिया के दुग्ध उत्पाद अब गया जी में लांच

**गया जी** की सुबह अब और भी खास होने वाली है। देश की प्रतिष्ठित डेयरी कंपनी 'नमस्ते इंडिया' (जो कि RSPL ग्रुप का हिस्सा है) ने गया जी के बाजार में अपने सभी दूध, दही, लस्सी के वैरियंट्स लांच कर दिए है। नमस्ते इंडिया के उत्पाद विशेष रुप से क्वालिटी और शुद्धता को प्राथमिकता देने वाले उपभोक्ताओं की पहली पसंद बनने वाला है।

**किसानो से किचन तक का सफर**

नमस्ते इंडिया की सबसे बड़ी खूबी इसकी 'डायरेक्ट सोर्सिंग' है। बिना किसी बिचौलिए, बिहार के स्थानीय किसानों से सीधे दूध एकत्रित किया जाता है। पटना के बिहटा में स्थित कंपनी का अत्याधुनिक और पूर्णतया ऑटोमेटिक प्लांट यह सुनिश्चित करता है की दूध की ताजगी और प्राकृतिक गुण बना रहे।

**कुदरती गाढ़ा और मलाईदार**

बिहार के खानपान में दूध का गाढ़ापन और उसकी मलाई, गुणवत्ता की असली पहचान मानी जाती है। नमस्ते इंडिया दूध के सभी वैरियंट सुरक्षित और अच्छे है जिससे न केवल पीने में भरपूर स्वाद मिलता है बल्कि इससे बनने वाली चाय, कॉफी, खीर, मिठाईयां भी बेहद लज़ीज़ होती है।

**विश्व स्तरीय गुणवत्ता मानक**

नमस्ते इंडिया 'जिद की हद तक' गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्ध है। प्लांट में दूध पहुँचने से लेकर पैकेजिंग तक, इसे कड़े मल्टीलेवल क्वालिटी टेस्टिंग और अंतर्राष्ट्रीय मानकों से गुजरना पड़ता है। यही कारण है कि नमस्ते इंडिया दुग्ध उत्पाद न केवल स्वाद में अव्वल है, बल्कि स्वास्थ्य और सेहत के लिए भी पूरी तरह सुरक्षित है।

**गुणवत्ता का आधार**

ताज़गी, शुद्धता और स्वाद को अपनी सफलता का सबसे बड़ा रणनीतिक आधार मानते हुए नमस्ते इंडिया ने लांच से पहले अपने दुग्ध संग्रहण केंद्रो का एक बड़ा नेटवर्क बिहार के विभिन्न क्षेत्रो के गांव में तैयार किया है। इन्हीं दुग्ध संग्रहण केंद्रो से दूध इकट्ठा कर उपभोक्ताओं तक उत्कृट क्वालिटी का शुद्ध दूध व दूध से बने अन्य उत्पाद जैसे दही, लस्सी, छाछ इत्यादि पहुँचाए जायेंगे।




हमारा उद्देश्य बदलते और बेहतर होते बिहार में बेहतरीन उत्पाद हर घर तक पहुँचाना है, जो कभी गाँवों में मिलता था।

**-नमस्ते इंडिया प्रबंधन**

आज ही अपने नजदीकी रिटेलर से 'नमस्ते इंडिया दूध लाएं और उसका प्रयोग कर बेहतरीन उत्पाद के लिए हमारे आदरणीय उपभोक्ता बनें।

**ट्रायल ऑफर**

FCM Gold, शक्ति प्लस, Cow Milk के 1 लीटर वाले वैरियंट की खरीद पर पाएं ₹3/- की छूट और 500 मि.ली. वाले वैरियंट की खरीद पर पाएं ₹2/- की छूट

(यह स्कीम सीमित अवधि के लिए मान्य है)

: 1800-123-0800 : crm@nirpl.com : www.namasteindiafoods.com

4 से 12 वर्ष के खिलाड़ियों ने दौड़, बॉल थ्रो और जेवलिन थ्रो में बिखेरी प्रतिभा, उत्साहवर्धन से बढ़ा बच्चों का आत्मविश्वास

# नन्हे खिलाड़ियों ने दिखाया दम, खूब गूंजी तालियां

**किड्स एथलेटिक्स**

**गयाजी, हिसं।** गया जिला एथलेटिक्स संघ की ओर से आयोजित गया जिला किड्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन रविवार को हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम गांधी मैदान में नन्हे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। 4 से 12 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने पूरे उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। पूरे दिन स्टेडियम में दर्शकों की तालियों और बच्चों के उत्साह से माहौल खेलमय बना रहा।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे और लगातार बच्चों का उत्साह बढ़ाते रहे। विभिन्न विद्यालयों के शारीरिक शिक्षा शिक्षक और प्रशिक्षकों ने भी बच्चों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन का असर खिलाड़ियों के आत्मविश्वास और प्रदर्शन में साफ दिखाई दिया। गया जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष मोती करीमी, सचिव जितेंद्र कुमार और कोषाध्यक्ष रवि कुमार रंजन ने कहा कि बच्चों को छोटी उम्र से ही खेलों से जोड़ना उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं भविष्य के खिलाड़ियों की मजबूत नींव तैयार करती हैं। प्रतियोगता के दौरान बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए लगातार तालियां बजती रहीं।



गांधी मैदान में प्रतियोगिता में सफलता हासिल करते के बाद प्रशस्ति पत्र के साथ खिलाड़ी।

## दूसरे दिन दौड़, बॉल थ्रो और किड्स जेवलिन प्रतियोगिता हुई

दूसरे दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में विभिन्न आयु वर्गों की दौड़, बॉल थ्रो, किड्स जैवलिन थ्रो और स्टैंडिंग ब्रॉड जंप स्पर्धाएं हुईं। अंडर-4 बालक वर्ग की 30 मीटर दौड़ में स्मार्ट किड्स गैलेक्सी स्कूल के वेदांश कुमार ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-5 बालिका वर्ग में अनाया परवीन ने स्वर्ण पदक हासिल किया। अंडर-6 बालक वर्ग की दौड़ में मोनू कुमार और बालिका वर्ग में महाबोधि ट्री स्कूल की प्रज्ञा रानी ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-8 बालक वर्ग की 40 मीटर दौड़ में अमर ज्योति पब्लिक स्कूल के अभिषेक यादव और बालिका वर्ग में सीनियर दिल्ली स्कूल की नित्या कुमारी विजेता रहीं। बॉल थ्रो प्रतियोगिता में अंडर-8 बालक वर्ग में गार्डियन पब्लिक स्कूल चेरकी के अली खान ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-12 बालक वर्ग में बॉल थ्रो का स्वर्ण पदक सीनियर दिल्ली स्कूल के उत्सव कुमार ने हासिल किया।

## बोधगया में आठ को निकलेगा जुलूस

**बोधगया।** बोधगया के एक निजी गेस्ट हाउस में लोक समिति, छात्र-युवा संघर्ष वाहिनी और मजदूर-किसान समिति की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। जिसमें 8 अगस्त को रामदेव मांझी और पांचु मांझी के शहादत दिवस पर जुलूस एवं सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता लोक समिति के जिला महामंत्री राजेंद्र मांझी ने की। तय कार्यक्रम के अनुसार जुलूस कालचक्र मैदान से निकलकर मस्तीपुर होते हुए शहीद स्थल पहुंचेगा, जहां श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके बाद निजी गेस्ट हाउस में सम्मेलन होगा। बैठक को संबोधित करते हुए लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने कहा कि 8 अगस्त 1979 को बोधगया भूमि-मुक्ति आंदोलन के दौरान शांतिपूर्ण जुलूस पर हुए हमले में रामदेव मांझी और पांचु मांझी शहीद हुए थे। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में किसान, महिलाएं और युवा भाग लेंगे।


हिन्दुस्तान **क्लासीफाइड**
विज्ञापन के लिए संपर्क करें 0612-2223434 Ext no.- 666, 667

● कैरियर गाइडेंस

47 Yrs. Excellence in Education
INDIAN INSTITUTE OF BUSINESS MANAGEMENT
Budh Marg, Patna - 1
Affiliated to Aryabhatta Knowledge University, Govt. of Bihar & Recognised by AICTE, Ministry of Education, Govt. of India
ADMISSION OPEN
MBA
BCA
BBA
• Uttam Merit Scholarship Available
• Paid Internship Available
• 100% Placement Assistance
• Bihar Student Credit Card Available
Contact us:
9304141004
8603387299
www.iibm.in

शिक्षा

Dr. Zakir Husain Institute
47 YEARS OF EXCELLENCE
Opp. A.N. College, Near Roti Restaurant, Boring Rd, Patna
UGC Recognised University Degree
Regular Course
ADMISSION OPEN 2026-27
www.zhi.org.in
Apply Now
B.LIS
PGDCA
7033585417

● कैरियर गाइडेंस ● कैरियर गाइडेंस

गौतम इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिक्स
Student Credit Card Loan Facility Available
हमारे पैरामेडिकल कोर्स
• फिजियोथेरेपी • हॉस्पिटल मैनेजमेंट • ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी • ऑर्थोपेडिक टेक्नोलॉजी • मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी • ड्रेसर • न्यूट्रिशन / डायटीशियन
Mob.-9709992555, 9264291995 | भागन बिगहा, बिहारशरीफ, नालन्दा-803118

गौतम कॉलेज
Student Credit Card Loan Facility Available
BBA BCA
सैयद बहरी, हिलसा-चंडी रोड, हिलसा (नालंदा) | Mob.-9262367777, 9262994998

● आवश्यकता

Force URBANIA, GURKHA, School Bus, Traveller एवं अन्य वाहनों की बिक्री के लिए पटना एवं अन्य जिलों के लिए Sales executive and Telecaller with Computer Knowledge की आवश्यकता। Salary + PF + ESI other allowance and Incentive संपर्क करें: ESS PEE Automotives Private Limited, Opposite Buddha Smriti Park, Fraser Road, Patna. Email:-job@khaitanmail.com

● सार्वजनिक सूचना

मैं, श्रीमती लीला देवी, पत्नी स्वर्गीय अंगद कुमार सिंह, निवासी ग्राम एवं पोस्ट-विशनपुरा, थाना-बिहटा, जिला पटना, यह सूचित करती हूँ कि मेरे स्वर्गीय पति के केवल दो वैध पुत्र है- अमित कुमार सिंह, सुजीत कुमार सिंह इनके अतिरिक्त कोई अन्य पुत्र नही है। अभिषेक कुमार सिंह द्वारा स्वयं को स्वर्गीय अंगद कुमार सिंह का पुत्र बताना अवैध है। इस संबंध में आवश्यक विधिक कार्यवाई की जा रही है। अतः सभी को सूचित किया जाता है कि यदि अभिषेक कुमार सिंह द्वारा किसी प्रकार का संपति संबंधी लेन-देन किया गया है या किया जाता है, तो वह हमारे अधिकारों के अधीन होगा और उसे चुनौती दी जाएगी। यह सूचना जनहित में जारी की जा रही है

● मेडिकल

सेक्स समस्याएँ
छोटेपन से निराश क्यों
100% Ayurvedic
18 से 80 वर्ष तक के लिए लाभदायक
शीघ्रपतन, यौन समस्याएँ, स्वप्नदोष, नपुंसकता, धात आना, छोटापन, पतलापन, टेढ़ापन दूर कर क्षमता बढ़ायें।
लाभ नही तो पैसा वापिस
18 से 80 वर्ष तक के लिए लाभदायक
फोन कर डॉ0 से सलाह लें
गायत्री आयुर्वेदाश्रम
9709991888
9709992888

● सिच्यूएशन वांटेड

GYAN NIKETAN & GYAN NIKETAN GIRLS SCHOOL
A SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATED TO C.B.S.E. NEW DELHI)
9263636370/71
E-mail: gnspatna@rediffmail.com gyanniketan84@gmail.com
REQUIRES
Hostel Warden (Male / Female) Graduate in any discipline with 5 years experience.
Office Peon (Male / Female) 10+2 with relevant exp.
Walk-In-Interview
Date : 07/08/2026
Time : 10:00 AM
Venue : Gyan Niketan School, Vitthal Vihar Complex, Ranjan Path, Gola Road, Patna


## वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच–पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी विज्ञापन **जैसे टॉवर, नौकरी, ऋण सम्बंधी या अन्य** किसी भी प्रकार के संदर्भ में कोई राशि भेजता है या किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है तो ऐसा वह अपने स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई किसी क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

एलएनजी शिपिंग | एलएनजी टर्मिनल | प्राकृतिक गैस संचरण | पेट्रोकेमिकल्स | लघु-स्तरीय एलएनजी | एलएनजी रिटेल | तरल हाइड्रोकार्बन | एलपीजी संचरण | सिटी गैस वितरण | नवीकरणीय ऊर्जा | संपीड़ित जैव-गैस | हरित हाइड्रोजन

भारत की ऊर्जा सुरक्षा की सशक्त शक्ति

30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही हेतु गैर-लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणाम

विनियम 52 (4) सेबी (सूचीकरण और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के अनुसार

उपलब्धियाँ (वि.वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही)

परिचालन से राजस्व (स्टैंडअलोन) ₹38,982 करोड़
कर-पूर्व लाभ (स्टैंडअलोन) ₹5,773 करोड़
प्राकृतिक गैस संचरण 122.36 एमएमएससीएमडी

आज की ऊर्जा। कल का भरोसा।

परिणामों को नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से देखा जा सकता है: https://www.gailonline.com/Financial_Results.html या स्कैन करें:

दिनांक: 31.07.2026
स्थान: नई दिल्ली

बोर्ड के आज्ञानुसार
गेल (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता./-
एस. के. सिन्हा
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ
डीआईएन: 10528036

पंजीकृत कार्यालय: 16, भीकाएजी कामा प्लेस, आर. के. पुरम, नई दिल्ली-110066 | www.gailonline.com | सीआईएन: L40200DL1984GOI018976 हमें फॉलो करें:



बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग

जन-जन का रखें ध्यान, टीबी-मुक्त भारत अभियान

टीबी मुक्त भारत अभियान

14 अगस्त, 2026 तक

राज्य के सभी सरकारी संस्थानों में टीबी स्क्रीनिंग की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध

हमारा उद्देश्य: उच्च जोखिम युक्त समुदाय में समय से टीबी की पहचान कर निःशुल्क जांच, दवा, पोषण सहायता तथा परिवार के अन्य सदस्यों को टीबी से बचाव की सलाह।

आमजन से अपील

आमजन से अपील है कि अपना एवं अपने परिवार का नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क टीबी की स्क्रीनिंग अवश्य करायें तथा लक्षण पाये जाने पर संपूर्ण ईलाज करायें।

निक्षय मित्र तथा सामुदायिक स्वयंसेवकों से भी अपील है कि टीबी उन्मूलन अभियान में अपना सक्रिय योगदान दें और देश को टीबी मुक्त बनाने में भागीदारी निभायें।

ध्यान दें
टीबी की शीघ्र पहचान करायें
पौष्टिक आहार खाएँ
समय पर संपूर्ण इलाज करायें
समूह जिनको टीबी का अधिक खतरा है, उनकी देखभाल करें

आज ही TB Mukt Bharat App डाउनलोड करें

टीबी मुक्त भारत ऐप को डाउनलोड कर टीबी संबंधी जानकारी एवं अन्य सहायता का लाभ उठायें।

मैं खुशी आपकी ई-संगीनी (चैटबॉट)

टीबी हारेगा बिहार जीतेगा

सुलभ स्वास्थ्य - सुरक्षित जीवन

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

PR No.- 007247 (Health)D. 2026-27

खिजरसराय के एक निजी अस्पताल में प्रसूता का किया गया था ऑपरेशन

# ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत अस्पताल में परिजनों का हंगामा

**आक्रोश**

- परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का लगाया आरोप, अस्पताल संचालक फरार
- शव रखकर किया प्रदर्शन, गया-पटना मुख्य मार्ग पर कुछ देर बाधित रहा यातायात


खिजरसराय के एक निजी अस्पताल में महिला की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन।

**खिजरसराय, एक संवाददाता।** खिजरसराय के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद तबीयत बिगड़ने पर एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने शव को खिजरसराय स्थित एक हॉस्पिटल परिसर में रखकर घंटों तक हंगामा किया और चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया।

हंगामे की सूचना मिलते ही अस्पताल के डॉक्टर और संचालक मौके से चले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद परिजनों को शांत कराया। मृतका की पहचान महकार थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी शैलेश कुमार की 24 वर्षीय पत्नी लालसा देवी के रूप में हुई है।

**ऑपरेशन के बाद बिगड़ती गई हालत:** मृतका के पति शैलेश कुमार ने बताया कि 23 जुलाई को पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर पहले सरकारी अस्पताल ले जाया गया था। वहां एक आशा कार्यकर्ता की सलाह पर उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि अस्पताल में ऑपरेशन से प्रसव कराया गया, जिसमें महिला ने एक पुत्र को जन्म दिया। ऑपरेशन के बाद उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई। गंभीर स्थिति होने पर अस्पताल प्रबंधन ने पहले गया और बाद में पटना रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**पहले अस्पताल में किया हंगामा फिर मुख्य सड़क किया जाम:** रविवार सुबह परिजन शव लेकर निजी अस्पताल पहुंचे और चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। बाद में वे शव लेकर महकार थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव के समीप गया-पटना मुख्य मार्ग पर पहुंच गए और सड़क पर शव रखकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जाम लगा दिया। इससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर महकार थाना और खिजरसराय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका।

### अस्पताल प्रबंधन का नहीं मिला पक्ष

खिजरसराय थानाध्यक्ष गिरीधर उपाध्याय ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया गया। मामले की जांच की जा रही है तथा सभी पहलुओं की पड़ताल की जाएगी। वहीं, अस्पताल संचालक का पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। मृतका अपने पीछे दो बच्चों और नवजात पुत्र को छोड़ गई है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गुरुपदगिरि पर्वत पर नर कंकाल मिला, जांच शुरू

- फॉरेंसिक टीम ने जुटाए वैज्ञानिक साक्ष्य, गुमशुदगी मामलों की हो रही जांच

**फतेहपुर, एक संवाददाता।** फतेहपुर प्रखंड के गुरपा थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल गुरुपदगिरि पर्वत पर रविवार को नर कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

पर्वत की तलहटी से करीब 1300 सीढ़ी ऊपर और चोटी से लगभग 300 सीढ़ी नीचे झाड़ियों के बीच नर कंकाल पड़ा मिला। पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। कंकाल की स्थिति को देखते हुए पुलिस करीब एक माह पहले मौत होने की आशंका जता रही है।

बताया जाता है कि पर्वत पर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को पिछले कुछ दिनों से दुर्गंध महसूस हो रही थी। रविवार को लोगों ने दुर्गंध के कारणों की तलाश की तो सीढ़ियों से कुछ दूरी पर झाड़ियों में नर कंकाल दिखाई दिया। इसके बाद इसकी सूचना तत्काल गुरपा थाना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही सर्किल इंस्पेक्टर ओम प्रकाश कुमार और गुरपा थानाध्यक्ष शिवनंदन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने इलाके को घेरकर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए हैं।


फतेहपुर के गुरुपदगिरि पर्वत पर नर कंकाल मिलने के बाद जांच में जुटी पुलिस टीम।


ग्राफिक एरा गौरव शृंखला - 52



योगेश बोरा
डोढार, अल्मोड़ा, उत्तराखंड
बी.टेक सी.एस.ई. - 2026
ग्राफिक एरा देहरादून परिसर
प्लेसमेंट पैकेज
₹47.88 लाख
amazon
Graphic Era Hill University
www.gehu.ac.in 1800 890 6027


## आज के कार्यक्रम

- प्रवचन : चातुर्मास को लेकर आर्यिका 105 अंतरमती माता जी का। स्थान- रमना जैन मंदिर : 8 बजे सुबह से।
- जनता दरबार : वरीय पुलिस अधीक्षक का जनता दरबार। स्थान- एसएसपी कार्यालय का। समय- 12 बजे से।

## शहर 30s

### पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार किया

**डुमरिया।** भदवर थाने की पुलिस ने रविवार को एक कुर्की वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सचिन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के गंसा गांव के टोला हडही के शिवनंदन यादव उर्फ बच्चन (55) के विरुद्ध वारंट जारी था।

### अतरी से पांच आरोपितों को भेजा गया जेल

**अतरी।** अतरी थाना क्षेत्र के तीन गांवों सीतारामपुर, नारसिंह बिगहा, नान्हुबिगहा में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान सीतारामपुर से मारपीट के अभियुक्त सोनू कुमार को गिरफ्तार किया गया। नागरसिंह बिगहा से आर्म्स एक्ट व मारपीट के आरोपी पंकज कुमार सिंह, नान्हुबिगहा से राजा पासवान, बालचंद पासवान व उसकी पत्नी रुक्मिणी देवी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी तीन गांवों के पांच आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

### देसी शराब के साथ तस्कर पकड़ाया

**इमामगंज।** इमामगंज प्रखंड के कोठी थाना की पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर सोबड़ी गांव के पास छापेमारी कर 10 लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कोठी थाना क्षेत्र के बारा कला गांव निवासी साधु पासवान के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपी झारखंड के प्रतापपुर जंगल क्षेत्र से शराब लाकर क्षेत्र में बेचता था।

# साइबर ठगों ने युवक से 1.18 लाख रुपये ठगे

- यूपीआई के जरिए कई किस्तों में उड़ाई रकम

**गया जी, कार्यालय संवाददाता।** साइबर ठगों ने बेलागंज के एक युवक को मोबाइल फोन पर झांसे में लेकर उसके खाते से यूपीआई के माध्यम से 1.18 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर थाने गया में दर्ज कराई है।

बेलागंज पाली के पीड़ित मनीष कुमार ने बताया कि शनिवार को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को भरोसेमंद व्यक्ति बताते हुए बातचीत में उलझा लिया। इसके बाद विभिन्न बहानों से उन्हें यूपीआई के जरिए रुपये ट्रांसफर करने के लिए राजी कर लिया। कई किस्तों में अलग-अलग खातों में कुल 1.18 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुछ देर बाद उन्हें एहसास हुआ कि वह साइबर ठगी का शिकार हो चुके हैं। तत्काल साइबर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

# इमामगंज : वाहन की टक्कर से वृद्धा की मौत

- इलाज कराने झिकटिया आई थी महिला, सड़क पार करते समय हुआ हादसा
- मैगरा थाना क्षेत्र के हरनी खजुरा गांव की रहने वाली थी भुनेश्वरी देवी
- घटनास्थल से चालक वाहन लेकर फरार, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**इमामगंज, एक संवाददाता।** डुमरिया-पटना स्टेट हाईवे-69 पर रविवार को इमामगंज थाना क्षेत्र के झिकटिया गांव के समीप सड़क हादसे में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब महिला सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान डुमरिया की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक स्कॉर्पियो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

भुनेश्वरी देवी (65) डुमरिया प्रखंड के मैगरा थाना क्षेत्र के हरनी खजुरा गांव के परमेश्वर पासवान की पत्नी थीं। बताया गया कि वह अपने पैर में आई मोच का इलाज कराने के लिए झिकटिया गांव आई थीं। इलाज कराने के बाद सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आ गईं। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने इमामगंज थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया भेज दिया।

इमामगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि अज्ञात स्कॉर्पियो की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों से आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर फरार वाहन और चालक की पहचान करने में जुटी है। बताया कि जल्द ही चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### टिकारी में करंट लगने से युवक की गई जान

**टिकारी।** अलीपुर थाना क्षेत्र के रौंदी बिगहा गांव में शनिवार की रात करंट लगने से ग्रामीण उमा मांझी की मौत हो गई। अलीपुर थाना के एसएचओ सत्यम ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। बताया कि रविवार की शाम तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


K.K. UNIVERSITY
(Biharsharif, Nalanda, Bihar)
UGC द्वारा मान्यता प्राप्त
AICTE APPROVED
प्रवेश प्रारम्भ सत्र 2026
पॉलिटेक्निक
KKU दे रहा है मेरिट आधारित छात्रवृत्ति अधिकतम ₹45,000/- तक
CE | ME | EE
रेगुलर (नियमित) 10वीं पास | लेटरल (पार्श्व प्रवेश) 10वीं + ITI / 12वीं विज्ञान
बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड सुविधा भी उपलब्ध है
TOLL FREE: 1800 123 4202
www.kkuniversity.ac.in


# किसानों को 12 घंटे बिजली मिलेगी : डॉ. प्रेम

**गया जी, हिन्दुस्तान संवाददाता।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि कम वर्षा की स्थिति में किसानों कम से कम 12 घंटे बिजली मिलेगी।

अगस्त से अक्टूबर तक गया जिले सहित पूरे बिहार में किसानों को प्रतिदिन 12 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया गया है। इससे सिंचाई कार्य प्रभावित न हो और धान सहित अन्य फसलों की खेती सुचारु रूप से जारी रह सके। विधानसभा अध्यक्ष जिले के टनकुप्पा, फतेहपुर सहित विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए खाद, बिजली सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## सीएचसी के प्रभारी का वेतन स्थगित

**टिकारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गुरारू के औचक निरीक्षण में कई खामियां उजागर हुई थी। एसडीएम प्रवीण कुंदन ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार प्रसाद और आयुष चिकित्सक डॉ. फरजाना प्रवीन का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकते हुए 48 घंटे में स्पष्टीकरण मांगा है।

एसडीएम के पत्र के अनुसार, 28 जुलाई को हुए निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मात्र 10 मरीजों का पंजीकरण किया था, जबकि दंत चिकित्सक डॉ. कुमार वरुण ने 112 मरीजों का इलाज किया। वहां मौजूद मरीजों ने बताया कि प्रभारी के अस्पताल में प्रायः विलंब से आते हैं।

## चार मोबाइल के साथ तीन पकड़ाये

**गया जी।** आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत गया जंक्शन पर रविवार को कार्रवाई करते हुए यात्रियों से चोरी किए गए चार मोबाइल फोन बरामद किए। इस दौरान दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, जबकि चोरी में शामिल एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया।

बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 80 हजार रुपये बताई गई है। सहायक सुरक्षा आयुक्त संजय कुमार सिंह ने बताया कि वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर के निर्देश पर आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम स्टेशन परिसर में लगातार जांच अभियान चला रही है।

## कार की टक्कर से युवक घायल

**मानपुर।** टेउसा जाने वाली सड़क पर बरेव गांव में शनिवार को एक कार ने बिजली के पोल में धक्का मार दिया। भागने के दौरान सड़क किनारे चारपाई पर सो रहे सजन मांझी (25) को टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया। निजी क्लिनिक में इलाज चल रहा है।


**BIHAR STATE MILK CO-OPERATIVE FEDERATION LTD.**
Dairy Development Complex; Post :- B.V. College, Patna-800014
Phone No- 2224083, 2228953, 2228347, 2220387, Fax No-0612-2228306
Website :- www.sudha.coop Email:- marketingcomfed@gmail.com

NIT No.: Comfed: Mktg.:3987 Date: 01.08.2026

**TENDER NOTICE**

**TENDER NOTICE FOR GRANTING THE LICENSE FOR OPERATING SUDHA CAFE RESTAURANT (Pure Veg)**

Online e-Tenders are invited from reputed Proprietorship/Partnership Firms/ Companies/Agencies for granting the license for operating the newly built G+1 Sudha Café & Restaurant for a period of 5 (five) years, extendable for a further period of 2 (two) years, at Dairy Development Complex, opposite B.V. College, Patna, Bihar-800014, constructed by Bihar State Milk Co-operative Federation Ltd. (COMFED). The premises comprise a newly constructed G+1 building having a total built-up area of approximately 4,910 sq. ft. The Café & Restaurant shall serve only vegetarian food items.

The minimum reserve license fee shall be Rs. 3,00,000/- (Rupees Three Lakhs only) per month, plus applicable GST.

Interested parties can participate in the bidding process as per following time schedules/date:

| Particulars | Scheduled Date & Time |
|---|---|
| Tender document availability | 04.08.2026 onwards on **www.eproc2.bihar.gov.in** |
| Tender Bid queries through E-mail by Bidder | 14.08.2026 on marketingcomfed@gmail.com |
| Pre-Bid Meeting at COMFED Hqr | 17.08.2026 at 12:00 PM @ Bihar State Milk Co-operative Federation Ltd., Dairy Development Complex, P.O.- B.V. College, Patna- 800014 |
| Final Tender Document upload by COMFED with amendments if any | 19.08.2026 |
| Last Tender submission date & time for bidder | 25.08.2026 till 5.30 pm |
| Technical Bid opening date | 27.08.2026 at 3:00 PM |
| Financial Bid opening date | Will be communicated later to technically qualified bidders |

The detailed terms, conditions and operational requirements containing in the tender bid document are available on **www.eproc2.bihar.gov.in.**
The undersigned reserves the right to cancel the tender without assigning any reasons. For all legal matters & disputes, Patna court will be our jurisdiction.
A.G.M (Mktg.)



कमर–पेडू में दर्द, खून की कमी, कमज़ोरी, हथेली–तलवों में जलन, हार्मोन्स असंतुलन, चिड़चिड़ापन आदि में सहायक



90 वर्षों से No.1 वुमन हेल्थ टॉनिक
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111, rajvaidyacare@gmail.com



पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

शाखा कार्यालय: सीओ-एसएएम सर्किल ऑफिस गया
(आर जे प्लेस, राय काशी नाथ मोड़, गया) ईमेल: cogayasamd@pnb.co.in

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री नोटिस**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, साथ में पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और गारंटरों को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार द्वारा ले लिया गया है, को संबंधित उधारकर्ताओं और गारंटरों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार के बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि पर "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "वहां जो कुछ भी है" आधार पर बेचा दिया जाएगा। आरक्षित मूल्य और जमा धरोहर राशि संबंधित संपत्तियों के समक्ष नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित होगी।

**प्रतिभूत परिसंपत्तियों की बिक्री अनुसूची**

| लॉट नं. | क. शाखा का नाम<br>ख. खाते का नाम<br>ग. उधारकर्ता/गारंटर खाते का नाम और पता | बंधक अचल संपत्ति का विवरण/स्वामी का नाम [संपत्तियों के बंधकदाता] | क. सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अधीन मांग नोटिस की तिथि<br>ख. तिथि को बकाया राशि<br>ग. सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के अधीन कब्जा तिथि<br>घ. कब्जा की प्रकृति, प्रतीकात्मक/भौतिक | क) आरक्षित मूल्य (रु. लाख में)<br>ख) ईएमडी<br>ग) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/समय | प्रतिभूत लेनदारों को ज्ञात भारों के विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क. शाखा: टनकुप्पा, गया<br>ख. श्री उपेन्द्र कुमार पुत्र श्री देवलाल महतो<br>ग. श्री उपेन्द्र कुमार पुत्र श्री देवलाल महतो<br>श्री देवलाल महतो पुत्र स्व. छठु महतो<br>पता- ग्राम- आरेपुर, पोस्ट- टनकुप्पा, फतेहपुर, जिला- गया-824232 | पंजीकृत बिक्री विलेख संख्या-2633 दिनांक-05/02/2016 के अधीन कवर्ड संपत्ति, खाता संख्या-84, प्लॉट संख्या-964, थाना संख्या-509, क्षेत्रफल-1.812 डिसिमल, श्री देवलाल प्रसाद पुत्र स्व. छठु महतो के नाम में, ग्राम-आरेपुर, थाना-बथीरगंज, पोस्ट-टनकुप्पा, जिला-गया में स्थित। परिसीमा: उ.-सुंदरी देवी, द.-चारू चौधरी और वसन कुमार, पू.-सुखदेव यादव, प.-रामस्वरूप यादव | क. 06.02.2024<br>ख. देय राशि: रु. 9,91,218.86/- (नौ लाख इक्यानवे हजार दो सौ अठारह रुपये एवं छियासी पैसे मात्र), 31.01.2024 को, साथ में 01.02.2024 से आगे का ब्याज और पूर्ण भुगतान तक अन्य खर्च।<br>ग. 10.05.2024<br>घ. प्रतिकात्मक | 1. रु. 8,60,000/-<br>2. रु. 86,000/-<br>3. 10,000/- | 24.08.2026 सुबह 11 से शाम 4 बजे | शून्य |
| 2 | क. शाखा: राय काशी नाथ मोड़, गया<br>ख. श्रीमती सुमन कुमारी पत्नी श्री राजेश कुमार<br>ग. श्रीमती सुमन कुमारी पत्नी श्री राजेश कुमार<br>सह-उधारकर्ता- श्री राजेश कुमार पुत्र श्री देवी स्वैंव<br>पता- सहोदा मौलानगर अतरी, जिला-गया, बिहार-823311 | श्री सुमन कुमारी पत्नी श्री राजेश कुमार के नाम में संपत्ति, पता-सहोदा मौला नगर अतरी, जिला-गया एवं बंधक आईपी अमावन, थाना- बोधगया, जिला-गया में स्थित, खाता नं.-140 (नया) प्लॉट नं.-402 (नया) ब्लॉक नं.-04, थाना नं.-355, एरिया-680 वर्ग फीट या 1.56 डिसमिल, द्वारा बिक्री विलेख संख्या-3917 दिनांक 18.03.2015, **परिसीमा:** पूर्व-राज कुमार सिंह, पश्चिम-प्रस्तावित रास्ता 14 फीट, उत्तर-आज खरीददार किरण देवी, दक्षिण-निज विक्रेता। | क. 27.03.2023<br>ख. देय राशि: रु. 9,95,478.26/- (नौ लाख पचानवे हजार चार सौ अठत्तर रुपये छब्बीस पैसे मात्र), 27.03.2023 को साथ में 28.03.2023 से आगे का ब्याज और पूर्ण भुगतान तक अन्य खर्च।<br>ग. 25.07.2023<br>घ. प्रतिकात्मक | 1. रु. 7,30,000/-<br>2. रु. 73,000/-<br>3. 10,000/- | 24.08.2026 सुबह 11 से शाम 4 बजे | शून्य |
| 3 | क. शाखा: राय काशीनाथ मोड़, गया<br>ख. मोहम्मद जावेद राजा सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद जमालुद्दीन सिद्दीकी<br>ग. मोहम्मद जावेद राजा सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद जमालुद्दीन सिद्दीकी<br>पता- मोहल्ला-फोटो मून लाइट राजा बाजार पोस्ट-बी.वी. कॉलेज, थाना-शास्त्री नगर जिला-पटना-800014<br>पता- निवासी 186 इस्लामनगर, मस्जिद गली कटारी हिल, हाई टेंशन टावर जिला-गया-823001<br>पता-शॉप नंबर-17, ए.एम. कॉलेज, कटारी हिल रोड, गया जिला-गया-823001<br>शबाना खातून पत्नी मोह. जावेद राजा सिद्दीकी<br>पता- निवासी 186 इस्लाम नगर मस्जिद गली कटारी हिल, हाई टेंशन टावर, जिला-गया-823001 | पंजीकृत विक्री विलेख संख्या-21318 दिनांक-29/11/2013 के तहत कवर्ड संपत्ति, खाता संख्या-106 (पुराना) 186 (नया) प्लॉट संख्या-369 (पुराना) 517 (नया) थाना संख्या-182, वार्ड संख्या-28, क्षेत्रफल-767.19 वर्ग फुट या 1.761 डिसमिल, मोहम्मद जावेद राजा सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद जमालुद्दीन सिद्दीकी के नाम पर, मौजा-इस्लामगंज, थाना-चंदौती, जिला-गया में स्थित, परिसीमा: उ.-रोड, द.-यासमीन खानम, पू.-प्लॉट संख्या 514, प.-फेकू। | क. 19.01.2024<br>ख. देय राशि: रु. 33,95,819.48/- (तैंतीस लाख पचानवे हजार आठ सौ उन्नीस रुपये एवं अड़तालिस पैसे मात्र), 30.12.2023 को, साथ में 01.01.2024 से आगे का ब्याज और पूर्ण भुगतान तक अन्य खर्च।<br>ग. 04.04.2024<br>घ. प्रतिकात्मक | 1. रु. 30,74,000/-<br>2. रु. 3,07,400/-<br>3. 10,000/- | 24.09.2026 सुबह 11 से शाम 4 बजे | शून्य |
| 4 | क. शाखा: डोभी, गया<br>ख. मैसर्स जनता बीज भंडार, प्रोपराइटर: श्री. शंकर यादव पुत्र स्वर्गीय कौलेश्वर यादव।<br>ग. मैसर्स जनता बीज भंडार, प्रोपराइटर: श्री शंकर यादव पुत्र स्वर्गीय कौलेश्वर यादव।<br>पता: ग्राम-फतेहपुर, पोस्ट: पिडासिन, थाना: डोभी, जिला- गया-824201<br>पता: ग्राम-घोंघवा, अंचल/थाना- डोभी, पिन-824201, जिला- गया<br>श्री शंकर यादव पुत्र स्व. कौलेश्वर यादव<br>पता: ग्राम-फतेहपुर, पोस्ट: पिडासिन, थाना: डोभी, जिला- गया<br>पता: ग्राम- घोंघवा, अंचल/थाना- डोभी, पिन-824201, जिला- गया<br>पता: ग्राम- घोंघवा, अंचल/थाना- डोभी, पिन-824201, जिला- गया<br>पता: ग्राम-फतेहपुर, पोस्ट: पिडासिन, थाना: डोभी, जिला- गया 824201 | पंजीकृत विक्रय विलेख संख्या-7501 दिनांक 28.12.2020 के अन्तर्गत कवर्ड संपत्ति। प्लॉट संख्या-990 (नया), खाता संख्या-55, क्षेत्रफल--10 डिसमिल, थाना संख्या-804 स्थित : ग्राम/मौजा-धरमपुर थाना-डोभी, जिला-गया। यह संपत्ति श्री शंकर यादव पिता-स्वर्गीय कौलेश्वर यादव के नाम पर दर्ज है।<br>चौहद्दी (सीमाएं) :-उ.-रास्ता, द.-पुनीत यादव, पू.-गांव की सड़क, प.-कुंजोजन यादव। | क. 29.01.2025<br>ख. देय राशि: रु. 20,54,756.31 (बीस लाख चौवन हजार सात सौ छप्पन रुपये एवं इकतीस पैसे मात्र), 31.12.2024 को साथ में 01.01.2025 से ब्याज और पूर्ण भुगतान तक अन्य खर्च।<br>ग. 28.04.2025<br>घ. प्रतिकात्मक | 1. रु. 20,45,700/-<br>2. रु. 2,04,570/-<br>3. 10,000/- | 24.08.2026 सुबह 11 से शाम 4 बजे | शून्य |

नियम एवं शर्तें
बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों तथा निम्नलिखित आगामी शर्तों के अधीन होगी:
1. संपत्तियों को "जैसा है, जहां आधार है" और "जैसा है, जो आधार है" और "यहां जो कुछ भी है आधार" पर बेचा जा रहा है।
2. उपर्युक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रतिभूत परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलत कथन या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
3. बिक्री वेबसाइट https://baanknet.com पर 24.08.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक और 24.09.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी। बिक्री की विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें।

दिनांक : 02.08.2026
स्थान : गया

विद्यानंद मिश्रा
प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक, प्रतिभूत लेनदार
मोबाइल: 9051446655

# कोबरा का 18वां स्थापना दिवस मना

बाराचट्टी, एक संवाददाता। बाराचट्टी प्रखंड के बरवाडीह स्थित कोबरा 205 बटालियन कैंप में शनिवार रात 18वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कमांडेंट नरेश पंवार एवं अन्य अधिकारियों ने किया।

इस अवसर पर बटालियन के 18 वर्षों के गौरवशाली इतिहास, साहस और उपलब्धियों को याद किया गया तथा वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ जवानों के योगदान की सराहना की गई। समारोह का मुख्य आकर्षण वर्ष 2019 में छकरबंधा में नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए उप निरीक्षक रौशन कुमार के माता-पिता मिथिलेश कुमार और रागिनी देवी रहे। अधिकारियों ने उनका सम्मान करते हुए शहीद के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में जवानों ने देशभक्ति गीत, समूह एवं एकल गायन तथा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया।


स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक विरासत आधारित नृत्य प्रस्तुत करते जवान।

## प्रेमचंद की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित

गया जी। उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती को लेकर रविवार को जनवादी लेखक संघ की ओर से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अराजपत्रित कर्मचारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि प्रेमचंद एक युगद्रष्टा थे। उन्होंने अपने समय में समाज की समस्याओं को गहरी नजर से देखा। अपनी रचनाओं में आम आदमी की वेदना का सही चित्रण किया।


व, अदालत श्रीमान् न्यायकर्ता हिलसा (नालंदा)

विविध वाद सं०-1 सन् 2026

प्रेम चौधरी.................अविदक

बनाम

प्रभाकर चौधरी वगैरह..........विपक्षीगण

नोटिस बनाम विपक्षीगण

1. प्रभाकर चौधरी उर्फ मनोज चौधरी वल्द स्व० यदुनन्दन चौधरी 2. ओम चौधरी 3. सूरज चौधरी 4. छोटू चौधरी सभी नवालिगान वल्दान प्रभाकर चौधरी 5. प्रभात चौधरी वल्द स्व० यदुनन्दन चौधरी सभी साकिनान मोहल्ला-धुनियां गवड़ापर हिलसा थाना एवं पो०-हिलसा, जिला-नालंदा। 6. प्रमिला देवी जौजे कृष्ण चौधरी साकिन मोहल्ला-धुनिया गवड़ापर हिलसा थाना एवं पो०-हिलसा, जिला- नालंदा 7. पुष्पा देवी जौजे श्री राकेश चौधरी मोहल्ला नालापर पटना सिटी पो० एवं थाना-पटना सिटी चौक जिला-पटना हाल मोकाम धुनिया गवड़ापर हिलसा पो० एवं थाना-हिलसा, जिला-नालंदा 8. पुरुषोत्तम चौधरी 9. पिन्टु चौधरी वल्दान स्व० लालबाबू चौधरी साकिन-मालसलामी पड़ी नगर पो०-पटना सिटी थाना-मालसलामी, जिला- पटना हाल मोकाम मोहल्ला-धुनिया गवड़ापर हिलसा, पो० एवं थाना-हिलसा, जिला-नालंदा।

चूँ कि इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक ने हमारे न्यायालय में पार्टीशन सूट 28 सन् 2018 जो खारिज हो गया उसे पुनर्जीवित करने वास्ते लाया है जिसमें आपलोगों को न्यायालय द्वारा सम्मन मेसन्जर एवं रजिस्ट्री नोटिस भेजा गया जिसे पाने के बावजूद आपलोग जान बूझकर भी उपस्थित नहीं हुए। अतः पुनः समाचार पत्र के माध्यम से आप लोगों को आगाह किया जाता है कि आपलोग मेरे न्यायालय में दिनांक 11.08.2026 को 10.30 बजे दिन में खास असालतन या वकालतन उपस्थित होकर जो कुछ भी उजुर करना है वह करें और आप लोगों के उपस्थित नहीं होने पर बाध्य होकर एक पक्षीय कार्रवाई की जायगी इति ताकिद जाने। आज दिनांक 30.07.2026 को न्यायालय का हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मुहर से जारी किया गया।

न्यायकर्ता हिलसा (नालंदा)



Rural Development Department

Old Secretariat, Patna

Corrigendum-I

PR No. 008169 (RDD)2026-27

Govt. of Bihar

File No– ग्रा०वि०– 19/अंकेक्षण (नियुक्ति)– 03/2026

**Corrigendum and clarification in RFP in response to Queries raised by Chartered Accountants Firms during Pre-Bid Meeting held on 23.07.2026 for Auditor's Empanelment.**

In light of earlier notification published on Dated 02.07.2026 and 29.07.2026, clarification of Queries raised by different CA firms in the Pre-Bid meeting held on Dated 23.07.2026 has been available and uploaded on the Website https://state.bihar.gov.in/rdd at tender section. It can be downloaded by prospective CA bidders.

This Corrigendum and Modification including Proposal Form-2, Proposal Form-5 and Annexure-III of RFP shall be considered as part of the RFP. Other Term and conditions of the RFP published in our website will remain unchanged.

(Manju Prasad)
Additional Secretary
Rural Development Department,
Government of Bihar

PR. No. 009259 (RDD) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


### अतरी में सर्पदंश से दो बच्चों को खोने के बाद बेबसी में डूबी मारो देवी

# अगर पक्का घर होता तो मेरे दोनों बच्चे आज जिंदा होते

- टिन और मिट्टी की झोपड़ी में गुजरती है जिंदगी, बरसात में पानी और कीचड़ बनते हैं आफत
- जंगल से घिरे घर के आसपास दिन-रात सांप और बिच्छुओं का रहता है खतरा

■ जसीम उद्दीन

नीमचक बथानी। अतरी के मिश्र बीघा में सर्पदंश से दो बच्चों की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सबसे अधिक सदमे में बच्चों की मां मारो देवी हैं। वह बिलखते हुए कहती हैं, अगर मेरे पास पक्का मकान होता तो शायद मेरे दोनों बच्चे आज जिंदा होते। उनकी यह बात सुनकर आसपास मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो जाती हैं।

मारो देवी बताती हैं कि ईंट भट्ठे से गांव लौटने के बाद परिवार के पास न तो रोजगार का साधन है और न ही रहने के लिए सुरक्षित घर। मिट्टी और टिन की बनी झोपड़ी ही उनका आशियाना है। उनका कहना है कि यदि पहले से इस हादसे का आभास होता तो वे गांव लौटकर कभी नहीं आतीं।

उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में झोपड़ी की छत से पानी टपकता रहता है और फर्श पर कीचड़ भर जाता है। पूरी रात परिवार को पानी और कीचड़ के बीच गुजारनी पड़ती है। घर के आसपास झाड़ियां और जंगल होने के कारण सांप और बिच्छुओं का हमेशा खतरा बना रहता है। कई बार दिन के उजाले में भी जहरीले जीव दिखाई देते हैं। मारो देवी ने बताया कि घर में बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। आर्थिक तंगी के कारण बच्चों को पढ़ाई के लिए कॉपी-किताब तक उपलब्ध नहीं हो पाती। यही वजह है कि हर वर्ष बरसात समाप्त होते ही पूरा परिवार रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे राज्यों के ईंट भट्ठों पर काम करने के लिए पलायन करने को मजबूर हो जाता है।


अतरी के मिश्रा बीघा में रविवार को सर्पदंश से दो बच्चों की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन।

# पंकज हत्याकांड में निष्पक्ष जांच की मांग

**भाकपा-माले**

- 20 लाख मुआवजा और सरकारी नौकरी की उठाई मांग

शेरघाटी, निज संवाददाता। शेरघाटी थाना क्षेत्र के झौर गांव में पंकज मांझी हत्याकांड को लेकर रविवार को भाकपा-माले की जांच टीम पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची। टीम ने परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत के बाद दावा किया कि यह मामला चोरी का नहीं, बल्कि हॉरर किलिंग का है। बता दें कि गत 31 जुलाई को पंकज मांझी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने बालेश्वर यादव नामजद आरोपित को गिरफ्तार किया है।

माले नेताओं का आरोप है कि पंकज को गांव के ही एक व्यक्ति ने घर से बुलाया था, जिसके बाद उसकी पिटाई की गई और अगले दिन उसका शव बरामद हुआ। पार्टी ने घटना की निष्पक्ष जांच, सभी आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी व फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कड़ी सजा देने की मांग की है। मृतक के आश्रितों को 20 लाख रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की गई।

जांच दल में शेरघाटी अनुमंडल प्रभारी रामलखन प्रसाद, कुलेश्वर मांझी, रामकेश्वर मांझी, योगेश्वर मांझी और गुड्डू कुमार शामिल थे।

**शहर 30s**

## बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

अतरी। गुप्त सूचना के आधार पर अतरी थाना क्षेत्र के सेवतर में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान से उत्तर और से बालू लाल अवैध बालू लाल एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया यही पुलिस को देखकर चालक फरार हो गया। अतरी के थाना प्रभारी अजय कुमार ने मामले की जानकारी दी।

## मानपुर में बंद घर से जेवरात की चोरी

मानपुर। मुफस्सिल के कृष्णा नगर मोहल्ले में बंद मकान से चोरों ने सोने-चांदी के जेवर की चोरी कर ली। मकान मालिक जितेंद्र सिंह ने रविवार को थाने में आवेदन दिया है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन की। मकान मालिक चार दिन पहले अपने पैतृक गांव भोरे पंचायत की बूढ़ी गांव धान की रोपनी करने गए थे। चोरी की जानकारी रविवार को गांव से आने के बाद हुई।

## मणिकांत बने एकता मंच के प्रखंड अध्यक्ष

टिकारी। महिला महाविद्यालय, टिकारी के प्रांगण में यदुवंशी एकता मंच, टिकारी की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों का चयन किया गया। मणिकांत यादव को यदुवंशी एकता मंच, टिकारी का प्रखंड अध्यक्ष, अरुण यादव एवं रामबाबू यादव को उपाध्यक्ष चुने गए।

## बड़की डेल्हा में कवि गोष्ठी का आयोजन

गया जी। शहर के बड़की डेल्हा खरखुरा रोड स्थित सिद्ध काव्य वाटिका में रविवार को 66 वीं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। शुभारंभ डॉ. कृष्णदेव मिश्र ने बरतुहार नाटक से की। श्यामसुंदर मिश्र, अरुणोदय मिश्र, श्रीकांत पाठक, मदन पाठक, पीयूष ने प्रस्तुति दी।


# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

**सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–VI (सत्र 2027–28) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्रा/अभिभावक के लिए आवश्यक सूचना**

बिहार सरकार द्वारा संस्थापित सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई (अंग्रेजी माध्यम) के कक्षा–VI (सत्र 2027–28) में नामांकन हेतु योग्य छात्र–छात्रा/अभिभावकों, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचित किया जाता है कि सिमुलतला आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, 2027 का परीक्षा आवेदन पत्र सिर्फ ऑनलाईन (Online) माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं, जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत् है :–

2. कक्षा–VI में नामांकन हेतु छात्र एवं छात्राओं के लिए क्रमशः साठ–साठ (60–60) सीटें निर्धारित हैं।

3. **परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु अभ्यर्थी को बिहार का मूल निवासी होना अनिवार्य है।**

(क) नामांकन प्रक्रिया के अन्तर्गत बिहार (शैक्षणिक संस्थान में नामांकन में) आरक्षण अधिनियम, 2003 (बिहार अधिनियम 16, 2003) एवं शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण अधिनियम, 2019 की अधिसूचना संख्या सं०–11/आ०नी०–I–03/2019–2622 दिनांक 26.02.2019 के अनुसार 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। तदनुसार कोटिवार/छात्र–छात्रावार **निर्धारित सीटों का विवरण निम्नवत् है:–**

| क्र.सं. | कोटि | छात्र | छात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | अनारक्षित (UR) | 24 | 24 |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | 06 | 06 |
| 3 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC) | 11 | 11 |
| 4 | पिछड़ा वर्ग (BC) | 07 | 07 |
| 5 | पिछड़े वर्ग की महिला BC (Female) | – | 02 |
| 6 | अनुसूचित जाति (SC) | 11 | 09 |
| 7 | अनुसूचित जनजाति (ST) | 01 | 01 |
| | कुल | 60 | 60 |

(ख) दिव्यांग कोटि (Differently Abled):– सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार, पटना के द्वारा समय–समय पर निर्गत निदेश के आलोक में दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थियों को 5% क्षैतिज आरक्षण का लाभ देय है। दिव्यांगता का स्तर 40 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए।

4. आयु सीमा:– आवेदक की आयु 1 अप्रैल, 2027 को न्यूनतम 10 वर्ष एवं अधिकतम 12 वर्ष होनी चाहिए।

5. आवेदक बिहार राज्य के मान्यता प्राप्त सरकारी विद्यालय/निजी विद्यालय (RTE Act के तहत मान्यता प्राप्त या CBSE/ICSE बोर्ड से संबद्धता/Affiliated) में कक्षा–V (पाँचवी) में अध्ययनरत हो।

6. परीक्षा आवेदन पत्र सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से प्राप्त किए जाएँगे। किसी भी परिस्थिति में ऑनलाईन माध्यम को छोड़कर अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएँगे।

(क) ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय APAAR ID, PEN (Permanent Education Number) की प्रविष्टि किया जाना है, किन्तु यह अनिवार्य नहीं है।

7. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क **दिनांक 03.08.2026 से 18.08.2026 तक** की अवधि में स्वीकार किये जाएँगे।

8. परीक्षा शुल्कः– (i) अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के लिए– 200/– (दो सौ रूपये)।
(ii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए– 50/– (पचास रूपये) निर्धारित है।

9. ऑनलाईन आवेदन करने की विधि:– छात्र/छात्रा अथवा उनके अभिभावक समिति के पोर्टल **https://biharsimultala.com** पर अभ्यर्थी का विवरण (नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, जाति कोटि इत्यादि) शुद्ध–शुद्ध भरेंगे। किसी भी त्रुटिपूर्ण विवरण अपलोड करने के लिए अभ्यर्थी अथवा उनके अभिभावक स्वयं दोषी होंगे तथा उनका आवेदन–पत्र रद्द कर दिया जाएगा। भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी अभ्यर्थी/अभिभावक निकालकर उस पर अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य से अग्रसारित कराकर सुरक्षित रख लेंगे। अभ्यर्थी नामांकन हेतु चयन होने पर अग्रसारित आवेदन पत्र को संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी से अग्रसारित करा कर नामांकन के समय प्राचार्य, सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला को अनिवार्य रूप से समर्पित करेंगे। अन्यथा नामांकन बाधित हो सकता है।

9.1 परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन भरने की विधि:– समिति की वेबसाईट पर परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं परीक्षा शुल्क भुगतान करने की विधि क्रमवार निम्नवत् है:–

**1. Visit : https://www.biharsimultala.com → 2. Home Page → 3. Register New Candidate → 4. Login → 5. Fill Application Form → 6. Upload Photo & Signature → 7. Save & Preview Application Form → 8. Edit or Make Payment → 9. Submit → 10. Print Application.**

9.2 छात्र/छात्रा के रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर स्कैन करने के संबंध में :–
सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला प्रवेश परीक्षा के आवेदन पत्र में रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर निम्नवत् रहना अनिवार्य है :–

A. रंगीन फोटो का साईज एवं प्रकार :
Image Size : 35mm × 30 mm (40-100 KB के बीच jpg/jpeg फॉरमेट में)।
Head Size/Face Size : 25 mm × 20 mm (approx 60 %-70%)
Background : Plain White or Light Green

B. स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) : फॉरमेट (3.5cm width × 1.5 cm height) में हो तथा आकार 10–20 KB से अधिक न हो।

9.3 परीक्षा शुल्क भुगतान की प्रक्रिया:– ऑनलाईन आवेदन–पत्र submit करने के पश्चात् Fee Payment के लिए पेज पर उपलब्ध Fee Payment Button पर क्लिक करें। परीक्षा के लिए निर्धारित शुल्क की राशि Debit Card/Credit Card/Net Banking/UPI QR Code के माध्यम से भुगतान किया जाए। अभ्यर्थी/उनके अभिभावक भुगतान के पश्चात् 24 घंटे के अन्दर अपने बैंक खाता से राशि की निकासी हुई है या नहीं, इसकी जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लेंगे। खाता से राशि की निकासी के पश्चात् समिति के खाता में परीक्षा शुल्क जमा नहीं होने की स्थिति में संबंधित आवेदन अपूर्ण मानते हुए स्वीकार नहीं किया जाएगा।

9.4 ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र समिति की वेबसाईट पर भरने के पश्चात् अभ्यर्थी के मोबाईल पर पासवर्ड भेजा जाएगा तथा अभ्यर्थी का मोबाईल नम्बर यूजर आई०डी० होगा। यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड को अभ्यर्थी/अभिभावक भविष्य के लिए सुरक्षित रख लेंगे एवं इसकी गोपनीयता बनाए रखे। **इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड को समिति कार्यालय में कदापि न भेजे। इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से अभ्यर्थी अथवा उनके अभिभावक ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार के त्रुटिपूर्ण विवरण ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि तक समिति के उक्त वेबसाईट https://biharsimultala.com पर जाकर सुधार कर सकेंगे।**

10. चयन के लिए परीक्षा दो चरणों में संचालित होगी।

(i) प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा: प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा पूर्णतः बहुवैकल्पिक वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रश्नों पर आधारित होगी। कुल 150 प्रश्न आधारित 150 अंकों की परीक्षा संचालित होगी एवं प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक होगा। गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटा जाएगा। परीक्षा की अवधि 2 घंटे 30 मिनट की होगी। प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी ही मुख्य प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

(ii) मुख्य प्रवेश परीक्षा: मुख्य प्रवेश परीक्षा दो पाली में आयोजित होगी। परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों का स्तर बिहार सरकार द्वारा पाँचवी कक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम पर आधारित होगा।

11. सत्र 2027–28 के लिए प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा एवं मुख्य प्रवेश परीक्षा के लिए विषय एवं अंक निम्नवत् है:–

| प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा | | | मुख्य प्रवेश परीक्षा | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | विषय | अंक | पत्र | क्र. सं. | विषय | अंक | कुल अंक |
| 1 | हिन्दी (वस्तुनिष्ठ) | 30 | पेपर–I (प्रथम पाली) | 1 | गणित (गैर–वस्तुनिष्ठ) | 100 | 150 |
| 2 | अंग्रेजी (वस्तुनिष्ठ) | 30 | | 2 | बौद्धिक क्षमता (गैर–वस्तुनिष्ठ) | 50 | |
| 3 | गणित (वस्तुनिष्ठ) | 40 | पेपर–II (द्वितीय पाली) | 1 | हिन्दी (गैर–वस्तुनिष्ठ) | 40 | 150 |
| 4 | विज्ञान (वस्तुनिष्ठ) | 25 | | 2 | अंग्रेजी (गैर–वस्तुनिष्ठ) | 40 | |
| 5 | सामाजिक विज्ञान (वस्तुनिष्ठ) | 25 | | 3 | विज्ञान (गैर–वस्तुनिष्ठ) | 40 | |
| | | | | 4 | सामाजिक विज्ञान (गैर–वस्तुनिष्ठ) | 30 | |
| | कुल अंक | 150 | | | कुल अंक | | 300 |

12. परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों का स्तर बिहार सरकार द्वारा पाँचवी कक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम पर आधारित होगा।

13. **मुख्य परीक्षा की प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 01:30 बजे से 04:00 बजे तक यानि 02:30–02:30 घंटे की होगी।**

14. प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालयों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। किसी जिला में प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या 50 से कम होने पर इस जिला के अभ्यर्थियों को निकटवर्ती जिला मुख्यालय में परीक्षा केन्द्र दिया जाएगा। प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा का आयोजन माह अक्टूबर 2026 के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है। मुख्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन माह दिसंबर, 2026 में प्रस्तावित है। उक्त परीक्षा के आयोजन में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकता है। मुख्य प्रवेश परीक्षा, पटना जिला मुख्यालय के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी।

15. प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा के परिणाम के आधार पर तैयार कोटिवार मेधा सूची से कोटिवार छात्र/छात्रावार रिक्तियों की संख्या के 10 (दस) गुणकों में कोटिवार अभ्यर्थियों का चयन मुख्य प्रवेश परीक्षा हेतु किया जाएगा।

16. प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा में उत्तीर्णता हेतु न्यूनतम अर्हत्तांकः– सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या–2374 दिनांक 16.07.2007 तथा सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के संकल्प ज्ञापांक–11/आ०नी०–I–06/2017 सा०प्र० 962 पटना–15 दिनांक 22.01.2021 द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निर्धारित न्यूनतम अर्हतांक निम्नवत् है :–

| क्र.सं. | कोटि | अर्हतांक |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य वर्ग | 40% |
| 2. | पिछड़ा वर्ग | 36.5% |
| 3. | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 34% |
| 4. | अनु०जाति/अनु० जनजाति/महिला वर्ग/दिव्यांग | 32% |

17. समान प्राप्तांक की स्थिति में:– मुख्य प्रवेश परीक्षा में समान अंक वाले अभ्यर्थियों में से अधिक उम्र वाले अभ्यर्थियों को अधिमान देते हुए मेधा सूची में शामिल किया जाएगा। समान प्राप्तांक एवं समान जन्मतिथि होने की स्थिति में मुख्य प्रवेश परीक्षा के प्रथम पत्र में अधिक प्राप्तांक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को मेधा सूची में चयन किया जाएगा। मुख्य प्रवेश परीक्षा के प्रथम पत्र में भी समान प्राप्तांक तथा समान अंक एवं समान जन्मतिथि होने की स्थिति में लॉटरी (Lottery) के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

18. मुख्य प्रवेश परीक्षा के परीक्षा परिणाम के आधार पर तैयार कोटिवार मेधा सूची से मेधा क्रम में छात्र/छात्राओं को नामांकन के पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चिकित्सा बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना पड़ेगा, जिसमें सफल होने के उपरांत ही उन्हें प्रवेश की स्वीकृति दी जाएगी।

19. मुख्य प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थियों को नामांकन के समय जाति प्रमाण–पत्र (आरक्षित कोटि के दावा करने वाले अभ्यर्थियों के लिए), आवासीय प्रमाण–पत्र, जन्मतिथि प्रमाण–पत्र, दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (दिव्यांग कोटि के दावा करने वाले अभ्यर्थियों के लिए), विद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र, बैंक खाता की छायाप्रति, माता–पिता के आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति तथा छायाप्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा, अन्यथा नामांकन का दावा निरस्त कर दिया जाएगा।

20. परीक्षा आवेदन भरने से पूर्व अभ्यर्थी/अभिभावक यह सुनिश्चित कर लेंगे कि आवेदक इस परीक्षा में सम्मिलित होने एवं नामांकन हेतु निर्धारित पात्रता को पूर्ण करता है। प्रारंभिक/मुख्य परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र का निर्गमन तथा चयन की अनुशंसा अभ्यर्थी की पात्रता को संपुष्ट नहीं करता है। यदि प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा के आयोजन, चयन, मुख्य परीक्षा के आयोजन, चयन, नामांकन हेतु अनुशंसा अथवा नामांकन की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने एवं नामांकन हेतु निर्धारित पात्रता को पूर्ण नहीं करता है, तो उसका अभ्यर्थित्व/नामांकन रद्द कर दिया जाएगा।

21. उक्त परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार के विवाद का मामला केवल माननीय उच्च न्यायालय, पटना के क्षेत्राधिकार में होगा।

22. इस परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना, सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों तक ही प्राप्त किया जा सकेगा।

23. उक्त परीक्षा से संबंधित पृच्छा के लिए हेल्पलाईन **नम्बर–9097847744** एवं **7903552332** पर सम्पर्क किया जा सकता है तथा किसी भी प्रकार की सूचना **E-mail ID-bseb@antiersolutions.com** पर भेजा जा सकता है।

24. **परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त आवेदन से संबंधित किसी प्रकार की त्रुटि में सुधार हेतु दावा मान्य नहीं होगा।**

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 174/2026

परीक्षा नियंत्रक (विविध)



बिहार सरकार

# पुलिस अधीक्षक, यातायात का कार्यालय, पटना

(गोपनीय शाखा)


E-mail :-sptraffic-pat-bih@gov.in, दूरभाष सं0–9031825817

**यातायात प्लान/आवश्यक सूचना**

**बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव–2026**

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव–2026 के अवसर पर मतगणना का कार्यक्रम दिनांक–03.08.2026 का 08:00 बजे पूर्वा0 ए0एन0कॉलेज, पटना में निर्धारित है। उक्त अवसर पर यातायात के सुगम संचालन/नियंत्रण व आमजनों के सुविधा हेतु दिनांक–03.08.2026 को 05:00 बजे पूर्वा0 से मतगणना कार्य समाप्ति/यातायात <u>सामान्य होने तक (अग्निशमन/एम्बुलेन्स/शव वाहन/मरीजों के वाहन/न्यायिक कार्य से जुडे वाहन/मतगणना कार्य से जुडे वाहनों/पासधारक वाहनों एवं अन्य अनिवार्य सेवा के वाहनों को छोड़कर)</u> निम्नांकित यातायात व्यवस्था की जाती है

1. बोरिंग रोड चौराहा से ए0एन0 कॉलेज की ओर एवं मोहिनी मोड़ से सहदेव महतो मार्ग में तथा बोरिंग रोड में पानी टंकी मोड़ से ए0एन0 कॉलेज की ओर सभी प्रकार के सामान्य वाहनों का परिचालन नही होगा। उक्त अवधि में सामान्य वाहन अन्य वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग कर सकते हैं।
2. बोरिंग रोड मे राजापुर पुल से हड़ताली चौक/बेली बोरिंग रोड क्रॉसिंग तक के मार्ग में व्यवसायिक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार पाटलिपुत्रा गोलम्बर से ए0एन0कॉलेज/पानी टंकी की ओर सभी प्रकार व्यवसायिक वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। उक्त अवधि में इन वाहनों का परिचालन अन्य वैकल्पिक मार्ग से होगा।
3. शिवपुरी रेलवे क्रॉसिंग से ए0एन0कॉलेज पटना (दुर्गा मंदिर) मोड़ तक मार्ग सामान्य यातायात के लिए प्रतिबंधित रहेगा।
4. **मतगणना अभिकर्ता (काउंटिंग एजेन्ट)** के वाहन बेली रोड से हड़ताली चौक होते हुए दीघा आर0ब्लॉक नई पथ (अटल पथ) होकर ए0एन0कॉलेज के पीछे तक आयेगी और अटल पथ के किनारे एक लेन में वाहन पार्क करेंगे और वहाँ से पैदल ए0एन.कॉलेज तक आयेंगे। कुर्जी मोड़/पाटलिपुत्रा गोलम्बर से आने वाले वाहनों की पार्किंग सहयोग हॉस्पीटल(पाटलिपुत्रा) के पास खाली मैदान में करेंगे। वहाँ से मतगणना अभिकर्ता पैदल ए0एन0कॉलेज आयेंगे। **मतगणना अभिकर्ता** के वाहन राजापुर पुल/पाटलिपुत्रा गोलम्बर/बेली बोरिंग रोड/हड़ताली मोड़ से बोरिंग रोड में नहीं आयेगे।
5. बेली बोरिंग रोड/हड़ताली से आने वाले **अभ्यर्थियों** के वाहन बोरिंग रोड में तपस्या मोड़ तक हीं आयेंगी वहाँ से अभ्यर्थी ए0एन0 कॉलेज पैदल आयेंगे। ये वाहन तपस्या मोड़ से वाहनों को सहदेव महतो मार्ग में पार्क कराई जायेगी अथवा तपस्या मोड़ से मोहिनी मोड़ होते हुए लोहियाचक्र पथ नीचे से दरोगा राय पथ में किनारे फ्लैंक में पार्क करेंगे।
6. इसी प्रकार पाटलिपुत्रा/कुर्जी की ओर से आने वाले **अभ्यर्थियों** के वाहन पानी टंकी मोड़ तक ही आयेंगी, वहाँ से अभ्यर्थी ए0एन0कॉलेज पैदल आएँगे। इन वाहनों की पार्किंग अटल पथ पर सड़क के किनारे एक लेन में पार्क करेंगे।
7. मीडिया के ओ0भी0 भान ए0एन0कॉलेज के बाहर सड़क के किनारे पार्क की जायेगी।




**TRAFFIC ROUTE PLAN**

(संतोष कुमार, भा0पु0से0)
पुलिस अधीक्षक, यातायात,
पटना

(कार्तिकेय के0 शर्मा, भा0पु0से0)
वरीय पुलिस अधीक्षक,
पटना

(कुन्दन कुमार, भा0प्र0से0)
जिलाधिकारी,
पटना

PR. No. 009261 (Police) 2026-27 उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है। इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी। टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

# GALGOTIAS UNIVERSITY

## Globally Ranked, Consecutively *for* 3 Years

Powered by Industry Led Advanced Labs, Career Focussed Courses & Innovation-Driven Learning with our Active Learning Model

Ranked **3rd** AMONGST PRIVATE UNIVERSITIES IN UTTAR PRADESH

Ranked **46th** AMONGST TOP PRIVATE AND GOVERNMENT UNIVERSITIES IN INDIA

Ranked **16th** AMONGST TOP PRIVATE UNIVERSITIES IN INDIA

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2027 RANKED 1201-1400

THE World University Rankings 2026

Ranked **27th** AMONGST TOP PRIVATE UNIVERSITIES/ INSTITUTIONS IN INDIA.

Ranked **65th** AMONGST TOP INDIAN GOVERNMENT & PRIVATE UNIVERSITIES/ INSTITUTIONS

THE World University Rankings Asia

Band **501-600** AMONGST THE TOP RATED GLOBAL UNIVERSITIES

OFFICIALLY REVEALED IN HONGKONG

## Launched India's Finest Active Learning Campus

**G-SCALE**

GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM

• Critical Thinking • Collaboration • Engagement • Experiential Learning

Centre for Drone Intelligence & Simulation



Next Gen Structure and Smart Hydraulics Lab



Centre of Excellence - Tableau AI Data Lab




HP-Intel AI for Future Workforce Lab



Semiconductor Research Lab



Advanced EV Centre of Excellence by L&T EduTech




### Powered By Industry Integrated Academic Centres



Centre for Supercomputing & Advanced AI Research anchored by NVIDIA DGX H200 GPUs



Advanced Geotechnical and Earth Science Centre



Centre for Design Thinking & Augmented Reality



TATA Technologies Learning Centre




Cisco Centre of Excellence



CodeXperience Centre by Capgemini

### Batch 2026 Placement Highlights: 5500+ Placement Offers Secured as on date

| Students Placed | Company |
|---|---|
| 526 | Infosys |
| 228 | Capgemini |
| 205 | cognizant |
| 119 | LTM |
| 188 | City Union Bank Ltd. |
| 91 | accenture |
| 61 | EY |

**GALGOTIAS INCUBATION CENTRE** FOR RESEARCH INNOVATION STARTUP & ENTREPRENEURS — Government of UP Recognized Incubator

INR 3 Crore raised by Cybergenix Security Pvt. Ltd., an incubated startup of Galgotias University in Cyber Security domain.

- 30+ Startups with Revenue
- 135+ Startups supported till date
- 3 Startups crossed 1 Crore Revenue
- 40+ Active Startups
- 61 Strategic partners

NAAC GRADE A+ | nirf National Institutional Ranking Framework (NIRF) | Tech Alliance Partner aws

**APPLY TODAY FOR CAREER FOCUSSED 2026–27 UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. PROGRAMMES**

Computer Science and Engineering | Electronics and Communication Engineering | Electrical Engineering | Mechanical Engineering | Civil Engineering | Computer Applications and Technology | Defence Technology | Artificial Intelligence | Quantum Technologies | Business | Aviation | Logistics and Supply Chain Management | Tourism Management | Liberal Education | Languages | Finance & Commerce | Basic Sciences | Biosciences and Technology | Forensic Sciences | Agriculture | Law | Pharmacy | Allied Health Sciences | Nursing | Media and Communication Studies | Hospitality | Design | Education | Polytechnic | Vocational Education | Skilling and Entrepreneurship

For Admissions Scan to Apply

GALGOTIAS UNIVERSITY

**#GetYourSelfPlaced**

Galgotias Admissions Helpline No.: 9810162221, 9717300418, 9582847072 | 97173 00343 | 0120-4370000

**Web:** www.galgotiasuniversity.edu.in | **Email:** admission@galgotiasuniversity.edu.in

हिन्दुस्तान 1936

# बेटियों का कमाल

राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन हर्षित करने वाला तो है ही, यह भविष्य के लिए बहुत उम्मीदें भी देता है। पदक तालिका में चौथे स्थान पर भारत उस स्थिति में खड़ा है, जब भारतीय खिलाड़ियों के दबदबे वाले कई खेल इस बार के आयोजन में शामिल ही नहीं किए गए थे। बावजूद इसके भारतीय खिलाड़ियों ने ग्लासगो में तिरंगे को बार-बार शिखर पर पहुंचाया और 140 करोड़ से अधिक देशवासियों को गौरवान्वित किया। हमारे खिलाड़ियों ने मुक्केबाजी, भारोत्तोलन और जूडो में शानदार प्रदर्शन किया है, बल्कि पहली बार बॉक्सिंग में सात स्वर्ण पदक जीते हैं। सबसे अहम बात यह है कि बेटियों ने स्वर्ण पदकों की झड़ी लगा दी। मीरा बाई चानू से जो शुरुआत हुई, तो फिर इस कतार में शर्मिला, अस्मिता, प्रीति पवार, साक्षी चौधरी, प्रिया धंधास, अरुंधति चौधरी, जैस्मिन जैसे नाम जुड़ते चले गए। अब ये सिर्फ नाम नहीं हैं, देश की हजारों-लाखों बेटियों की प्रेरणा-स्रोत हैं। इनमें से एकाधिक लड़कियां तो बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आई हैं। उनका सबसे ऊंचे पोडियम पर खड़ा होना खास गौरवशाली है। वे न सिर्फ अपने जैसी अनगिनत प्रतिभाओं को प्रेरित करेंगी, बल्कि हमारे खेल से जुड़े कर्ता-धर्ताओं को और उत्साहित करेंगी कि वे ग्रामीण क्षेत्रों पर भी ध्यान दें।

इसमें कोई दोराय नहीं कि बीते कुछ वर्षों में देश में खेल-संस्कृति का तेजी से विकास हुआ है। खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निजी दिलचस्पी और 'खेलो इंडिया' जैसे कार्यक्रमों का इसमें अहम योगदान है। इस क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश भी बढ़ा है और बड़े पैमाने पर युवा अब इसे करियर के तौर पर अपनाने लगे हैं। हालांकि, इस संस्कृति के निर्माण में क्रिकेट का सबसे बड़ा योगदान है। आईपीएल की शुरुआत ने देश के छोटे-छोटे शहरों को कई सितारे दिए और उन पर पैसों की बरसात ने समाज की पूरी मनोदशा बदल दी। परिवार अवरोधक के बजाय सहायक की भूमिका में आने लगे। सबसे बड़ा बदलाव तो लड़कियों के मामले में आया है। पहले बेटियों के लिए खेल-क्षेत्र में बहुत बाधाएं थीं, मगर अब वे भी सपने देख रही हैं और उनको साकार कर रही हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स की पदक तालिका उनकी प्रतिभा और जिजीविषा की कहानी खुद कह रही है।

**राष्ट्रमंडल खेलों की पदक तालिका भारतीय लड़कियों की अप्रतिम प्रतिभा और जिजीविषा की कहानी खुद-ब-खुद कह रही है। अब उन्हें कोई रोक नहीं सकता।**

इस बड़े बदलाव का एक पहलू यह भी है कि अब भी हिंदी हृदयस्थल के सूबों से एथलेटिक्स में उतने खिलाड़ी उभरकर सामने नहीं आ रहे, जितने हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, केरल, महाराष्ट्र, असम और मणिपुर जैसे प्रदेशों से निकल रहे हैं और यह बात इन राज्य सरकारों को चुनौती के रूप में लेनी चाहिए। ऐसा नहीं कि इन राज्यों के पास प्रतिभाएं नहीं हैं। झारखंड ने क्रिकेट से इतर हॉकी, तीरंदाजी आदि खेल विधाओं में कई राष्ट्रीय सितारे दिए हैं। राज्य अगर खेल-संस्कृति को प्रोत्साहन दे, तो वहां से कई नए नाम देश को मिल सकते हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश को खेलों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसी कॉमनवेल्थ गेम्स में पैरा शॉटपुट में बिहार के सोमन राणा का स्वर्ण पदक इस बात का सुबूत है कि अगर सही तलाश की जाए, तो इन दोनों सूबों के पास ऐसे युवाओं की कोई कमी नहीं, जो वैश्विक खेल प्रतिस्पर्धाओं में देश-प्रदेश का नाम ऊंचा कर सकें। अगले राष्ट्रमंडल खेल अहमदाबाद में होने वाले हैं। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम 2010 कॉमनवेल्थ खेलों की पदक संख्या से आगे निकल सकें। फिलहाल देश अपनी उन बेटियों के स्वागत की तैयारी करे, जिन्होंने ग्लासगो में भारत का परचम बुलंद किया है।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 03 अगस्त, 1951

### निर्यात नीति

भारत सरकार के उद्योग और व्यापार मंत्री श्री हरेकृष्ण मेहताब ने निर्यात सलाहकार कौंसिल के सामने भारत सरकार की निर्यात नीति पर विशद प्रकाश डाला है। प्रत्येक देश को आयात और निर्यात करना होता है। यदि कोई देश आयात अधिक करता है और निर्यात कम तो व्यापारिक दृष्टि से उसकी स्थिति अच्छी नहीं समझी जाती है। उसे अपने आयात का मूल्य चुकाने के लिए विदेशी मुद्रा की कमी पड़ जायेगी जो निर्यात द्वारा अर्जित की जाती है। इसलिए प्रत्येक देश का आयात और निर्यात कम से कम संतुलित अवश्य होना चाहिए।

इस देश में रुपये का अवमूल्यन किया गया, उसके पहले हमारा निर्यात सन्तोषजनक परिमाण में नहीं हो रहा था। हम आयात अधिक कर रहे थे और निर्यात कम; और इस कारण हमने अपने पौण्ड पावने की संचित राशि का बहुत-सा भाग खर्च कर डाला। हमारे रुपये का अवमूल्यन होने के बाद हमारे निर्यात-व्यापार को प्रोत्साहन मिला। विदेशी बाजारों में हमारे माल की मांग काफी बढ़ गयी और हम विदेशी मुद्रा के अपने संचित कोष को बढ़ा पायें। निर्यात की मात्रा बढ़ने का यह कारण तो था ही कि मूल्य की दृष्टि से हमारा माल अन्य देशों की सफल प्रतिद्वन्द्विता करने में समर्थ था। इसके अतिरिक्त कोरिया में युद्ध छिड़ जाने के कारण दुनिया के देशों ने माल संग्रह करना प्रारंभ किया और भारतीय माल की मांग बढ़ गयी। ... कोरिया में युद्धबन्दी की संभावना के फलस्वरूप विदेशी मंडियों में वस्तुओं के भाव गिरे हैं। हमको विदेशी बाजारों की स्थिति पर सतत निगाह रखनी होगी और अपने माल की कीमत ऐसे स्तर पर रखने की कोशिश करनी होगी कि हमारे माल की मांग विदेशी बाजारों में बनी रहे और हमारे निर्यात की मात्रा में उल्लेखनीय कमी न हो। जो निर्यात-कर वसूल किया जाता है, उसका मूल्य-स्तर पर काफी असर पड़ता है। हमारे निर्यात व्यापार के हित में आवश्यक होने पर सरकार निर्यात-करों में उचित संशोधन करने के लिए प्रस्तुत रहेगी, ऐसी आशा की जा सकती है।

सरकार को अपनी निर्यात-नीति स्थिर करने में एक और बात का खयाल रखना पड़ता है। देश के भीतर जो माल उत्पादन होता है, उसका हम अंधाधुंध निर्यात नहीं कर सकते। यदि निर्यात अनियंत्रित हो तो देश के आर्थिक जीवन में संकट पैदा हो सकता है।

# बड़े काम के होंगे छोटे प्लास्टिक नोट



यहां स्कैन करें
आलोक जोशी | वरिष्ठ पत्रकार

**दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी अनेक ऐसे देश पॉलिमर नोटों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिनकी भौगोलिक परिस्थितियां, मौसम और पर्यावरण भारत जैसे हैं। हमारे पड़ोस में भी ये प्रचलित हैं।**




अब चलेंगे प्लास्टिक के नोट। केंद्र सरकार ने रिजर्व बैंक के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखा दी है कि दस और बीस रुपये के सौ-सौ करोड़ प्लास्टिक के नोट छापे जाएं। इन नोटों के आने के साथ ही भारत की मुद्रा व्यवस्था में एक नए दौर की शुरुआत हो जाएगी।

हालांकि, यह नया विचार नहीं है। इस पर पहले से ही काम चल रहा है और 2010-12 के दौरान तो रिजर्व बैंक ने आंध्र प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा, कर्नाटक, शिमला, कोच्चि, मैसूर, भुवनेश्वर और जयपुर सहित कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में दस रुपये के ऐसे नोटों को परीक्षण के तौर पर चलाकर भी देखा था। पता चला है कि तब कुछ शिकायतें मिली थीं। इनमें ज्यादा गर्मी से इन नोटों के सिकुड़ने या चिपकने की आशंका थी और एटीएम या नोट गिनने वाली मशीनों में इन नोटों के लिए जरूरी इंतजाम की कमी भी। नोटों की लागत भी एक समस्या लग रही थी। हालांकि, रिजर्व बैंक की तरफ से इस परीक्षण की कोई ऐसी रिपोर्ट या समस्याओं की सूची सामने नहीं आई। अब काफी अध्ययन और तैयारी के बाद बड़े पैमाने पर ट्रायल की योजना सामने रखी गई है।

यहां प्लास्टिक शब्द का इस्तेमाल भ्रामक हो सकता है, क्योंकि मुद्रा या खर्च के संदर्भ में प्लास्टिक का अर्थ अभी तक क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड जैसे भुगतान के तरीके ही माने जाते रहे हैं। यहां जिन करेंसी नोटों का जिक्र हो रहा है, वे रासायनिक तौर पर भी प्लास्टिक के नहीं, बल्कि एक खास किस्म के पॉलीप्रोपिलीन या पॉलिमर से बने नोट होते हैं, इसलिए इन्हें पॉलिमर नोट कहना बेहतर होगा। ये नोट बेहद उन्नत और बारीक तकनीक से तैयार होते हैं, जिसके कारण इनको बहुत मजबूत, सुरक्षित और टिकाऊ माना जाता है।

बहुत से देशों में ये नोट सफलतापूर्वक चल भी रहे हैं। इनमें भारत के पड़ोसी भूटान और मालदीव जैसे देश भी शामिल हैं। दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी अनेक ऐसे देश पॉलिमर नोटों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिनकी भौगोलिक परिस्थितियां, मौसम और पर्यावरण भारत जैसे हैं। असल में, नए पॉलिमर नोट पर विशेष कोटिंग होती है, जिससे ये आसानी से आपस में चिपकते नहीं हैं और इनकी सतह लंबे समय तक सुरक्षित रहती है।

इस दौरान बैंकिंग कारोबार में भी काफी तरक्की हो चुकी है और नए एटीएम, पैसा जमा करने वाली मशीनें, करेंसी गिनने व छांटनेवाली मशीनें भी पॉलिमर नोटों को पहचानने, गिनने और छांटने के काम कर सकती हैं। यानी, पिछले पायलट प्रोजेक्ट के सामने जो अड़चनें आईं, उनमें से ज्यादातर अब दूर हो चुकी हैं। जाहिर है, अगर भारत बड़े पैमाने पर इन नोटों को अपनाता है, तो फिर बैंकिंग सिस्टम के सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में जरूरी बदलाव किए जाएंगे। हालांकि, उसके लिए वक्त है, क्योंकि अभी जो दस और बीस रुपये वाले नोट जारी होने हैं, वे एटीएम में नहीं डाले जाते।

पॉलिमर नोटों की सबसे बड़ी खासियत उनकी लंबी उम्र, यानी टिकाऊपन है। खासकर, छोटे नोट, जैसे दस और बीस रुपये वाले, क्योंकि बहुत ज्यादा इस्तेमाल होते हैं, इसलिए जल्दी फट जाते हैं, गंदे हो जाते हैं या फिर धूल, पसीने व नमी से खराब हो जाते हैं। इसीलिए, भारत जैसे देश में दस-बीस रुपये के नोटों की औसत उम्र काफी कम हो जाती है। पॉलिमर नोट कागज के नोटों के मुकाबले ढाई से चार गुना ज्यादा समय तक चल सकते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि ये नोट अगर कुछ महंगे भी पड़ते हैं, तब भी सरकार और रिजर्व बैंक का खर्च आखिरकार कम हो जाएगा, क्योंकि नए नोट छापने की जरूरत धीरे-धीरे कम होने लगेगी।

पॉलिमर नोटों का एक और बड़ा फायदा है नकली नोटों से मुकाबला। अभी छोटे नोटों का परीक्षण है, जिसमें नकली नोटों की समस्या कम होती है, पर पॉलिमर नोटों में कुछ हिस्सा एकदम खिड़की की तरह पारदर्शी हो जाता है। इनमें काफी पेचीदा 'होलोग्राफिक इफेक्ट' इस्तेमाल किए जा सकते हैं। इसके अलावा उन्नत किस्म की सुरक्षा के लिए ऑप्टिकल और दूसरे तत्व भी काफी आसानी से इस्तेमाल किए जा सकते हैं। ऐसे नोटों की नकल करना कागजी नोटों के मुकाबले काफी मुश्किल है और महंगा भी।

अब एक बड़ा सवाल उठता है कि पॉलिमर नोट अपनाना क्या पर्यावरण के साथ छल नहीं होगा? इसके दो अहम पहलू हैं। एक तो यह कि कागज के नोट भी पर्यावरण के लिए खास लाभदायक नहीं हैं। कागज के लिए पेड़ों की बलि देनी पड़ती है। दूसरे, पॉलिमर नोट क्योंकि लंबे समय तक चलते हैं, इसलिए अपेक्षाकृत कम नोट छापने से गुजारा हो जाएगा। पॉलिथीन के बेरोकटोक फैलाव जैसा डर भी नहीं है, क्योंकि नोट की कीमत इतनी होती है कि लोग इसे संभालकर ही रखेंगे। इनकी 'रीसाइक्लिंग' भी की जा सकती है। हालांकि, प्लास्टिक के इस्तेमाल से जुड़ी आशंकाएं बेबुनियाद नहीं हैं, मगर तमीज से इनका इस्तेमाल हो और रिजर्व बैंक इनकी रीसाइक्लिंग का पक्का इंतजाम करे, तो फिर पर्यावरण को होने वाला नुकसान शायद कागज के नोटों के मुकाबले कम हो सकता है।

सबसे पहले ऑस्ट्रेलिया ने सन् 1988 में पहला पूर्ण पॉलिमर नोट जारी किया था। उसका अनुभव काफी सफल माना जाता है। उसके बाद कनाडा, न्यूजीलैंड, सिंगापुर और ब्रिटेन जैसे देशों ने ही नहीं, बल्कि ब्रुनेई, वियतनाम, रोमानिया, नाइजीरिया, चिली, मैक्सिको, पापुआ न्यू गिनी और निकारागुआ ने भी आंशिक या पूरी तरह पॉलिमर नोट इस्तेमाल करने शुरू किए हैं। पड़ोसी देश भूटान, श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश ही नहीं, पाकिस्तान भी इनको आजमाने की राह पर है।

पिछले वित्त वर्ष के आखिर में भारत में 41 लाख, 68 हजार करोड़ रुपये की मुद्रा प्रचलन में थी। अभी जो पॉलिमर नोट छापे जाने का प्रस्ताव है, उसमें कुल तीन हजार करोड़ रुपये के नोट छपेंगे। रिजर्व बैंक यह नहीं बताता है कि अलग-अलग मूल्य के नोटों को छापने पर उसका कितना खर्च होता है, लेकिन पिछले वित्त वर्ष में करेंसी नोट छापने पर कुल 4,875 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। यहां एक सवाल यह भी उठता है कि कैशलेस लेन-देन को बढ़ावा देने की तमाम कोशिशों और इसमें मिली अपार सफलता के बाद भी नोटबंदी से अब तक करेंसी में करीब ढाई गुना बढ़त क्या कहती है?

जो भी हो, बदलती दुनिया और बदलते वक्त के साथ चलने के लिए जरूरी है कि भारत इस मोर्चे पर गंभीरता से विचार करे, ठोक-पीटकर परीक्षण करे और फिर चरणबद्ध तरीके से बदलाव पर काम करे। ऐसा हुआ, तो उम्मीद है कि जल्द ही पॉलिमर नोट आपकी अपनी जेब में भी होंगे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# जेन-अल्फा की शिकायतों से आंखें फेरना गलत होगा



यहां स्कैन करें
क्षमा शर्मा | वरिष्ठ पत्रकार

देश में जेन-जी आंदोलन की आग अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि खबर आई कि जेन-अल्फा (2010-2024 तक जन्मे) के बच्चे अब मैदान में आ गए हैं। ये 21वीं सदी के सूचना-समाज के बच्चे हैं। दुनिया भर की खबरें मोबाइल, टीवी के जरिये देखते हैं। इनके बारे में अब मजाक किया जाने लगा है कि ये तो मोबाइल हाथ में ही लेकर पैदा हुए हैं। जेन-जी के आंदोलन से इन्हें लगा कि वह शासन को झुका सकती है, तो हम क्यों नहीं? इसीलिए सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे अब आंदोलन करने लगे हैं।

उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में एक सरकारी इंटर कॉलेज की कक्षा छह से लेकर 12 तक के करीब 1,500 बच्चे अपने संस्थान के सामने धरने पर बैठ गए। उनकी यह शिकायत थी कि कॉलेज में उन्हें मामूली सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। बच्चों की मांग थी कि बिजली रहे, टूटे पंखे ठीक किए जाएं। स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था हो। कक्षा के लिए पर्याप्त कमरे हों। पीने को साफ पानी मिले। खेल सुविधाएं हों। कॉलेज प्रशासन ने उनकी मांगों को मान लिया। इसमें उसे छह घंटे लगे। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि कुछ बड़े बच्चों ने, जो हालिया जेन-जी आंदोलन में शामिल हुए थे, इसे शुरू किया।

**फतेहपुर में इंटर कॉलेज के बच्चे जिन बातों के लिए सड़क पर उतर आए, क्या वे चीजें इतनी बड़ी थीं, जो उन्हें मुहैया नहीं कराई जा रही थीं?**

जालौर और बाड़मेर, राजस्थान में भी स्कूली बच्चों ने विरोध-प्रदर्शन किए। जालौर में उन्होंने स्कूल गेट पर ताला जड़ दिया। उनकी शिकायत थी कि प्राइमरी कक्षाओं में अध्यापकों की कमी है। बाड़मेर के बच्चों की भी यही मांग थी। उनका कहना था कि न जाने कब से कई विषयों के अध्यापकों के पद खाली पड़े हैं, इसलिए उनकी ढंग से पढ़ाई ही नहीं हो पा रही। इन प्रदर्शनों में बड़ी संख्या में लड़कियों ने भी भाग लिया। सरकार ने बच्चों की मांगों पर ध्यान देते हुए 80 स्कूलों में, जहां अध्यापकों की कमी थी, फौरन अध्यापक नियुक्त किए।

बिहार के गया में एक स्कूल के दर्जनों बच्चे एसडीएम के दफ्तर तक बाकायदा जुलूस लेकर निकल पड़े। वे स्कूल में चापाकल खराब होने, शौचालय की साफ-सफाई और विद्यालय में खेल के उपकरणों की कमी की शिकायत लेकर पहुंचे थे। एसडीएम ने स्कूल के प्रधानाचार्य से बात की और निर्देश दिया कि पांच दिनों में बच्चों की सारी मांगें पूरी की जाएं। कर्नाटक में बच्चों ने चार घंटे तक राजमार्ग को जाम कर दिया था, क्योंकि वहां सरकारी बसें उनके गांव के बस स्टॉप पर न रुककर, कहीं दूर रुका करती थीं, जिससे वे स्कूल नहीं जा पाते थे।

ध्यान से देखें, तो बच्चे जिन सुविधाओं के लिए आंदोलित हैं, वे उन्हें मिलनी ही चाहिए। आखिर वे क्यों नहीं उन्हें मिलतीं? यदि स्कूलों में साफ पानी, पर्याप्त कक्ष, खेलने के मैदान व उपकरण व अध्यापक ही नहीं होंगे, तो वे क्या करेंगे? स्कूल प्रशासन व अधिकारी तब तक ध्यान क्यों नहीं देते, जब तक कि शिकायत न हो या बच्चे अपना गुस्सा प्रदर्शित न करने लगें?

अक्सर यह शिकायत की जाती है कि सरकारी स्कूल बंद हो रहे हैं, उनमें बच्चे आते ही नहीं। जाएं भी तो कैसे, यदि उनमें बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं? सरकारी स्कूलों में दी जाने वाली शिक्षा सस्ती है, हालांकि उनमें पढ़ाने वाले नियमित अध्यापक-अध्यापिकाओं के वेतन ठीकठाक हैं। इनके मुकाबले निजी स्कूलों में शिक्षा महंगी है, पर शिक्षक-शिक्षिकाओं के वेतन सरकारी स्कूलों से कम है। विडंबना देखिए, जहां वेतन ज्यादा है, वहां से शिक्षकों की शिकायतें आती रहती हैं कि उनमें से कई स्कूल ही नहीं आते, अपने दायित्व को 'आउटसोर्स' कर देते हैं या जो विषय वे पढ़ाने आए हैं, वही उन्हें नहीं आता। निजी स्कूलों में ऐसा संभव नहीं है। सरकार को सोचना चाहिए कि अध्यापकों की भर्ती करते समय वह योग्यता की बहुस्तरीय परख करे, ताकि शिक्षक अपने विषय तो पढ़ा सकें। समय पर स्कूल आ सकें।

गौर करने की बात है कि जेन-अल्फा के बच्चे उस उम्र के हैं, जहां 'एडवेंचर' बहुत भाता है। मान लीजिए, धरना-प्रदर्शन करते ये कुछ ऐसा कर बैठें, जिससे इनकी जान को खतरा पैदा हो जाए अथवा किसी और को नुकसान पहुंचे, तब क्या होगा? इन दिनों राजनीति के बड़े खिलाड़ी इन्हें भड़का रहे हैं और इन्हें भी औरों की तरह उकसा रहे हैं कि वे सड़क पर आ जाएं। इसलिए इन नौनिहालों को स्कूल के अहाते में पढ़ने के लिए माकूल सुविधाएं मुहैया कराना बहुत जरूरी है।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# सफलता का असली अर्थ

बहुत खुशी की बात है कि शिक्षा को लेकर देश में बड़ी उथल-पुथल मची है। इसी मंथन से नया ढांचा तैयार होगा। अब तक हम बड़े आत्म-संतुष्ट थे कि हमारी शिक्षा सर्वश्रेष्ठ है, लेकिन उसके जो परिणाम निकल रहे हैं, उनसे पता चल रहा है कि कहीं कोई बुनियादी चूक है, अन्यथा इतना असंतुष्ट नई पीढ़ी तैयार नहीं होती। सवाल है, युवाओं में इतना आक्रोश कहां से आता है?

ओशो स्वयं एक शिक्षक थे और उन्होंने उस समय भी शिक्षा की स्थिति से व्यथित होकर आमूल-चूल बदलाव के सुझाव दिए थे। आज भी वे उतने ही मौजूं हैं, जितने उस समय थे, क्योंकि समाज में कुछ भी नहीं बदला है। ओशो कहते हैं कि महत्वाकांक्षा से बड़ा दूसरा कोई जहर नहीं, लेकिन महत्वाकांक्षा के सिवाय हम और क्या सिखाते हैं? पहले ही वर्ष से बच्चों को हम आगे निकलने की होड़ सिखाते हैं। प्रतिस्पर्द्धा में प्रथम आना। ये उपदेश बड़े मीठे मालूम पड़ते हैं, पर प्रथम आने की दौड़ मनुष्य को विक्षिप्त करती रही है, यह हमें ख्याल भी नहीं है। मनुष्य के मन को महत्वाकांक्षा कहां पहुंचाती है? जब कोई व्यक्ति प्रथम आने की कोशिश में लगा होता है, तब वह प्रथम आने की खुशी नहीं होती, बल्कि वह दूसरों को दुखी करने का सुख होता है। जो पीछे छूट गए हैं और जिनकी आंखें आंसुओं से भरी हैं, उन्हीं से वह मुस्कराहट निर्मित होती है, जो प्रथम आने वाले की थी।

महत्वाकांक्षा इसलिए अनिवार्य रूप से हिंसा सिखाती है। वह हिंसा का गहरे से गहरा परिणाम है। ऊपर से दिखाते हैं सब कि दोस्त हैं, लेकिन अंदर से सभी दुश्मन मालूम होते हैं, और फिर जब एक बार युवा होते-होते तक चित्त इसमें दीक्षित हो जाता है, तो फिर जीवन भर इसी दौड़ में दौड़ता है। फिर किनके कंधों पर पैर रखने पड़ते हैं, किनकी लाशों को सीढ़ियां बनानी पड़ती है, इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। जैसे हर बीज फूल बनने के लिए पैदा होता है, ठीक उसी तरह हर व्यक्ति अपने गुणों की खिलावट के लिए पैदा होता है। अपनी संभावनाओं को वास्तविक करने के लिए पैदा होता है। इसलिए दो बच्चों की तुलना करना बंद करें। तुलना बहुत घातक है। यह बच्चे के आत्म-विश्वास को कमजोर कर देती है। यहां हरेक मनुष्य अनूठा है, कोई इंसान दूसरे जैसा हो भी नहीं सकता।

**हमेशा दूसरों के साथ प्रतिस्पर्द्धा करके ही सफलता नहीं मिलती। असली विकास तो तब होता है, जब स्वयं के साथ स्पर्द्धा करें कि मन रोज-रोज नया हो जाए, सुबह का सूरज हमें नया देखे।**

इसके विपरीत, सीखना इसलिए भी हो सकता है कि बच्चों को उसमें आनंद आए। गणित कोई इसलिए सीखे कि गणित सीखना उसका आनंद है। कोई काव्य इसलिए सीखे कि काव्य करने में उसे आनंद आता है। *स्वांतः सुखाय।* हमेशा दूसरों के साथ प्रतिस्पर्द्धा करके ही सफलता नहीं मिलती। असली विकास तो तब होता है, जब स्वयं के साथ स्पर्द्धा करें कि मन रोज-रोज नया हो जाए, सुबह का सूरज हमें बिल्कुल नया दिखे।

अमृत साधना

**अमित शाह | केंद्रीय गृह मंत्री**



**जो बस्तर कभी नक्सली हिंसा के कारण अपनी समृद्ध विरासत, संस्कृति व परंपराओं को खोता जा रहा था, वह आज नक्सल मुक्त होकर अपनी धरोहरों को सहेज रहा है।... आने वाले वर्षों में यह छत्तीसगढ़ में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।**

## अनुलोम-विलोम

### सारनाथ



# विश्व धरोहर बनने से और बढ़ेगा मान

यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में सारनाथ का शामिल होना भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत के लिहाज से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भगवान बुद्ध ने बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति के बाद अपना पहला उपदेश सारनाथ में ही दिया था, जिसे बौद्ध धर्म में धर्मचक्र प्रवर्तन के नाम से जाना जाता है। यही वह स्थान है, जहां से बौद्ध धर्म का व्यवस्थित प्रचार-प्रसार प्रारंभ हुआ। सारनाथ में स्थित धामेक स्तूप, अशोक स्तंभ, चौखंडी स्तूप, प्राचीन विहारों के अवशेष और पुरातात्विक संग्रहालय विश्व भर के इतिहासकारों, शोधकर्ताओं व श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण के केंद्र हैं। यूनेस्को द्वारा इस स्थल को विश्व धरोहर का दर्जा दिया जाना भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव सभ्यता की साझा सांस्कृतिक धरोहर को मान्यता मिलना है।

विश्व धरोहर सूची में किसी भी स्थल का चयन उसकी असाधारण सार्वभौमिक महत्ता के आधार पर किया जाता है। इसके लिए उस स्थल की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, स्थापत्य, धार्मिक अथवा प्राकृतिक विशिष्टता का विस्तृत मूल्यांकन किया जाता है। किसी स्थल के चयन के बाद उसके संरक्षण, रखरखाव व प्रबंधन की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी पहचान और प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होती है। जहां तक भारत की बात है, तो यह देश सांस्कृतिक विरासतों का धनी है। यही कारण है कि यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में भारत का स्थान विश्व के अग्रणी देशों में है। सारनाथ को विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने से उत्तर प्रदेश के धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को भी नया आयाम मिलेगा। इन तीर्थ स्थलों को जोड़कर पर्यटन का एक मजबूत नेटवर्क विकसित किया जा सकता है। इससे भारत आने वाले बौद्ध देशों- श्रीलंका, थाईलैंड, जापान, म्यांमार, वियतनाम, दक्षिण कोरिया और मंगोलिया के श्रद्धालुओं व पर्यटकों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

इसमें कोई दोराय नहीं कि सारनाथ को विश्व धरोहर का दर्जा मिलने से भारत की सांस्कृतिक कूटनीति को भी नई शक्ति मिलेगी। यह उपलब्धि भारत की बौद्ध विरासत को विश्व मंच पर कहीं अधिक सशक्त रूप से स्थापित करेगी। इसके साथ ही *वसुधैव कुटुम्बकम्* और शांति, करुणा और अहिंसा के भारतीय दर्शन को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाएगी। यह एक ऐतिहासिक स्थल की नहीं, बल्कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी सांस्कृतिक परंपरा, आध्यात्मिक विरासत व मानव सभ्यता को सम्मानित करने जैसा है। निस्संदेह, यह हमारे लिए अत्यंत गौरव का समय है।

सत्यभामा सिंह, गृहिणी

# केवल दर्जा मिलने से कुछ नहीं होगा

सारनाथ को विश्व धरोहर का हिस्सा बनाना सुखद है, लेकिन सिर्फ धरोहर बनने से क्या किसी स्मारक की बदहाली दूर हो सकती है? सारनाथ को शामिल कर लें, तो फिलहाल देश में 45 विश्व धरोहर स्मारक हैं। इनमें से चार तो अकेले उत्तर प्रदेश में हैं- ताजमहल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी के साथ अब सारनाथ। अब इन स्मारकों की दशा क्या है, यह कोई छिपा रहस्य नहीं है, इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि केवल विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त कर लेना पर्याप्त नहीं है।

भारत में विश्व धरोहरों की बदहाली का मुख्य कारण अतिक्रमण, प्रदूषण और कमजोर रखरखाव है। प्रशासनिक लापरवाही और बढ़ती भीड़ के कारण तो कई ऐतिहासिक स्थल खतरे में हैं। संरक्षित क्षेत्रों के आसपास नियमों को ताक पर रखकर गैर-कानूनी इमारतें बनाई जा रही हैं। हवा और पानी के प्रदूषण से ऐतिहासिक पत्थरों और कलाकृतियों का मूल स्वरूप बिगड़ रहा है। स्मारकों के पास बुनियादी सुविधाओं तक का अभाव है। यहां आने वाले घरेलू पर्यटकों द्वारा ठोस नियमों का पालन नहीं हो रहा है।

यकीन न हो, तो कर्नाटक घूम आइए। वहां हम्पी की धरोहर अवैध निर्माण, अनियोजित पर्यटन विकास और सुरक्षा की कमी के कारण गंभीर बदहाली का सामना कर रही है। संरक्षित क्षेत्र के पास बिना अनुमति के चल रहे व्यावसायिक रिसॉर्ट और निर्माण-कार्य बड़ी समस्या हैं। इसके साथ असामाजिक गतिविधियों से भी इन स्थलों को जूझना पड़ता है। यहां के मंदिरों और स्तंभों को उपद्रवियों द्वारा नुकसान पहुंचाने की घटनाएं भी हुई हैं। अनियंत्रित व्यावसायिक गतिविधियों से धरोहर के अस्तित्व को खतरा पैदा हो रहा है। गौरतलब है, तालीकोटा के युद्ध में विजयनगर साम्राज्य की हार के बाद आक्रांताओं ने राजधानी को पांच महीने तक लूटा और तहस-नहस किया, प्रसिद्ध विट्ठल मंदिर परिसर, राजमहल की नक्काशी और भगवान नरसिंह की भव्य मूर्ति को खंडित किया गया। इसके बाद साल 2019 में पर्यटकों द्वारा विष्णु मंदिर के पास प्राचीन ग्रेनाइट स्तंभों को धक्का देकर तोड़ने का वीडियो वायरल हुआ था। स्थानीय लोगों और पूर्व शाही परिवार ने यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल पर कम सुरक्षा और दूरदराज के खंडहरों में असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग भी की है।

साफ है, विश्व धरोहर का महत्व न सिर्फ आम लोगों को, बल्कि सरकारों को भी समझना होगा। कहने को लिए कई तरह के मानक बनाए गए हैं, लेकिन उन मानकों का कड़ाई से पालन आवश्यक है। हमें इन स्थलों का महत्व समझना होगा।

सुमन पांडेय, शिक्षिका

# खुशियों के रास्ते खुले रखिए

**जीवन में कई बार ऐसे हालात आते हैं, जब सब कुछ बिखरता हुआ लगता है। किसी अपने को हमेशा के लिए खो देना, आर्थिक तंगी, कुछ करीबी रिश्तों में खटास या अन्य कोई बड़ी उथल-पुथल... ये सब हमें भीतर तक झकझोर देते हैं। यह भी लगता है कि अब फिर कभी जीवन पटरी पर नहीं आएगा। याद रखें, जीवन में फिर से खुशियां लौट सकती हैं, बशर्ते आप खुद को मौके देने के लिए तैयार रहें।**



**मार्क चेरनॉफ**
लेखक और ब्लॉगर।
आत्म प्रेरक विषयों पर लेखन।

एक सुबह मैं पार्क में बेंच पर बैठा था। तभी एक बुजुर्ग जोड़ा अपनी कार से उतरा। कार के भीतर धीमी-धीमी पुरानी धुन बज रही थी। बुजुर्ग सज्जन ने बड़े स्नेह से अपनी पत्नी का हाथ थामा, उन्हें कार से उतरने में मदद की और पास ही पेड़ की छांव में दोनों धीरे-धीरे नृत्य करने लगे। वह दृश्य इतना सुंदर था कि अनायास ही मैं तालियां बजाने लगा।

वे दोनों मुस्कराते हुए मेरे पास आए और तालियों के लिए शुक्रिया अदा किया। मैंने उनसे कहा कि आप दोनों को देखकर यह उम्मीद नजर आती है कि जीवन हर उम्र में खूबसूरत हो सकता है। उन्होंने खिलखिलाते हुए कहा, 'अभी आपने जीवन को दिए जाने वाले दूसरे, तीसरे मौके की सुंदरता और ताकत को देखा है। हमारा यह संबंध पिछले 10 सालों से है। इससे पहले हम दोनों ही अपने प्रिय जीवनसाथियों को खो चुके थे। हम दोनों जीवन के गहरे दुखों से गुजर रहे थे, पर हमने कभी जीवन से मुंह नहीं मोड़ा। एक-दूसरे का हाथ थामा और फिर से जीना सीख लिया। ऐसा तब होता है, जब हम खुद को जीवन में मौके देने के लिए तैयार रहते हैं।

## नजरिया ही सब कुछ है

जिंदगी में सबसे बड़ी ताकत हालात नहीं, बल्कि हमारा नजरिया होता है। शोक व निराशा के बावजूद आगे बढ़ने, प्रेम करने और जीवन जीते रहने की प्रेरणा कहां से मिलती है? यह सवाल मेरे लिए भी महत्वपूर्ण है। कुछ साल पहले हम पति-पत्नी ने बहुत कम समय के भीतर कई हिला देने वाले हालातों का सामना किया था।

हर किसी के जीवन में मुश्किल दौर आता है। शोक की ऐसी घड़ी में कई बार लोग खुद को अलग-थलग कर लेते हैं। साथ देने वालों से ही दूरी बना लेते हैं। लोगों की सही मंशा को गलत समझ लेते हैं या फिर नशे आदि गलत आदतों के शिकार हो जाते हैं। नतीजा, दर्द अंदर ही अंदर बढ़ता जाता है और हम जिंदगी से और जिंदगी हम से हताश होने लगी।

### खुद को यह याद दिलाते रहें

खुद को चुनौती दें और नीचे दी गई बातों में से किसी एक को हर सुबह चुनें। दो मिनट शांत बैठकर, इसे बार-बार अपने मन में दोहराएं। आप देखेंगे कि यह छोटा-सा अभ्यास हमारे जीवन के उतार-चढ़ाव को संभालने का आपका तरीका बदल देगा-

**1 आज जहां हैं, हमेशा वहीं फंसे नहीं रहेंगे**
जिंदगी हर सेकंड बदलती है और आप भी बदल सकते हैं। जब बुरा वक्त आता है, तो हम मान लेते हैं कि भविष्य भी ऐसा ही रहेगा। अगर आप बीती बातों और दुखों को पकड़कर रखेंगे, उसी चश्मे से देखते रहेंगे, तो भविष्य भी धुंधला ही दिखाई देगा।

**2 जो है, उसे स्वीकारें, सीखें और आगे बढ़ें**
ज्यादातर लोग सिर्फ, इसलिए दुखी रहते हैं, क्योंकि वे वर्तमान हालात को स्वीकार नहीं कर पाते। जो हो चुका है, हम उसे बदल नहीं सकते। मायने यह रखता है कि आप यहां से आगे क्या करते हैं। परिस्थितियों को एक नए नजरिये से देखें और अगला कदम बढ़ाएं।

**3 तकलीफ को गुस्सा नहीं, प्रेरणा बनाएं**
गुस्सा होने के बजाय सबक सीखें। चिंता करने के बजाय अगला कदम उठाएं। जीवन का बहुत छोटा हिस्सा उन चीजों से तय होता है, जो आपके बस में नहीं हैं। बड़ा हिस्सा इस बात से तय होता है कि आप उन पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

**4 जो चाहिए, उसकी तरफ कदम बढ़ाएं**
छोटे-छोटे दैनिक नियम बनाएं। जब बुरा वक्त आता है, तो हम तुरंत सब कुछ ठीक करना चाहते हैं और जल्दबाजी में कुछ नहीं कर पाते। याद रखें, आप एक साथ बहुत भारी वजन नहीं उठा सकते, लेकिन छोटे-छोटे प्रयासों से मंजिल तक जरूर पहुंच सकते हैं।

**5 मेहनत बेकार नहीं जाती, नतीजे भले मनचाहे न हों**
अगर आप संघर्ष कर रहे हैं, तो इसका मतलब यह नहीं कि आप असफल हैं। सफलता समय मांगती है। धैर्य का मतलब सिर्फ इंतजार करना नहीं है, बल्कि काम करते हुए अपना रवैया सकारात्मक बनाए रखना है।

**6 अपने मानदंड छोटे न करें, खुद पर भरोसा बनाए रखें**
जीवन में हर तरह के लोग मिलेंगे। किसी का कड़वा व्यवहार आपको उतना दर्द नहीं देता, जितना आपकी सोच उसे महत्व देकर देती है। मानसिक शांति तब शुरू होती है, जब आप दूसरों की बातों को अपने दिमाग पर हावी नहीं होने देते।

**7 उम्र के साथ समझ आएगी समय, संबंध और शांति की अहमियत**
सब बातें बहुत पीछे छूट जाती हैं। बेवजह की चिंताओं और दिखावे में ऊर्जा बर्बाद करना बंद करें। आज से 10 साल बाद इस बात से फर्क नहीं पड़ेगा कि आपने कौन-से कपड़े या जूते पहने थे। फर्क इस बात से पड़ेगा कि आपने कैसे जिया, कितना प्यार बांटा और क्या सीखा। जो मायने रखता है, उस पर ही अपनी ऊर्जा बनाए रखें। अपने समय, संबंध और मानसिक सेहत का हमेशा ध्यान रखें।

मुश्किल दौर में सबसे कठिन काम परिस्थितियों से लड़ना नहीं, बल्कि अपने मन को संभालना होता है। सबसे बड़ी बात अपनी सोच को संतुलित बनाए रखना होता है। जब हम तकलीफों का सामना खुले मन से करते हैं, तो धीरे-धीरे जरूर आगे बढ़ते हैं। खुले मन का मतलब है, तुरंत यह न मानना कि सब खत्म हो गया है, बल्कि यह स्वीकारना कि हम नहीं जानते कि आने वाला पल कैसा होगा।

## मृत्यु जीवन का एक सच

जीवन का एक बड़ा सच है- किसी प्रियजन को खोना। हालांकि, कोई भी शब्द इस दुख को कम नहीं कर सकता, पर एक अंत ही एक नई शुरुआत होती है। बीती बात में अटके रह जाने से बेहतर है, आगे के सफर की तैयारी करना। किसी प्रिय को खोना ही हमें जीवन और अपनों की कीमत समझाता है। सीमाएं ही सुंदरता बढ़ाती हैं। मृत्यु हमें याद दिलाती है कि हमारे पास जो इंसान या पल हैं, वे सीमित हैं। हम उनका सम्मान करें। खुद को मौके देना यानी नई उम्मीदों की कहानी। दिल से किए गए डांस की कहानी।



# जिंदगी में कम न हो जोश और जुनून

**जिंदगी केवल सांस लेने का नाम नहीं है। जीवन को पूरे मन से महसूस कर पाना भी जरूरी है। क्यों सब कुछ होने के बावजूद जीवन में खालीपन और भावनात्मक जड़ता बढ़ रही है? जीवन में उत्साह कैसे पैदा करें, आइए जानें...**



पिछले कुछ वर्षों से एक सवाल लगातार मेरे काम के केंद्र में बना हुआ है- क्या है, जो इंसान को भीतर से जीवंत महसूस कराता है?

एक मनोचिकित्सक के रूप में मेरे पास ऐसे अनेक लोग आते हैं, जिन्होंने जीवन में लगभग सब कुछ हासिल कर लिया है। अच्छी नौकरी, आर्थिक सुरक्षा, परिवार और सामाजिक प्रतिष्ठा। सब होने के बावजूद वे एक गहरे खालीपन से जूझ रहे हैं। उन्हें लगता है कि वे कुछ भी महसूस नहीं कर पा रहे हैं।

47 वर्षीय एक क्लाइंट कहते हैं, 'मेरे पास मेरी जरूरत से बहुत ज्यादा है। पूरा दिन काम में निकल जाता है। सप्ताहांत परिवार के साथ, पर भीतर से लगता है, मानो मैं मर चुका हूं। मुझे याद ही नहीं कि आखिरी बार कब किसी बात पर दिल से खुशी हुई थी। मैं बस जिंदगी काट रहा हूं।'

वहीं, करीब 28 वर्ष की एक युवती बताती हैं, 'मुझे दस साल पहले वाली अपनी जिंदगी याद आती है, जब मैं हर अनुभव में पूरी तरह डूब जाती थी। आज सोशल मीडिया देखकर लगता है कि मैं बहुत कुछ कर रही हूं, लेकिन अधिकांश दिन, मैं खुद को भावनात्मक रूप से सुन्न महसूस करती हूं।'

## धीरे-धीरे कम होता उत्साह

आज स्क्रीन, सोशल मीडिया और भागदौड़ ने हमारी दिनचर्या पर कब्जा कर लिया है। संवेदनशीलता का गुण धीरे-धीरे दुर्लभ होता जा रहा है। उसकी जगह उदासीनता, थकान और आत्मकेंद्रित सोच बढ़ती जा रही है। जीवंतता का अर्थ हर समय उत्साहित रहना नहीं है। इसका असल अर्थ है, जीवन को महसूस करने की क्षमता और जीवन के प्रति सजगता का एहसास।

मेरी नजर में जीवन शक्ति पांच गुणों से मिलकर बनती है। ये गुण हैं-जीवन के प्रति उत्साह, नई चीजों के प्रति खुलापन, फैसले लेने की आजादी, लोगों से सहज जुड़ाव, भावनात्मक लचीलापन और हालात के बीच भी आशावादी सोच बनाए रखने की क्षमता। जीवन के प्रति उत्साह हमेशा किसी बड़े रोमांच या उपलब्धि से नहीं आता। कई बार छोटे-छोटे अनुभव ही हमारे जीवन को सार्थक महसूस कराते हैं।

> साठ से सत्तर की उम्र के कई लोग हर काम पूरे मन से करते हुए देखे जा सकते हैं। कई लोग कठिन हालातों के बावजूद दूसरों की मदद करते हैं। बच्चों-सी जिज्ञासा और सहजता ही हमारी जीवंतता के सबसे सहज रूप है।

## कैसे लौटे जीवन की ओर

शोध बताते हैं कि जीवन के प्रति उत्साह का होना व्यक्ति की मानसिक सेहत, प्रेरणा और समग्र खुशहाली पर सीधा असर डालता है। जब यह उत्साह कम होने लगता है, तो व्यक्ति नए अवसरों को अपनाने, रिश्तों को निभाने और पहल करने की इच्छा भी खोने लगता है। लंबे समय में यही स्थिति बर्नआउट, निराशा व उद्देश्यहीनता को जन्म देती है।

अच्छी बात यह है कि जीवन में उत्साह फिर से पैदा किया जा सकता है। मेरे लिए किसी कला प्रदर्शनी में जाना, किसी फिल्म को पूरे मन से देखना या किसी सांस्कृतिक आयोजन का हिस्सा बनना मुझे जीवंत महसूस कराता है। वहीं, किसी के लिए पहाड़ों पर ट्रेकिंग करना और प्रकृति के बीच समय बिताना वही एहसास पैदा करता है।

यह भी जरूरी है कि हम समय-समय पर अपने मूल्यों को याद करें। वे कारण जिनकी वजह से हमने अपना पेशा चुना था या जीवन के बड़े फैसले लिए थे। अक्सर उम्र बढ़ने के साथ हम इन्हें भूल जाते हैं। कई बार किसी उत्साही या आशावादी व्यक्ति के साथ समय बिताना भी हमारे भीतर खोई हुई ऊर्जा को फिर से जगा देता है।

**सोनाली गुप्ता**

## विविध

# रिश्तों को मजबूत बनाएंगे ये तीन सूत्र

**रिश्ता कोई भी हो, वह एक दिन में मजबूत नहीं बन जाता। रोजमर्रा के छोटे-छोटे व्यवहार, आपसी सम्मान और एक-दूसरे के प्रति सही रवैये से ही रिश्ते गहरे बनते हैं।**



हर रिश्ता अलग होता है, लेकिन कुछ ऐसे जीवन-मूल्य हैं, जो हर संबंध को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। यहां नीचे दिए सूत्र आपके जीवन के हर रिश्ते को अधिक अर्थपूर्ण और मजबूत बना सकते हैं।

**1. कठिन समय में जिन्होंने साथ दिया, उन्हें कभी मत भूलिए**
जीवन में ऐसे कई अवसर आते हैं, जब कोई हमारा हाथ थाम लेता है। कोई मित्र कठिन समय में हमारा संबल बनता है। परिवार का कोई सदस्य हम पर विश्वास जताता है या कोई गुरु सही दिशा दिखाकर आगे बढ़ने का साहस देता है।

हो सकता है, उनका योगदान आज आपको छोटा लग रहा हो, पर कई बार ऐसी छोटी-छोटी मदद ही जीवन की दिशा बदल देती हैं। किसी के प्रति आभार केवल बड़े उपहारों से ही नहीं निभाया जाता। समय-समय पर दिल से कहा गया 'धन्यवाद', एक आत्मीय संदेश, हालचाल पूछ लेना या जरूरत पड़ने पर उनके साथ खड़े होना भी रिश्तों को गहरा बना देता है। लोग यह कभी नहीं भूलते कि आपने उन्हें कैसा एहसास कराया था।

**2. अपने शुभचिंतकों से कभी दूरी मत बनाइए**
हर वह व्यक्ति जो आपकी गलती बताता है, आपका विरोधी नहीं होता। जो लोग वास्तव में आपसे प्रेम करते हैं, वे कई बार ऐसी बातें भी कह देते हैं, जो सुनने में अच्छी नहीं लगतीं। वे आपकी किसी आदत पर सवाल उठा सकते हैं, आपको सलाह दे सकते हैं या आपकी भूल की ओर ध्यान दिला सकते हैं।

ऐसे क्षणों में उनकी बात को आलोचना समझने के बजाय यह समझने की कोशिश करें कि उसके पीछे चिंता और अपनापन भी हो सकता है। हर असहमति रिश्ते की कमजोरी नहीं होती। कई बार वही ईमानदार संवाद रिश्ते को और मजबूत बना देता है।

यदि हम सामने वाले के इरादों को समझने की कोशिश करें और संवाद बनाए रखें, तो गलतफहमियां पनपने से पहले ही दूर हो जाती हैं। यही परिपक्वता रिश्तों में विश्वास और अपनापन बढ़ाती है।

**3. किसी के विश्वास को कभी मत तोड़िए**
हर रिश्ते की सबसे मजबूत नींव है- विश्वास। जब कोई व्यक्ति आप पर भरोसा करता है, अपनी निजी बातें आपसे साझा करता है या आपकी ईमानदारी पर विश्वास जताता है, तो यह बहुत बड़ी बात है।

इस भरोसे का अर्थ है-सच बोलना, अपने वादे निभाना, दूसरे की भावनाओं और सीमाओं का सम्मान करना तथा हर हालात में ईमानदारी से व्यवहार करना। यदि आप लगातार भरोसेमंद बने रहते हैं, तो दूसरे आपके साथ स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं और रिश्ते में मजबूती बढ़ती जाती है।

## एकदा — आशा

चार वृद्ध महिलाएं थीं। एक दिन वह बहस कर रही थीं कि हम में से बड़ी कौन है? बहस जब लंबी खिंच गई, तो उन्होंने तय किया कि पड़ोस में जो समझदार बहू आई है, उससे फैसला करवाते हैं।

वे चारों उस बहू के पास गईं। बहू ने उनकी बात सुनी और कहा, 'पहले आप चारों मुझे अपना परिचय तो दें।

पहली महिला ने कहा, 'मैं भूख हूं, मैं बड़ी हूं न?'
बहू ने कहा, 'भूख में विकल्प है। भूख 56 व्यंजनों से भी मिट सकती है और बासी रोटी से भी।'
दूसरी महिला ने कहा, 'मैं प्यास हूं, तो मैं बड़ी हूं न?'

बहू ने कहा, 'प्यास में भी विकल्प है। प्यास गंगाजल से भी शांत हो जाती है, मधुर रस से भी और बुरे वक्त में तालाब का पानी भी काम आ जाता है।'

तीसरी वृद्ध महिला ने कहा, 'मैं नींद हूं, इसलिए मैं बड़ी हूं न?'
बहू ने कहा, 'नींद में भी विकल्प है। नींद सुकोमल सेज पर तो आती ही है, किन्तु मेहनत से थके हुए शरीर को टूटी खाट और जमीन पर भी नींद आ जाती है।

चौथी महिला ने कहा, 'मैं आस (आशा) हूं।' इसके आगे वह कुछ कहती, बहू ने उस महिला के पैर छू लिए, 'मैया! आशा का कोई विकल्प नहीं है। आशा से मनुष्य सौ बरस भी जीवित रह सकता है, पर आशा ही न रहे, तो जीवन बिखर जाता है। अभाव न होने पर भी जीवन में खालीपन भर जाता है।'

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** मन परेशान रहेगा। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबार में भी भागदौड़ बढ़ सकती है।

**वृष :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। लेखनादि कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मिथुन :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। लाभ भी बढ़ेगा।

**कर्क :** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। धर्म के प्रति रुचि बढ़ेगी। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की भी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में वृद्धि तथा स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**सिंह :** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। संतान व जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कन्या :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। पढ़ाई में सफलता मिलेगी।

**तुला :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान भी रहेगा। सेहत का ध्यान भी रखें। किसी मित्र के सहयोग से कोई नया करोबार शुरु हो सकता है। यात्रा खर्च बढ़ेंगे।

**वृश्चिक :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**धनु :** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। माता की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**मकर :** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। लेखनादि बौद्धिक कार्यों से व्यस्तता बढ़ सकती है। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। धन की प्राप्ति होगी।

**कुंभ :** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। परिवार की सेहत का भी ध्यान रखें। आय में कमी व खर्च की अधिकता रहेगी। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं।

**मीन :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

3 अगस्त, सोमवार, **शक संवत्** : 12 श्रावण (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 19 श्रावण मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 19 सफर, 1448, **विक्रमी संवत्** : श्रावण कृष्ण पंचमी तिथि रात्रि 10.55 मिनट तक पश्चात षष्ठी तिथि, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र रात्रि 10.01 मिनट तक पश्चात रेवती नक्षत्र, कौलव करण, चंद्रमा मीन राशि में (दिन-रात)। **सूर्य दक्षिणायन।** सूर्य उत्तर गोल। वर्षा ऋतु। प्रात: 07.30 बजे से प्रात: 09 बजे तक राहुकालम्। नाग पंचमी। श्रावण सोमवार व्रत प्रारंभ। गंडमूल रात्रि 10.01 बजे से। पंचक।

## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

मंदिर में प्रवेश करते समय ध्यान रखने योग्य बातें :

- मंदिर में भगवान की परिक्रमा हमेशा घड़ी की दिशा में यानी बायें से दायें करनी चाहिए।
- मंदिर के बाहर चप्पल एकदम भगवान के सामने नहीं उतारें। चप्पलों को इस प्रकार उतारें कि कोई दूसरा उन्हें लांघ न सके। मंदिर में मोजे पहनकर न जाएं।
- मंदिर से आने के तुरंत बाद हाथ-पैर नहीं धोने चाहिए।
- मंदिर से आने के बाद एकदम सबसे पहले शौचालय नहीं जाना चाहिए।
- मंदिर से आने के बाद स्नान भी नहीं करना चाहिए।
- जब भी मंदिर जाएं, तो मंदिर की चौखट को छूकर प्रणाम करके ही अंदर जाएं।

## वर्ग पहेली : 8409

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | ■ | 4 | ■ |
| | ■ | | ■ | 5 | | | | |
| 6 | | | | | | ■ | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 7 | ■ | 8 |
| 9 | | | | ■ | 10 | | | |
| | ■ | | ■ | 11 | ■ | | ■ | |
| ■ | 12 | ■ | 13 | | | | | |
| 14 | | | | ■ | | ■ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | 15 | | | |

**बाएं से दाएं**
1. साधारण व्यक्ति; आम व्यक्ति (2,2)
5. उद्धार करने वाला; तारने वाला; नाविक; संकटमोचक (5)
6. रक्षा करना; बचाना; बचा कर चलना (3,3)
9. अध्यक्षता; सभापतित्व; सदर का पद (4)
10. बोलचाल के वाक्यांश; विलक्षण अर्थों वाला शब्द समूह (4)
13. घोलना; मिलाना; समामेलन करना (3,3)
14. आलिंगन करना; पाश में लेना; लिपटना; शबाशी देना (2,3)
15. आमद रफ्त; मिलना-जुलना; आवागमन (2,2)

**ऊपर से नीचे**
1. कड़ी गरमी होना; तेज धूप पड़ना; गोले/गोलियों की बौछार होना (2,4)
2. जहाज का पहली बार पानी में प्रवेश (6)
3. रोकना; अगोटना; घेरे में लाना (3)
4. पानी भरने वाला; पालकी उठाने वाला (3)
5. तारा; नक्षत्र; कर्णधार; तारने वाला; (3)
7. अंत करना; कहर ढाना; विनाश करना (3,3)
8. प्रशंसा होना; तारीफ होना; बड़ाई होना (4,2)
11. दग्ध होना; आग लगना; ईर्ष्या करना (3)
12. धन; राशि; संपत्ति (3)
13. जो घना न हो; दुर्लभ; पतला (3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

## वर्ग पहेली : 8408

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ब | र | 2 क | त | 3 हो | ना | ■ | 4 भ | ■ |
| त | ■ | न | ■ | न | ■ | 5 ग | र | ल |
| 6 र | सि | क | वि | हा | री | ■ | भ | ■ |
| स | ■ | ना | ■ | र | ■ | 7 चौ | रा | हा |
| ■ | 8 ल | ह | र | ■ | 9 रो | क | ना | ■ |
| 10 फ | प | ट | ■ | 11 च | ■ | ड़ी | ■ | 12 खा |
| ■ | ल | ■ | 13 चु | ट | की | भ | र | ना |
| 14 सी | पा | न | ■ | की | ■ | र | ■ | पी |
| ■ | ना | ■ | 15 उ | ला | ह | ना | दे | ना |

## सुडोकू : 8363

*मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | 1 | 6 | | 5 | 3 | | |
| 6 | 2 | | | | | | 8 | 5 |
| | 4 | | | 9 | | | 6 | |
| | | 6 | 8 | | 7 | 2 | | |
| | 8 | | | 2 | | | 7 | |
| 4 | 7 | | | | | | 3 | 1 |
| | | 2 | 5 | | 3 | 6 | | |
| | | | | | | | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3×3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

## सुडोकू : 8362

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 8 | 6 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 9 | 4 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 1 | 7 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 9 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 7 | 3 | 4 | 1 | 8 | 5 | 2 | 9 |

# सुल्तानगंज में जल लेने के लिए डाकबमों की उमड़ी भारी भीड़

श्रावणी मेला


रविवार को सुल्तानगंज के अजगैवीनाथ धाम से बाबाधाम जाने के पहले जल संकल्प कराते कांवरिये। • हिन्दुस्तान

सुल्तानगंज (भागलपुर), निसं। श्रावणी मेला को लेकर सुल्तानगंज में रविवार को डाक बमों की संख्या में इजाफा देखा गया। डाक बम रविवार को जल उठाकर सोमवार को बाबाधाम पहुंचकर भोलेनाथ को जल अर्पित करते हैं। डाक जल उठाकर जाने वाले बमों को इस बात की शिकायत थी कि बाबाधाम में डाक बमों को कोई विशेष सुविधा नहीं मिलती।

अजगैवीनाथ मंदिर परिसर में मिले कौशल कुमार खानी, विजेंद्र सिंह और साहिन कुमार गुप्ता आदि डाक बमों ने बताया कि हमलोग डाक बम बनने के लिए पहले से ही तैयारी करते हैं। एक महीने पहले जूते-चप्पल पहनना बंद कर देते हैं, नियमित रूप से नंगे पांव दौड़ लगाते हैं और फल का सेवन अधिक करते हैं। इन डाक बमों ने बताया कि यह उनकी पहली यात्रा नहीं है, पहले भी जा चुके हैं। डाक जल उठाने से पहले डाक बम अपने पैर के तलवों में नींबू का रस रगड़ते हैं। सुविधा के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमें सुविधा से क्या लेना-देना। हम तो औघड़दानी के भक्त हैं और उनकी भक्ति में लीन होकर चले जा रहे हैं।

**3226 डाक बम ने उठाया गंगाजल :** प्रखंड नियंत्रण कक्ष के अनुसार, रविवार को पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा में स्नान कर अपने साथ गंगाजल लेकर 3226 डाक बम डाक प्रमाण पत्र के साथ देवघर के लिए प्रस्थान किए। इनमें 3136 पुरुष एवं 90 महिला डाक बम शामिल हैं। जबकि सामान्य बमों की संख्या शनिवार की शाम पांच बजे से रविवार शाम पांच बजे तक 86 हजार 116 बताई गई है।

## पहली सोमवारी पर गरीबनाथ और सोमेश्वरनाथ सहित उत्तर बिहार के प्रमुख मंदिरों विशेष तैयारी

मुजफ्फरपुर। श्रावण मास की पहली सोमवारी पर उत्तर बिहार के प्रमुख शिवालयों में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन और मंदिर समितियों ने व्यापक तैयारियां की है। मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ धाम, पूर्वी चंपारण के अरेराज स्थित सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर, दरभंगा के कुशेश्वरस्थान, पूर्वी चंपारण के केसरिया स्थित विराट रामायण मंदिर परिसर के शिवालय तथा मधुबनी के कपिलेश्वर स्थान सहित प्रमुख मंदिरों मे जलाभिषेक, दर्शन और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ धाम में पहली सोमवारी पर 51 हजार कांवरियों समेत एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के जलाभिषेक का अनुमान है। रविवार से ही डाक और लोकल कांवरियों का पहुंचना शुरू हो गया। मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग, अलग-अलग कतार, अरघा के माध्यम से जलाभिषेक तथा सुगम दर्शन की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। अरेराज के सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर, दरभंगा के कुशेश्वरस्थान, मधुबनी के कपिलेश्वर स्थान और अन्य प्रमुख शिवालयों मे भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए बैरिकेडिंग, पेयजल की व्यवस्था की गई है।

प्रदेश 30s


केसरनाथ महादेव मंदिर से दानपात्र चोरी होने के बाद पुजारी से पूछताछ करती पुलिस।

### केसरनाथ महादेव मंदिर से दानपात्र की चोरी

केसरिया (पू.चं.)। उत्तर बिहार के प्रसिद्ध तीर्थस्थल केसरिया स्थित केसरनाथ महादेव मंदिर परिसर से चोरों ने दानपात्र की चोरी कर ली। घटना की जानकारी रविवार सुबह उस वक्त हुई, जब मंदिर के संचालक सुधांशु रंजन नियमित पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। उन्होंने मंदिर में रखा दानपात्र गायब देख तत्काल इसकी सूचना केसरिया थाने को दी। थानाध्यक्ष राहुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। चोरों का सुराग लगाने के लिए मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### बैंककर्मी की हत्या कर शव एनएच किनारे फेंका

कुरसेला (कटिहार)। कुरसेला थाना क्षेत्र मे एनएच-31 पर कोसी पुल और कबीर मठ के बीच सड़क किनारे रविवार सुबह करीब छह बजे एक बैंककर्मी का शव मिला। मृतक की पहचान भागलपुर के नवगछिया पुलिस जिला अंतर्गत सिमरा निवासी अंशु कुमार झा (32 वर्ष) के रूप मे हुई है। आशंका जताई जा रही है कि युवक की कहीं और हत्या कर साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को बदमाशों ने सड़क किनारे फेंक दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### करंट से रेलकर्मी और पुलिस जवान की मौत

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर प्रखंड के रतनपुर गांव में रविवार सुबह बिजली का तार ठीक करने के दौरान करंट लगने से एक रेलकर्मी और बिहार पुलिस के एक जवान की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान रतनपुर निवासी पंकज कुमार साह (38 वर्ष) और अमन कुमार (30 वर्ष) के रूप में हुई है। पंकज जमालपुर रेल कारखाना में कार्यरत थे, जबकि अमन कुमार बिहार पुलिस में जवान थे और समस्तीपुर में डीएसपी के बॉडीगार्ड के रूप मे तैनात थे।

### पत्नी को साथ रखने की जिद में टावर पर चढ़ा युवक

लखनौर (मधुबनी)। लखनौर प्रखंड की दीप पश्चिमी पंचायत स्थित वलवा टोल में रविवार को पत्नी को साथ रखने की जिद मे एक युवक मोबाइल टावर पर चढ गया। करीब चार घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों के समझाने-बुझाने पर वह नीचे उतरा। इस दौरान टावर के आसपास भारी भीड़ जुटी रही। जानकारी के अनुसार, दीप पश्चिमी पंचायत के वार्ड छह निवासी कुदुस रैन का 20 वर्षीय पुत्र सज्जाद रैन उर्फ शहादत रविवार सुबह करीब आठ बजे पंचायत भवन के पास स्थित मोबाइल टावर पर चढ गया।

### बगहा : गांवों के पास बाघ की चहलकदमी से दहशत

बगहा (प.चं.)। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) से निकलकर सीमावर्ती गांवों के समीप पहुंचे बाघ की चहलकदमी ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है। चिउटाहां वन क्षेत्र के सपही और महुआवा गांव में बाघ के ताजा पगमार्क मिले हैं। बाघ की मौजूदगी की पुष्टि के बाद विभाग ने पूरे इलाके में चौकसी बढ़ा दी है। शनिवार रात सीमावर्ती गांवों मे माइकिंग कराकर ग्रामीणों को सतर्क रहने और जंगल के आसपास अनावश्यक नहीं जाने की अपील की गई।

### श्राद्ध भोज के दौरान गोलीबारी में एक की मौत

सिंहेश्वर/शंकरपुर (मधेपुरा)। सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के बेहरारी पंचायत के वार्ड दो में शनिवार की देर रात श्राद्ध भोज के दौरान दो पक्षों में आपसी विवाद को लेकर अचानक गोलीबारी शुरू हो गई। घटना के दौरान गोली लगने से एक युवक की मौत हो गयी और एक युवक जख्मी हो गया। मृतक की पहचान बेहरारी वार्ड दो निवासी मोहन यादव के बेटे रामू यादव (45 वर्ष) के रूप में हुई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की रिपोर्ट में सामने आये आंकड़े, तीन वर्ष पहले लिया गया रिकॉर्ड

# मरीजों के रोग का रिकॉर्ड तैयार करने में बिहार देश में अव्वल

हि एक्सक्लूसिव

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की बीमारी का रिकार्ड तैयार करने में बिहार देश में अव्वल है। केंद्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। बिहार में सात करोड़ लोगों की बीमारी का रिकॉर्ड सरकारी अस्पतालों में तैयार किया गया है। तीन वर्ष पहले शुरू आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत यह रिकॉर्ड लिया गया।

क्षेत्रीय उप निदेशक स्वास्थ्य डॉ. शंकर रजक का कहना है कि अस्पतालों की ओपीडी में आने वाले सभी मरीजों का डाटा और उनकी बीमारियों का रिकॉर्ड तैयार किया जाता है। मरीज अस्पताल की ओपीडी में लगाए गए क्यूआर स्कैनर को स्कैन करते हैं और पूरा ब्योरा डालते हैं। इससे मरीजों का डाटा भी तैयार होता है और रजिस्ट्रेशन के लिए टोकन भी जारी हो जाता है।

मरीजों की बीमारी का ऑनलाइन रिकॉर्ड तैयार करने में उत्तर प्रदेश दूसरे नंबर पर है। उत्तर प्रदेश में चार करोड़ सात लाख मरीजों का ऑनलाइन डाटा तैयार किया गया है।

तीसरे स्थान पर आंध्रप्रदेश है, यहां तीन करोड़ 36 लाख लोगों का डाटा ऑनलाइन तैयार किया गया है। मरीजों का ऑनलाइन डाटा तैयार करने में पड़ोसी राज्य झारखंड काफी पीछे है। वहां 61 लाख 91 हजार मरीजों का ही रिकॉर्ड ऑनलाइन तैयार हुआ है।

07 करोड़ लोगों की बीमारी का तैयार हुआ डाटा बिहार में

- यूपी मरीजों की बीमारी का डाटा बनाने में देश में दूसरे स्थान पर
- सरकारी अस्पतालों में स्कैन-शेयर सिस्टम से तैयार होता है डाटा



**आभा आईडी बनवाने में पुरुष हैं आगे**

आभा आईडी बनवाने मे पुरुष आगे है। देश में 50.28 प्रतिशत पुरुषों के आभा आईडी बन चुके हैं तो 49.72 प्रतिशत महिलाओं के आभा आईडी कार्ड बने हैं। 0.01 प्रतिशत ट्रांसजेंडरों का भी आभा आईडी कार्ड बना है। क्षेत्रीय उप निदेशक का कहना है कि सभी अस्पतालो को निर्देश दिया गया है कि वह अपने यहां आने वाले सभी मरीजों के आभा आईडी कार्ड बनाएं।

**राज्य में छह करोड़ लोगों की बनी आभा आईडी**

केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक बिहार में 6 करोड़ 57 लाख लोगों की आभा आईडी बन चुकी है। पड़ोसी राज्य झारखंड में दो करोड़ लोगों की आभा आईडी बनी है। आभा आईडी बनाने में उत्तर प्रदेश देश में नंबर वन है, यहां 15 करोड़ लोगों की आईडी बन गई है। यह आभा आईडी सरकारी और निजी नर्सिंग होम में इलाज कराने गए लोगों की बनी है। नेशनल मेडिकल कमीशन ने अब एसकेएमसीएच सहित सभी मेडिकल कॉलेजों को अपने यहां ओपीडी में आने वाले मरीजों की आभा आईडी बनाने का निर्देश दिया है।


डेहरी ईओ विमल कुमार की हत्या के विरोध में रविवार को दानापुर के गोला रोड में प्रदर्शन करते कार्यपालक पदाधिकारी और परिजन।

# ईओ की हत्या के विरोध में शव के साथ किया प्रदर्शन

- पुलिस ने गोला रोड में ही रोका, छह घंटे रहा रोड जाम
- शव के साथ सीएम आवास जाने पर अड़े थे परिजन

पटना/ दानापुर, हिन्दुस्तान टीम। डेहरी-डालमियानगर नगर परिषद के ईओ विमल कुमार की हत्या के विरोध में रविवार को परिजन, शुभचिंतकों और कई कार्यपालक पदाधिकारियों ने गोला रोड मुख्य सड़क पर शव के साथ प्रदर्शन किया।

परिजन शव के साथ सीएम आवास की ओर जाना चाहते थे लेकिन पुलिस ने उन्हें गोला रोड में ही रोक दिया। मुख्य सड़क पर करीब छह घंटे तक शव लेकर लोग प्रदर्शन करते रहे। परिजनों ने स्थानीय विधायक पर भी कई आरोप लगाया। इधर, कार्यपालक पदाधिकारी संघ का कहना है कि छह माह में दो ईओ की हत्या हो गई। सरकार सभी ईओ, सीओ और बीडीओ की तरह सुरक्षा मुहैया कराए। विमल कुमार का शव सुबह 11.30 बजे दानापुर के गोला रोड टी-प्वाइंट स्थित गंगा कुटीर अपार्टमेंट पहुंचा। वे अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या 501 में पत्नी बबीता देवी और दो बच्चों के साथ रहते थे। उनके आवास पर औरंगाबाद, भागलपुर, कैमूर, हाजीपुर, विक्रम, पालीगंज समेत 10 कार्यपालक पदाधिकारी पहुंच गए। ईओ विमल कुमार का रविवार की देर शाम दीघा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। घाट पर विरोधी दल के नेता तेजस्वी यादव पहुंचे और श्रद्धांजलि दी।

# एके-47 तस्करों की संपत्ति पर कसेगा शिकंजा

- मुजफ्फरपुर, वैशाली, पूर्वी चंपारण के 6 आरोपितों की संपति का ब्योरा तलब

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। नगालैंड से एके-47 की तस्करी के मामले में आरोपितों की अवैध संपत्ति को लेकर कार्रवाई शुरू हो गई है। एनआईए ने मुजफ्फरपुर, वैशाली और पूर्वी चंपारण के छह अंचलों के सीओ से आरोपितों और उनके करीबियों की चल-अचल संपत्ति का पूरा ब्योरा मांगा है। इसके आधार पर ईडी की ओर से अपराध से अर्जित संपत्ति जब्त की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

एनआईए की मांग पर मुजफ्फरपुर में साहेबगंज, कुढ़नी, सरैया और मुशहरी के सीओ को जिला प्रशासन ने निर्देश जारी किया है। डीएम के आदेश पर सीओ आरोपितों की जमीन, मकान, वाहन और अन्य संपत्तियों का ब्योरा जुटा रहे हैं। निबंधन कार्यालय और जिला परिवहन कार्यालस से भी आरोपितों की जमीन-जायदाद और वाहनों के संबंध में जानकारी मांगी गई है। एनआईए ने एके-47 कांड में मिठनपुरा तीन कोठिया मोहल्ला के मंजूर खान, सरैया अंचल के पोखरैरा निवासी विकास कुमार, कुढ़नी अंचल के फकुली थाना अंतर्गत मनकौली गांव निवासी देवमनी कुमार और साहेबगंज के विशंभरपुर निवासी कुंदन कुमार की संपत्ति का ब्योरा मांगा है। वैशाली के अंजानपीर निवासी सत्यम कुमार की संपत्ति का भी ब्योरा खंगाला जा रहा है।

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

अब राजस्व न्यायालयों में केवल ऑनलाइन साक्ष्य ही होंगे स्वीकार!

भौतिक रूप से दस्तावेज जमा करने की अब आवश्यकता नहीं।

राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली (RCMS) के माध्यम से अब सभी आवश्यक दस्तावेज और अतिरिक्त साक्ष्य ऑनलाइन अपलोड किए जाएंगे।

घर बैठे बस अपनाइए ये आसान चरण—

01 इसके लिए सबसे पहले उपयोगकर्ता बिहारभूमि पोर्टल https://biharbhumi.bihar.gov.in/ पर जाएं।
02 "राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली" पर क्लिक करें।
03 "File Case Online" बटन पर क्लिक करें।
04 उसके बाद आप अपने मोबाइल नंबर की मदद से लॉगिन करें (अगर नए user हैं तो पहले आप रजिस्ट्रेशन करें) तथा "राजस्व न्यायालय में मुकदमा दर्ज करें" पर क्लिक करें।
05 संबंधित न्यायालय का चयन करें।
06 अपने सभी दस्तावेज को "Add Case Record" के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड करें। (ध्यान रखें: फाइल की अधिकतम साइज 2 MB तक हो।)
07 वांछित "केस नंबर" चुनें और "दस्तावेज़ जोड़ें" विकल्प से आवश्यक फाइलें अपलोड कर प्रक्रिया पूरी करें।

याद रखें:
अब राजस्व न्यायालयों में केवल ऑनलाइन अपलोड किए गए दस्तावेज/साक्ष्य ही स्वीकार किए जाएंगे। इसलिए समय पर अपने सभी आवश्यक दस्तावेज RCMS पोर्टल पर अपलोड करें।

PR No.- 009195 (Revenue)D. 2026-27

शिकायत एवं सुझाव के लिए लिए जन शिकायत पोर्टल https://biharbhumi.bihar.gov.in/ पर जायें।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी।
स्पष्ट भू संपदा, सुशासन, समृद्धि से शांति सर्वदा
Follow Us #BiharRevenueAndLandReformsDept

ग्रामीण विकास विभाग
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान
स्वच्छता सबका संकल्प - स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी

स्वच्छ गाँव, स्वस्थ परिवार
स्वच्छ व्यवहार से करें साकार

गाँव को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर बनाने के लिए अपनाएँ ये 4 स्वच्छ आदतें

1 शौचालय का नियमित उपयोग करें
व्यक्तिगत शौचालय अथवा सामुदायिक स्वच्छता परिसर का नियमित उपयोग करें तथा सदैव स्वच्छ एवं क्रियाशील बनाए रखें।

2 कचरे का 4 भागों में पृथक्करण करें
4 कूड़ेदान – 1 समाधान
घरों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में अपशिष्ट का 4 भागों में पृथक्करण करें। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2026 का अनुपालन करें।

3 प्लास्टिक एवं अन्य सूखे कचरे का सुरक्षित निपटान करें
प्लास्टिक एवं अन्य ठोस अपशिष्ट को इधर-उधर न फेंकें। इसे निर्धारित कूड़ेदान में एकत्र करें एवं स्वच्छता कर्मी को सौंपें।

4 धूसर जल का सुरक्षित निपटान करें
रसोईघर एवं स्नानघर से निकलने वाले धूसर जल (ग्रे वाटर) का सोख्ता गड्ढा, किचन गार्डन इत्यादि के माध्यम से सुरक्षित निपटान करें।

PR No.- 009199 (RDD)D. 2026-27

आइए, स्वच्छ व्यवहार अपनाकर स्वच्छ गाँव, स्वस्थ परिवार और समृद्ध बिहार के निर्माण में अपना योगदान दें।

केंद्र सरकार छह महीने के भीतर लागू करेगी नया ढांचा

# वाहनों को साइबर हमले से बचाएगा सख्त नियम

**तैयारी**



**90** फीसदी कारें एडवांस तकनीकों से युक्त होंगी वर्ष 2030 तक

**सभी वाहनों को दायरे में लाया जायेगा**

सरकार की चिंता केवल इलेक्ट्रिक वाहनों तक सीमित नहीं है। देश में ऑटोमैटिक पार्किंग, ऑटोमैटिक ब्रेकिंग और लेन असिस्ट जैसी सुविधाएं वाली सेमी-ऑटोमैटिक गाड़ियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। नीति आयोग के आकलन के अनुसार, 2030 तक भारत में बिकने वाली 90% यात्री कारों में एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार नए ढांचे में सभी वाहनों को शामिल करेगी।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार देश में बिकने वाले सभी नए वाहनों के लिए सख्त साइबर सुरक्षा नियम लाने की तैयारी कर रही है। मामले से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, अगले छह महीनों में ऐसा ढांचा तैयार किया जाएगा, जिससे नई गाड़ियों को हैकिंग और साइबर हमलों से सुरक्षित बनाया जा सके।

यह कदम हाल में सामने आए उन मामलों के बाद उठाया जा रहा है, जिनमें मोबाइल ऐप के जरिए ई-रिक्शा की बैटरी से बिना अनुमति छेड़छाड़ की गई थी। सरकार पहले ही ऐसे ऐप पर रोक लगा चुकी है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने हाल ही में दो नए मानक एआईएस-189 (वाहन साइबर सुरक्षा) और एआईएस-190 (सॉफ्टवेयर अपडेट प्रबंधन) का मसौदा जारी किया है। इनमें कनेक्टेड वाहनों के लिए साइबर सुरक्षा और सॉफ्टवेयर अपडेट प्रबंधन प्रणाली के नियम प्रस्तावित किए गए हैं। इन्हें अक्टूबर 2026 से चरणबद्ध तरीके से लागू करने की योजना है।

**क्या है प्रस्ताव :** प्रस्तावित नियमों के तहत वाहन कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि गाड़ियों में डाटा एकत्र करने, उसे प्रोसेस करने और वाहन को नियंत्रित करने वाली सभी डिजिटल प्रणालियां साइबर हमलों से सुरक्षित हों। सरकार यह भी समीक्षा कर रही है कि इंटरनेट से जुड़ी ये गाड़ियां ड्राइवर और यात्रियों का डाटा किस तरह एकत्र और इस्तेमाल कर रही हैं। यह सुनिश्चित होगा कि वाहन निर्माता डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन नियम, 2025 के अनुरूप ही डाटा का संग्रह, भंडारण और उपयोग करें।

# सीमित दायरे में रहेंगे सोना और चांदी

**निवेशकों ने सतर्क रुख का संकेत दिया**

विश्लेषकों के अनुसार, फेडरल रिजर्व ने अभी ब्याज दरों के भविष्य को लेकर स्पष्ट संकेत नहीं दिए हैं। इसके अलावा बाजार की नजर चीन के निर्यात, आयात, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और उत्पादक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों पर भी रहेगी। वहीं, अमेरिका-ईरान तनाव और कच्चे तेल की आपूर्ति की स्थिति भी सोना-चांदी की कीमतों को प्रभावित कर सकती है। इससे निवेशकों के सतर्क रुख का संकेत मिलता है।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में सीमित उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है। विश्लेषकों के अनुसार, निवेशकों की नजर अमेरिका के रोजगार आंकड़ों और फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों से जुड़े संकेतों पर रहेगी।

इन्हीं के आधार पर सर्राफा बाजार की आगे की दिशा तय हो सकती है। इस संबंध में विश्लेषकों ने कहा कि निवेशक इस सप्ताह अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोजोन और जापान के पीएमआई आंकड़ों पर भी नजर रखेंगे।

अमेरिका की बेरोजगारी दर और जुलाई के रोजगार आंकड़े भी बाजार के लिए अहम रहेंगे। निकट अवधि में एमसीएक्स पर सोना 1.40 लाख से 1.44 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर सकता है।


पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा–का0परि0(विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग)–63 / 2023 (खण्ड–II)

**बिहार कर्मचारी चयन आयोग**

पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

ज्ञापांक–3364 / अ10

**आवश्यक सूचना**

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या–02 / 2022 के कार्यालय परिचारी की मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा **दिनांक–26.05.2026 (मंगलवार)** को बापू परीक्षा परिसर, कुम्हरार, पटना में आयोजित की गयी। मुख्य परीक्षा के उपरांत मेधानुसार, कोटिवार एवं श्रेणीवार योग्य अभ्यर्थियों के प्रमाण–पत्रों की संवीक्षा **दिनांक–14.07.2026 एवं 15.07.2026 तथा दिनांक–30.07.2026** को आयोजित की गई। प्रमाण–पत्रों की संवीक्षा के उपरांत सफल अभ्यर्थियों का परीक्षाफल आयोग के वेबसाइट– https://bssc.bihar.gov.in पर प्रदर्शित है।

अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाइट– https:/bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहेंगे।

सचिव
बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना

PR. No. 009263 (GAD) 2026-27

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी प्राप्त की जा सकती है।



**बिहार सरकार**

**कार्यालय, नगर पंचायत कमतौल–अहियारी, दरभंगा**

अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

(ई–टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)

संख्या–re NIT No-06 / 2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता — कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत कमतौल–अहियारी, दरभंगा।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि — दिनांक–27.07.2026।
3. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय — दिनांक–03.08.2026। के बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं — दिनांक–05.08.2026 को समय–11:00 बजे।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि — दिनांक–05.08.2026 समय 03:00 बजे तक तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि — दिनांक–07.08.2026 समय–03:30 बजे
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि — तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त निर्देशानुसार
8. कार्य की विवरणी–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु. में) | अग्रधन की राशि (ऑनलाईन के माध्यम से) (Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) (ऑनलाईन के माध्यम से) (Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in) | Bid Processing Fee (Through online payment) हेतु प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत कमतौल अहियारी अन्तर्गत वार्ड नं0 03 में लाला जी के घर से सती स्थान तक मिट्टी करण खरंजाकरण एवं पी0सी0सी0 सड़क एवं SH-75 सड़क से शमशान होते हुए महाराजी बांध तक मिट्टी करण एवं पी0सी0सी0 सड़क सह पुलिया एवं वैद्यनाथ साह के खेत से जरो बाबा स्थान होते हुए महाराजी बांध तक मिट्टी करण खरंजा सह पुलिया निर्माण कार्य। | 2,80,80,700.00 | 5,61,600.00 | 10,000.00 | As per E-proc | 9 माह |
| 02 | नगर पंचायत कमतौल–अहियारी अंतर्गत वार्ड नं0 04, 06, 07 में हिरनगा नाला का पक्कीकरण अंडरग्राउंड नाला एवं पी0सी0सी0 सड़क SH-75 श्री किशुन साह के दूकान के नजदीक तक निर्माण। | 2,83,49,344.00 | 5,66,900.00 | 10,000.00 | As per E-proc | 9 माह |

**Note :-** Bidders should submit Bid Processing fee through online payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in

9. निविदा की वैधता अवधि :–120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 009059 (B&C) 2026-27

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत
कमतौल–अहियारी, दरभंगा

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


# बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने ब्याज दर घटाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने ग्राहकों को राहत देते हुए आवास ऋण पर ब्याज दर में कटौती की है। बैंक ने एक पेशकश के तहत आवास ऋण पर ब्याज दर को मौजूदा के 7.1 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है।

यह सुविधा सीमित अवधि के लिए शुरू की गई विशेष पेशकश 'मानसून धमाका' के तहत दी जा रही है। बैंक के अनुसार, इस योजना के अंतर्गत आवास ऋण पर सात प्रतिशत से शुरू होने वाली ब्याज दर के साथ-साथ प्रसंस्करण शुल्क और दस्तावेजीकरण शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। बैंक के अनुसार, आवास ऋण पर सात प्रतिशत और वाहन कर्ज पर 7.45 प्रतिशत की ब्याज दरें उद्योग में सबसे प्रतिस्पर्धी दरों में शामिल हैं।

# मानसून में सुधार से खाद्य महंगाई घटने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंक ऑफ बड़ौदा की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले सप्ताहों में यदि मानसून की स्थिति में सुधार होता है और बारिश सामान्य से अधिक रहती है तो खाद्य महंगाई का दबाव कम हो सकता है। हालांकि, अल नीनो के असर की आशंका के कारण स्थिति पर नजर रखना जरूरी होगा।

रिपोर्ट के अनुसार, 1 जून से 31 जुलाई 2026 के बीच देश में 389.8 मिमी बारिश हुई, जो दीर्घकालिक औसत से 13 प्रतिशत कम है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 474.3 मिमी वर्षा हुई थी। हालांकि, जुलाई में स्थिति में सुधार हुआ और इस महीने एलपीए से एक प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई, जबकि जून में वर्षा 39 प्रतिशत कम रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, देश के 36 मौसम उपखंडों में से 19 में सामान्य या उससे अधिक बारिश हुई, जबकि 16 राज्यों में अब भी बारिश सामान्य से कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई में बारिश में सुधार से उम्मीद जरूर बढ़ी है, लेकिन आने वाले महीनों में मानसून की चाल, खरीफ बुआई और जलाशयों का जलस्तर कृषि उत्पादन और खाद्य महंगाई की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे।

# कर्ज किस्त में कटौती के आसार कम

**तेजी से बढ़ती खुदरा महंगाई की चिंता बरकरार**



जानकारों का अनुमान है कि आने वाले अगले दो तिमाहियों तक खुदरा महंगाई दर पांच फीसदी से ऊपर बनी रह सकती है। ऐसे में बाजार में महंगाई को और ज्यादा बढ़ने से रोकने के लिए रिजर्व बैंक ब्याज दरों में किसी भी तरह की जल्दबाजी या कटौती करने से परहेज करेगा और नीतिगत दरों को यथावत रखेगा। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि फिलहाल महंगाई नियंत्रण में है, इसलिए मौजूदा स्थिति बनाए रखना उचित विकल्प होगा।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तीन अगस्त से शुरू होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में कोई बदलाव नहीं होने की संभावना है।

अर्थशास्त्रियों और बैंकिंग क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि महंगाई के संभावित जोखिमों को देखते हुए आरबीआई फिलहाल 'देखो और इंतजार करो' की रणनीति अपनाएगा। मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक में अर्थव्यवस्था और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े कई बड़े फैसले लिए जाएंगे, जिनका आधिकारिक ऐलान पांच अगस्त को किया जाएगा। सभी की नजरें ब्याज दरों में संभावित कटौती पर टिकी हुई हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिम एशिया में तनाव, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और कई राज्यों में कमजोर मानसून के कारण महंगाई बढ़ने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में आरबीआई रेपो दर को मौजूदा स्तर 5.5 फीसदी पर बनाए रख सकता है। आरबीआई पिछले साल से अब तक आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के लिए रेपो दर में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती कर चुका है।

# पेट्रोल-डीजल की बिक्री में उछाल दर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमजोर मानसून के कारण किसानों और वाहन चालकों की ओर से अधिक मांग होने पर पेट्रोल और डीजल की बिक्री में जुलाई के दौरान उछाल आया है।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की पेट्रोल बिक्री जुलाई में 9.7 प्रतिशत बढ़कर 34.5 लाख टन हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 31.4 लाख टन थी। वहीं, विमान ईंधन (एटीएफ) की बिक्री जुलाई के दौरान 2.9 प्रतिशत बढ़कर 6,59,900 टन हो गई। एलपीजी की बिक्री में गिरावट रही।

# इस सप्ताह 6 आईपीओ पेश होंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार में इस सप्ताह दो मेनबोर्ड और चार एसएमई आईपीओ खुलेंगे। मुख्य बोर्ड में आर्डी इंडस्ट्रीज और टेक्नोक्राफ्ट वेंचर्स के आईपीओ आने वाले हैं, जबकि एसएमई श्रेणी में अनविल वायर, एजीयस टेक्नोलॉजीज, एलएपीएल ऑटोमोटिव और ऑप्टिमिस्टिक्स एंटरटेनमेंट के सार्वजनिक निर्गम खुलेंगे। आर्डी इंडस्ट्रीज का आईपीओ 5 अगस्त को खुलेगा। कंपनी इस निर्गम के जरिए करीब 425.87 करोड़ रुपये जुटाएगी।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) / वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु **ऑनलाईन (ई–टेंडरिंग) के माध्यम से 'खुली' निविदा** आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम:** (i) छपरा में लिफ्ट और एस्केलेटर की स्थापना से संबंधित सिविल कार्य। (ii) विभिन्न स्टेशनों (छपरा में प्रतीक्षालय, वाटरबूथ (छपरा ग्रामीण, दिघवादुबौली, गौतमस्थान, गाजीपुर घाट, लक्ष्मीगंज, सुरेमनपुर, सहतवार और तमकुही रोड), तरियासुजान और शौचालय), 2 वे पीपी शेल्टर (छपरा ग्रामीण, दिघवादुबौली, गाजीपुर घाट, लक्ष्मीगंज, मशरख और रामकोला) पर एमईए में कमियों को दूर करने से संबंधित कार्य।; **ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–106; अनुमानित लागत(₹):** ₹2,70,61,055/-; **अमानत राशि(₹):** ₹5,41,200/-; **निविदा बन्द होने की तिथि:** 25.08.2026; **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 9 माह।
• निविदा सूचना संख्या **एनईआर–बीएसबी–2026–106** दिनांक 25.08.2026 को 11:30 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक / (इन्जी०) वाराणसी

मुजाधि / डब्ल्यू–253

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें



बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

कैडस्ट्रल सर्वे खतियान

**क्या आपके पास आपके गांव (मौजा) का कैडस्ट्रल सर्वे खतियान (CS) है?**

**बिहार सरकार को आपकी मदद चाहिए**

राज्य के कुल 45,858 मौजों में से 36,524 मौजों के खतियानों की स्कैन कॉपी भू-अभिलेख पोर्टल https://bhuabhilekh.bihar.gov.in/bhu-lekh/ पर अपलोड कर दी गयी है।

विभिन्न कारणों से राज्य के 9,334 मौजों के कैडस्ट्रल सर्वे खतियान (CS) राजस्व अभिलेखागारों में उपलब्ध नहीं हैं। राजस्व विभाग का आप सभी से अनुरोध है कि यदि आपके पास अपने गांव/मौजा का कैडस्ट्रल सर्वे खतियान (CS) उपलब्ध है, तो उसकी प्रति अपने निकटतम अंचल कार्यालय अथवा जिला अभिलेखागार में जमा कराएं।

अनुपलब्ध सभी मौजों की विस्तृत अंचलवार सूची देखने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

जिन जिलों में सबसे अधिक कैडस्ट्रल सर्वे खतियान (CS) उपलब्ध नहीं हैं।

| | जिला | मौजों की संख्या | | जिला | मौजों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कटिहार | 1570 | 13 | गया | 254 |
| 2 | भागलपुर | 1004 | 14 | कैमूर | 231 |
| 3 | जमुई | 942 | 15 | बांका | 220 |
| 4 | पूर्णिया | 603 | 16 | बक्सर | 187 |
| 5 | अररिया | 472 | 17 | भोजपुर | 175 |
| 6 | मधेपुरा | 435 | 18 | समस्तीपुर | 173 |
| 7 | बेगूसराय | 414 | 19 | खगड़िया | 157 |
| 8 | किशनगंज | 318 | 20 | सारण | 151 |
| 9 | रोहतास | 284 | 21 | सिवान | 133 |
| 10 | सहरसा | 279 | 22 | सुपौल | 105 |
| 11 | दरभंगा | 270 | 23 | पटना | 104 |
| 12 | मुंगेर | 269 | 24 | नवादा | 100 |

जिन जिलों में अपेक्षाकृत कम कैडस्ट्रल सर्वे खतियान उपलब्ध नहीं हैं

| | जिला | मौजों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | मधुबनी | 92 |
| 2 | गोपालगंज | 68 |
| 3 | नालंदा | 66 |
| 4 | वैशाली | 52 |
| 5 | लखीसराय | 48 |
| 6 | मुजफ्फरपुर | 37 |
| 7 | अरवल | 33 |
| 8 | शेखपुरा | 26 |
| 9 | जहानाबाद | 18 |
| 10 | पश्चिम चंपारण | 11 |
| 11 | पूर्वी चंपारण | 11 |
| 12 | औरंगाबाद | 09 |
| 13 | सीतामढ़ी | 09 |
| 14 | शिवहर | 04 |

शिकायत एवं सुझाव के लिए लिए जन शिकायत पोर्टल पर जायें। https://biharbhumi.bihar.gov.in/

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी।

Follow Us #BiharRevenueAndLandReformsDept

बिहारभूमि वेबसाइट पर जाने के लिए QR कोड स्कैन करें।

PR No. 009260 (Revenue)D.2026-27



**डेंगू एवं चिकनगुनिया**

**लक्षण पहचानें - सावधानी बरतें**

स्वास्थ विभाग

**डेंगू के लक्षण**
- तेज बुखार
- बदन, सर, आँखों के पीछे एवं जोड़ों में दर्द
- त्वचा पर लाल धब्बे/चकते का निशान
- नाक, मसूढ़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्राव
- काला पैखाना होना

**मच्छर से बचिए**
- डेंगू का मच्छर दिन में काटता है, अतः पूरे शरीर को ढ़कने वाले कपड़े पहनें
- दिन में सोते समय हमेशा मच्छरदानी का प्रयोग करें अथवा मच्छर भगाने वाली क्रीम आदि लगाएं
- खिड़की, दरवाजों पर जाली लगवाएं

**मच्छर को पनपने न दें**
- डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है, आसपास पानी न जमा होने दें
- कूलर एवं गमले आदि में पानी न जमने दें तथा टैंक को ढ़क कर रखें
- जमे हुए पानी पर मिट्टी का तेल या जला हुआ मोबिल डालें एवं गंदगी पर कीटनाशी दवाओं का छिड़काव करें।

तेज बुखार के साथ उपरोक्त अन्य लक्षण दिखने पर मरीज को अविलम्ब सदर अस्पताल अथवा सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाएँ।

ध्यान दें

डेंगू बुखार के लक्षण होने पर **एस्प्रीन, ब्रुफेन आदि की गोलियाँ कदापि इस्तेमाल नहीं करें।**

इसके लिए **पारासिटामोल** सुरक्षित दवा है।

राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों एवं सदर अस्पतालों में जाँच एवं ईलाज की सुविधाएँ निःशुल्क उपलब्ध है (IGIMS एवं RMRIMS में केवल निःशुल्क जाँच की सुविधा उपलब्ध)।

**104** अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन पर संपर्क करें

**राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार**

सुलभ स्वास्थ्य - सुरक्षित जीवन

PR No.- 009255 (Health)D. 2026-27

कुल स्वर्ण पदकों के 61 प्रतिशत महिला खिलाड़ियों ने जीते, इनके दम पर भारत लगातार 24 साल से तालिका में शीर्ष पांच में कायम

# ग्लास्गो में बेटियों ने ऊंचा रखा तिरंगा

**नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में खेलों की कटौती के चलते महिला खिलाड़ियों की संख्या भले घटी लेकिन पदक जीतने में बेटियों ने कोई कमी नहीं रखी। बेटियों ने तिरंगा ऊंचा रखा। उनके दमदार प्रदर्शन के दम पर भारत 24 साल से लगातार तालिका में शीर्ष पांच में रहने में कामयाब रहा। बेटियों ने कुल स्वर्ण पदकों के 61 प्रतिशत जीतकर अपनी ताकत दिखाई। वहीं कुल पदकों में बेटियों का योगदान 41 प्रतिशत रहा।

मुक्केबाजी में तो बेटियों ने रिकॉर्ड पांच पीले तमगे जीतकर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। रिंग में उतरीं सात मुक्केबाजों में से छह पदक के साथ लौटीं। मुक्केबाजों ने सात स्वर्ण और तीन रजत सहित कुल 10 पदक जीतकर इतिहास रचा। पहली बार किसी एक खेल में हमने एक दिन में सात स्वर्ण पदक जीते।

मैनचेस्टर 2002 खेलों से नारी शक्ति के दम पर ही भारत ने तालिका में शीर्ष पांच में अपनी बादशाहत कायम रखी है। भारत के दबदबे वाले खेलों निशानेबाजी, कुश्ती, बैडमिंटन, हॉकी और टेबल टेनिस के नहीं होने से भारत के शीर्ष पांच में रहने की संभावना कम थी। लेकिन मुक्केबाजों के साथ ही भारोत्तोलकों और जूडो खिलाड़ियों ने शान कम नहीं होने दी। मीराबाई चानू भारोत्तोलन में गोल्डन हैट्रिक लगाने वाली दुनिया की पहली भारोत्तोलक बनीं। वहीं अस्मिता डे जूडो में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं। पैरा एथलीट शर्मिला धनकर ने शॉटपुट में पीला तमगा जीतकर इतिहास रचा।

बेटियों की भागीदारी भले कम हुई पर पदकों में योगदान देने में कोई कमी नहीं आने दी। पिछले लगातार चार राष्ट्रमंडल खेलों (2014-2026) में भारत के कुल 230 पदकों में से 93 महिला खिलाड़ियों ने जीते। यानी भारत के 41.52% पदक भारतीय बेटियों ने दिलाए। अहमदाबाद में 2030 में भारत में होने वाले खेल अपने संपूर्ण रूप में वापसी करेंगे।


भारोत्तोलक मीराबाई चानू


मुक्केबाज प्रिया घंघास


जूडो खिलाड़ी अस्मिता डे


पैरा शॉट पुटर शर्मिला


मुक्केबाज साक्षी चौधरी


मुक्केबाज अरुंधति चौधरी


मुक्केबाज जैस्मीन लंबोरिया


मुक्केबाज प्रीति पावर

## जो बने रिकॉर्ड

**16** पदक भारत ने खेलों के दसवें दिन आठ स्वर्ण सहित जीते जो एक दिन में भारत के सर्वाधिक पदक हैं। इससे पहले दिल्ली में 2010 में हुए खेलों में भारत ने छह स्वर्ण सहित कुल 15 पदक जीते थे।

**02** पीले तमगे जूडो खिलाड़ियों ने एक दिन मे जीते। अस्मिता खेलों के इतिहास में चैंपियन बनने वाली पहली महिला और हर्ष सिंह पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने

**07** स्वर्ण मुक्केबाजों ने जीते। यह खेलों के इतिहास में किसी भी खेल में एक दिन में जीते गए भारत के सर्वाधिक पदक हैं। कुल दस पदक मुक्केबाजों ने जीते जो 96 साल में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है

**07** पदक पैरा एथलीटों ने तीन स्वर्ण के साथ जीते। यह मैनचेस्टर में 2002 में पैरा खेलों के पदार्पण के बाद से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले देश ने एक स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीते थे

## आंकड़ों में कहानी

| कुल खिलाड़ी : 122 | | कुल पदक : 39 | | कुल स्वर्ण : 13 | |
|---|---|---|---|---|---|
| पुरुष : | 75 (61.48%) | पुरुष : | 23 (58.97%) | महिला : | 8 (61.54%) |
| महिला : | 47 (38.52%) | महिला : | 16 (41.03%) | पुरुष : | 5 (38.46%) |

### 2014 से 2026 तक भारतीय दल

| वर्ष | पुरुष | महिला | कुल | महिला खिलाड़ियों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 2014 | 139 | 76 | 215 | 35.35% |
| 2018 | 113 | 103 | 216 | 47.69% |
| 2022 | 106 | 102 | 208 | 49.04% |
| 2026 | 75 | 47 | 122 | 38.52% |




## अन्य मुकाबले

### साइकिलिंग : रोनाल्डो टाइम ट्रायल में 20वें स्थान पर

ग्लास्गो। भारतीय साइकिलिस्ट रोनाल्डो सिंह लैतोंजाम रविवार को खेलों के अंतिम दिन पुरुषों की 1000 मीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा में 20वें स्थान पर रहे। हर्षवीर सिंह सेखों और दिनेश कुमार 40 किमी प्वाइंट्स रेस के क्वालिफाइंग दौर में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बाहर हो गए। इसके साथ इस खेल में अभियान समाप्त हो गया।

रोनाल्डो ने 1000 मीटर टाइम ट्रायल में एक मिनट 4.191 सेकंड का समय निकाला। केवल तीन साइकिलिस्ट ही एक मिनट से कम समय में दौड़ पूरी कर सके। ऑस्ट्रेलिया के लेह हॉफमैन ने 58.530 सेकंड के समय से स्वर्ण और इंग्लैंड के जोसेफ ट्रूमैन ने 59.525 सेकंड के समय से रजत पदक जीता। ऑस्ट्रेलिया के टेट रायन ने 59.684 सेकंड के समय से कांस्य पदक हासिल किया।

### जूडो : इशरूप को कांस्य पदक मुकाबले में शिकस्त

भारतीय जूडो खिलाड़ी इशरूप नारंग (78 किलो) ने रेपेचेज मुकाबले में कैमरून की जॉर्जिका वेरली जेंगुए मौने को हराकर कांस्य जीतने की उम्मीद थी जो आखिरी दिन टूट गई। पंजाब की 19 वर्षीय इशरूप को कनाडा की कोराली गॉडबाउट ने 'युको' से हराया। इससे पहले रेपेचेज मुकाबले में मजबूत और लंबी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दो युको हासिल करने के बाद 'वाजा-आरी' के आधार पर मुकाबला अपने नाम किया। इशरूप के क्वार्टर में हारने से स्वर्ण जीतने का अभियान समाप्त हो गया था। उस मुकाबले में उन्हें इंग्लैंड की एमा रीड ने इप्पोन से हरा दिया।

## पदक तालिका

| स्थान | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 68 | 41 | 54 | 163 |
| 2 | इंग्लैंड | 26 | 43 | 36 | 105 |
| 3 | कनाडा | 18 | 20 | 21 | 59 |
| 4 | भारत | 13 | 17 | 09 | 39 |
| 5 | स्कॉटलैंड | 13 | 08 | 17 | 38 |
| 6 | नाइजीरिया | 10 | 07 | 07 | 24 |

(नोट: रविवार रात 08:00 बजे तक)

# पदक विजेताओं का स्वदेश लौटने पर जोरदार स्वागत



नई दिल्ली में रविवार को स्वदेश वापसी पर मीडिया से बात करते लवप्रीत सिंह। • एजेंसी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्टार भारोत्तोलक सेखोम मीराबाई चानू और लवप्रीत सिंह सहित राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय खिलाड़ियों के पहले दल का रविवार को स्वदेश लौटने पर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों प्रशंसकों ने जोरदार स्वागत किया।

ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई ने महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों का लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने हवाई अड्डे पर कहा, मणिपुर से होने के नाते मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि मैं अपने देश के लिए कुछ अच्छा कर सकी।

पुरुषों के 109 किग्रा से अधिक वर्ग में एक किग्रा के मामूली अंतर से स्वर्ण चूककर रजत पदक जीतने वाले लवप्रीत सिंह ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य जापान में होने वाले एशियाई खेल हैं। कुल 388 किग्रा वजन उठाने वाले पंजाब के 28 वर्षीय लवप्रीत ने कहा, मैंने कड़ी मेहनत की और उसका परिणाम मिला। जब दो खिलाड़ी मुकाबला करते हैं तो एक को हारना पड़ता है। अब मैं एशियाई खेलों की अच्छी तैयारी करूंगा।

भारतीय भारोत्तोलकों ने अपने अभियान का समापन एक स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य सहित कुल आठ पदक के साथ किया। महिलाओं के 58 किग्रा वर्ग में कांस्य जीतने वाली बिंदयारानी देवी ने कहा, जैसा हमारा स्वागत किया गया है, उससे बहुत अच्छा लग रहा है। सभी का धन्यवाद, आपने घर जैसा अहसास कराया।

# झटका : चोटिल बुमराह टेस्ट सीरीज से बाहर

## श्रीलंका दौरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह घुटने की चोट से पूरी तरह नहीं उबर पाने के कारण श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनके घुटने में सूजन शुरुआत में जितनी सामान्य लग रही थी उससे अधिक गंभीर प्रतीत हो रही है।

**जल्दबाजी के पक्ष में नहीं :** ऐसे में बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की खेल विज्ञान टीम इस अनुभवी तेज गेंदबाज को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की कड़ी चुनौती में जल्दबाजी में उतारने के पक्ष में नहीं है। आगे का कार्यक्रम काफी व्यस्त है। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज की शुरुआत 15 अगस्त से गॉल में होगी। इंग्लैंड के खिलाफ 32 वर्षीय बुमराह लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे वनडे मैच में चोटिल होने के बाद नहीं खेल पाए थे। वह हाल ही में बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे थे।

उम्मीद थी कि दो सप्ताह बाद शुरू होने वाली सीरीज तक वह मैच के लिए फिट हो जाएंगे। हालांकि पता चला है कि बुमराह को अब भी कुछ परेशानी महसूस हो रही है।

अगर वह 15 अगस्त या 23 अगस्त से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले फिट भी हो जाते हैं तो भी चिकित्सा टीम इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं है कि धीमी पिचों पर गेंदबाजी के अधिक बोझ को देखते हुए टेस्ट क्रिकेट उनके लिए सही प्रारूप होगा।

**नवंबर के बाद पहली सीरीज :** श्रीलंका दौरा, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नवंबर में घरेलू मैदान पर मिली 0-2 की हार के बाद मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में भारत की पहली टेस्ट सीरीज है। इससे पहले भारत ने इंग्लैंड में खेली गई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई थी और घरेलू मैदान पर विंडीज को 2-0 से हराया था।



### पसोपेश में चयनकर्ता, किसे देंगे मौका

यह देखना दिलचस्प होगा कि चयनकर्ता बुमराह के स्थान पर जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी या विदर्भ के यश ठाकुर में से किसे मौका देते हैं। नितीश कुमार रेड्डी (पैर की मांसपेशियों में खिंचाव), हर्षित राणा (पैर की मांसपेशियों में खिंचाव) और वाशिंगटन सुंदर (पैर की मांसपेशियों में खिंचाव) पहले ही चोटों से जूझ रहे हैं। वाशिंगटन कम से कम पहले टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। तेज गेंदबाज आकाश दीप पीठ में स्ट्रेस रिएक्शन की समस्या से उबर रहे हैं। वह लंबे समय से मैदान से दूर हैं।

## अरशद नदीम हुए आलोचना के शिकार

**लाहौर।** ओलंपिक स्वर्ण विजेता भाला फेंक खिलाड़ी पाकिस्तान के अरशद नदीम को राष्ट्रमंडल खेलों में खराब प्रदर्शन के बाद आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

नदीम 80 मीटर से कम के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ नौवें स्थान पर रहे। इसके बाद उनके लंबे समय से कोच रहे सलमान बट ने स्वीकार किया कि राष्ट्रमंडल खेलों में अरशद अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर नहीं थे और उनकी तैयारी भी पर्याप्त नहीं थी।

## एशिया-पैसिफिक डेफ मल्टी स्पोर्ट्स में नालंदा के अनुपम पेश करेंगे चुनौती

**बिहारशरीफ, हिप्र।** नालंदा के हरनौत में एक नयी खेल क्रांति का जन्म हो चुका है। झंडू कुमार के बाद अनुपम कुमार एशिया-पैसिफिक डेफ मल्टी स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में दौड़ता और तिरंगे का मान बढ़ाता दिखेगा।

उसका चयन भारतीय टीम के संभावितों में किया गया है। वह 800 मीटर दौड़ में अपनी चुनौती पेश करेगा। प्रतियोगिता का आयोजन तीन से 10 अक्टूबर तक मलेशिया के पेनांग में किया जाएगा। ऑल इंडिया स्पोर्ट्स काउंसिल ऑफ द डेफ द्वारा जारी संभावित खिलाड़ियों की सूची में अनुपम कुमार के शामिल होने पर हरनौत में खुशी का माहौल है। कोच कुंदन कुमार पांडेय ने कहा कि उनकी यह उपलब्धि कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है।


अनुपम कुमार

## खेल 30s

### पंजाब टी-20 में गिल, अर्शदीप पर नजरें



**न्यू चंडीगढ़।** शेर-ए-पंजाब टी 20 लीग की रविवार को न्यू चंडीगढ़ के पीसीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आधिकारिक तौर पर शुरुआत करने की घोषणा की गई। इससे पंजाब क्रिकेट में नए अध्याय की शुरुआत हुई। यह टूर्नामेंट 30 अगस्त से 13 सितंबर तक खेला जाएगा। इसमें कुछ बड़े नाम होंगे, जिनमें भारतीय कप्तान शुभमन गिल, अर्शदीप सिंह, अभिषेक शर्मा, गुरनूर बराड़, प्रभसिमरन सिंह और रमनदीप सिंह हैं। इस लीग में खिताब के लिए छह टीमें 27 रोमांचक मैचों में मुकाबला करेंगी। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में खेला जाएगा। खिलाड़ियों की नीलामी 9 अगस्त को होगी। अमृतसर, फाजिल्का, जालंधर, लुधियाना, मोहाली और बठिंडा का प्रतिनिधित्व करने वाली छह टीमें पहले सीजन से पहले अपनी-अपनी टीम तैयार करेंगी।

### श्रीलंका की महिला टीम को पाक पर अजेय बढ़त

**दांबुला।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद प्लेयर ऑफ द मैच संजना कविंदी (46) और कप्तान चामरी अटापट्टू (40) की तूफानी बल्लेबाजी से श्रीलंका की महिला टीम ने दूसरे टी-20 में पाकिस्तान को 14 गेंद रहते छह विकेट से हरा दिया। रविवार को इस जीत से श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। पाक ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए 20 ओवरों में पांच विकेट पर 175 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से चामुंडी प्रबोध ने दो विकेट लिए। जवाब में श्रीलंका ने 17.4 ओवरों में चार विकेट पर 178 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से मैच जीत लिया। तीसरा और आखिरी मैच मंगलवार को खेला जाएगा।

### लवलीना ने पदक बाढ़ पीड़ितों को समर्पित किया



**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में जीता रजत पदक बाढ़ से जूझ रहे असम के लोगों को समर्पित किया है। लवलीना को महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की एम्मा-सू ग्रीनट्री के खिलाफ हार से उन्हें रजत से संतोष करना पड़ा। लवलीना ने रविवार को ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, अभी असम की जो स्थिति है, वह मेरे लिए काफी दुखद है। असम के लोगों को इस स्थिति में देखकर मुझे बहुत बुरा लग रहा है। बाढ़ खत्म होने के बाद भी लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मैं यहां खेलों में भाग लेने के कारण मुश्किल में फंसे अपने लोगों के साथ नहीं थी। ऐसे में मैं यह पदक बाढ़ से प्रभावित लोगों को समर्पित करती हूं।

### प्रवीण का रजत पदक बना गांव के लिए प्रेरणा

**तिरुवरुर (तमिलनाडु)।** सेट्टीसथिरम गांव में दिहाड़ी पर खेतों में काम करने वाले मजदूर के साधारण घर में शनिवार को जश्न माहौल था। उनके बेटे प्रवीण चित्रावेल ने राष्ट्रमंडल खेलों की त्रिकूद स्पर्धा में रजत पदक जो जीता था। प्रवीण के पिता चित्रावेल ने बेटे की इस उपलब्धि पर परिवार के संघर्षपूर्ण सफर को याद किया। उन्होंने प्रवीण की सफलता का श्रेय पूरे गांव को दिया। उन्होंने कहा, शिक्षकों, रिश्तेदारों और पूरे गांव ने मुझे उन तरीकों से मार्गदर्शन दिया, जिनके बारे में मुझे जानकारी भी नहीं थी। उनकी मदद से मेरा बेटा लगातार आगे बढ़ता गया।

### वीनस, एलेक्जेंड्रा एला कनाडा ओपन में खलेंगी

**टोरंटो।** अमेरिका की टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स और फिलिपींस की एलेक्जेंड्रा एला कनाडा ओपन डब्ल्यूटीए 1000 में टेनिस खेलते हुए नजर आएंगी। अमेरिका की विलियम्स वाइल्डकार्ड एंट्री के साथ अपना अभियान शुरू करेंगी। कनाडा में यह उनका 13वां टूर्नामेंट होगा। कनाडा में उनका अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन 2014 में रहा था, जब उन्होंने अपनी बहन सेरेना को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। 46 साल की खिलाड़ी पहले राउंड में सेंटर कोर्ट पर उज्बेकिस्तान की कामिला राखिमोवा का सामना करेंगी।

### कोलंबस क्रू ने मियामी को बराबरी पर रोका

**मियामी।** ब्रेस मेड्डेज ने मेजर लीग सॉकर में पदार्पण करते हुए अंतिम लम्हों में गोल दागा जिससे कोलंबस क्रू ने इंटर मियामी को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। शनिवार रात हुए मैच में लियोनल मेसी मियामी की ओर से 53वें मिनट में स्थानापन्न के रूप में उतरे। उन्हें गोल करने के कई मौके मिले पर सफलता नहीं मिली। मियामी के लिए लुई सुआरेज ने 16वें मिनट जबकि नोह एलेन ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में गोल दागा। कोलंबस को पहले हॉफ में आत्मघाती गोल का फायदा मिला। मेड्डेज ने 84वें मिनट में फ्री किक पर उसे बराबरी दिलाई।

**बैडमिंटन** भारतीय शटलर ने फाइनल में वियतनाम की गुयेन को 36 मिनट में पराजित किया, पंजाब की 17 साल की शर्मा ने करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीता

# तन्वी ताइपे ओपन में चैंपियन बनने वाली सबसे युवा खिलाड़ी

**ताइपे सिटी, एजेंसी।** युवा भारतीय सनसनी तन्वी शर्मा ने रविवार को ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के रूप में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीता। पंजाब की तन्वी ने फाइनल में वियतनाम की छठी वरीय थुई लिन्ह गुयेन को मात्र 36 मिनट में 21-16, 21-16 से हराकर ट्रॉफी जीती।

**साइना के बाद दूसरी :** तन्वी (17 साल और 222 दिन) की उम्र में ताइपे ओपन के इतिहास की सबसे कम उम्र की चैंपियन बनी। उन्होंने ताइवान की महान खिलाड़ी ताई जू यिंग का रिकॉर्ड तोड़ा। तन्वी पिछले 18 साल में यहां चैंपियन बनने वाली पहली जबकि कुल दूसरी भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। उनसे पहले 2008 में साइना नेहवाल ने यह उपलब्धि हासिल की थी। तन्वी टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र की फाइनलिस्ट भी बनीं। उन्होंने कोरिया के महान युगल खिलाड़ी ली वोंग डे (17 साल 287 दिन, 2006) का 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। तन्वी ने पिछले साल यूएस ओपन सुपर 300 में उप विजेता रही थीं। जीत के बाद भावुक क्षण में तन्वी ने अपना स्वर्ण पदक उतारकर कोच पार्क के गले में पहनाया। इसके बाद दोनों ने साथ में तस्वीरें खिंचवाईं।



ताइपे सिटी में रविवार को फाइनल में गुयेन को हराने के बाद स्वर्ण पदक के साथ भारत की तन्वी शर्मा (दाएं)। • एजेंसी

**01** गेम सिर्फ अपने खिताबी सफर तक 17 साल की तन्वी ने गंवाया

**18** साल में यहां ट्रॉफी जीतने वाली पहली जबकि कुल दूसरी भारतीय बनीं

> यह खिताब जीतकर मैं बेहद खुश हूं। मुझे जीतने की उम्मीद नहीं थी। मेरा लक्ष्य सिर्फ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था। मैंने एक बार में एक मैच पर ध्यान दिया और पूरे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया।
> -तन्वी शर्मा

**ड्रॉप शॉट से गुयेन को पछाड़ा :** तन्वी ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। उन्होंने अपने प्रभावी ड्रॉप शॉट से गुयेन को लगातार छकाते हुए 4-1 की बढ़त बना ली। ड्रॉप शॉट और क्रॉस कोर्ट स्मैश का बेहतरीन मिश्रण करते हुए तन्वी ने बढ़त 10-2 तक पहुंचा दिया। फिर दमदार स्मैश लगाते हुए 15-9 की बढ़त बना ली। पांच गेम प्वाइंट हासिल करने के बाद उन्होंने क्रॉस कोर्ट स्मैश के साथ पहला गेम जीता।

**पिछड़ने के बाद वापसी :** कोर्ट बदलने के बाद गुयेन ने 3-0 की बढ़त बनाई। तन्वी ने शानदार नेट शॉट की मदद से स्कोर 3-3 से बराबर किया। उन्होंने विरोधी को लगातार बैक कोर्ट में धकेलते हुए नेट पर अपने नपे-तुले शॉट से ब्रेक तक बढ़त 11-8 कर ली। 19-12 के स्कोर पर लाइन कॉल को लेकर उनकी चुनौती असफल रही। तीन मैच प्वाइंट गंवाने के बाद तन्वी ने गेम और मैच अपने नाम कर लिया।

# हर युवा को नशे के जाल में फंसने से बचाना होगा: प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वर्चुअली नशा मुक्त युवा के लिए 'विकसित भारत संकल्प अभियान' शुरू किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं को नशे के जाल में फंसने से बचाना होगा। उन्हें सही रास्ता दिखलाना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अभियान निजी सेहत से कहीं आगे का है। यह परिवारों, समाज और पूरे देश के बड़े हितों के लिए आवश्यक है। नशा मुक्त युवा के लिए 'विकसित भारत संकल्प अभियान' के पीछे के मकसद को बताते हुए उन्होंने जोर दिया कि विकसित भारत को पाने के लिए असल में एक स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और आत्मविश्वास से भरे युवा पीढ़ी की जरूरत है, जो खुद को नुकसान पहुंचाने वाली आदतों से पूरी तरह आजाद हों।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर खुशी जताई कि इस पहल को पिछले साल काशी की पवित्र धरती से एक पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि 125 से ज्यादा आध्यात्मिक संस्थाएं और कई गैर सरकारी संगठनों ने इसमें सहयोग दिया। अब यह अभियान सफलतापूर्वक एक राष्ट्रीय अभियान बन गया है। ड्रग-विरोधी शपथ लेने वाले लाखों युवाओं की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री ने अपने स्कूलों, कॉलेजों और समाज में नशा मुक्त जिंदगी का संदेश सक्रिय रूप से फैलाने को लेकर उनकी तारीफ की। अभियान के सौ हफ्ते के रोडमैप के



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को डिजिटल माध्यम से नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान शुरुआत की।

- प्रधानमंत्री ने नशा मुक्त युवा के लिए विकसित भारत संकल्प अभियान शुरू किया
- सौ हफ्ते तक हर रविवार को कई कार्यक्रमों के जरिए युवाओं को जागरूक करेंगे
- इस अभियान को काशी में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर किया गया था शुरू

बारे में प्रधानमंत्री ने विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हर रविवार को कला, संस्कृति, खेल, ध्यान, आध्यात्मिकता से जुड़े कार्यक्रम होंगे, ताकि नए लोग इससे जुड़ सकें। छात्र, एनएसएस के सदस्य और माय इंडिया के सदस्यों की ऑनलाइन बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं की जागरूकता, संवेदनशीलता और समर्पण पर गर्व जताया। युवाओं को भारत की 'अमृत जेनरेशन' बताते हुए पीएम ने उन्हें याद दिलाया कि उनकी ऊर्जा, कल्पनाशीलता और प्रतिभा देश को उसके 2047 के लक्ष्य की ओर ले जाने के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने युवाओं से कहा कि देश के भविष्य और आपकी अपनी जिंदगी के लिए खुद को नशे की आदतों से मुक्त रखना बहुत जरूरी है।

**योग से छूटेगी आदत :** पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि हमें किसी भी हालत में नशे को समाज में मंजूरी नहीं देनी चाहिए। उन्होंने नशे की लत से उबरने में समाज के सहयोग, योग, ध्यान और आधुनिक पुनर्वास केंद्र के असर पर जोर दिया। परिवारों से सामाजिक चिंताओं के बजाय मेडिकल मदद को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कमजोर बच्चों को नशे के जाल में फंसने से रोकने के लिए घर पर खुली बातचीत की संस्कृति की वकालत की।

## देश-विदेश 30s

### विद्यार्थियों पर दर्ज केस वापस होंगे

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने नीट परीक्षा के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर दर्ज सभी मामले वापस लेने का फैसला किया है। राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री ए. राजमोहन ने रविवार को बताया कि यह फैसला मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के निर्देश पर लिया गया। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर दर्ज सभी मामले वापस लिए जाएंगे। बता दें कि राज्य में मामले दर्ज किए जाने पर सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ रहा था।

### गृह मंत्री शाह ने पिंगली वेंकैया को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पिंगली वेंकैया को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। वेंकैया ने ही भारत के राष्ट्रीय ध्वज का डिजाइन तैयार किया था। शाह ने 'एक्स' पोस्ट पर अपने संदेश में लिखा कि पिंगली वेंकैया को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। उन्होंने हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को डिजाइन करने में अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने लिखा कि आजादी की लड़ाई और ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों के विकास में उनकी भूमिका भारतीयों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी।

### तीन दिन ओडिशा दौरे पर रहेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन से पांच अगस्त तक ओडिशा के दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति भवन की ओर से रविवार को जारी बयान में जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, दौरे के पहले दिन राष्ट्रपति कटक में जगद्गुरु कृपालु विश्वविद्यालय का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति चार अगस्त को भुवनेश्वर से रेल मार्ग से बरहामपुर जाएंगी।

### इरिडियम कॉपर ठगी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

चेन्नई। तमिलनाडु पुलिस की सीबी-सीआईडी ने करोड़ों रुपये के इरिडियम कॉपर धोखाधड़ी मामले के मुख्य आरोपी को बहरीन से चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंचने पर गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ अगस्त 2025 से लुकआउट सर्कुलर जारी था और वह बहरीन से गिरोह का संचालन कर रहा था। यह गिरोह इरिडियम कॉपर नामक दुर्लभ धातु की बिक्री से लाभ का झांसा देता था।

### पेरी में विमान क्रैश, दो पायलटों संग 11 की मौत

बोगोटा। दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में शनिवार को एक विमान हादसे में 11 यूरोपीय नागरिकों और दो पायलटों की जान चली गई। विमान यूरोप के पर्यटकों को पेरू की प्रसिद्ध नाजका लाइन्स का नजारा दिखाने के लिए उड़ान पर था। हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। नाजका के स्थानीय प्रशासन ने बताया कि विमानन कंपनी एयरोडियाना द्वारा परिचालित विमान ने इका शहर से उड़ान भरी थी।

### सम्मानजनक जीवन सभी की जिम्मेदारी : बिरला

कोटा। लोकसभा अध्यक्ष और कोटा-बूंदी के सांसद ओम बिरला ने कहा समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन मिले, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बिरला सेवानिवृत्त अधिकारी संघ की ओर से लोकसभा अध्यक्ष के रूप में उनके सात वर्ष पूरे होने पर सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संघ द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की।

### सीजेपी के सदस्यों की बैठक पांच को होगी

छत्रपति संभाजीनगर। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के मुख्य सदस्य अपने भविष्य के एजेंडे पर चर्चा करने के लिए पांच अगस्त को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक बैठक करेंगे। संगठन के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह बैठक सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके के आवास पर होगी।

### राहुल गांधी ने बनाया कोरियन फिंगर हार्ट

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को फ्रेंडशिप डे पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने कोरियन फिंगर हार्ट बनाया, जिसने तुरंत लोगों का ध्यान खींचा। अपनी फोटो के साथ उन्होंने लिखा, अभी भी एक छात्र हूं। हर दिन कुछ नया सीख रहा हूं। आज का सबक: आज फ्रेंडशिप डे है और यह एक दिल (हार्ट) है। सभी को फ्रेंडशिप डे की बधाई।

## कई जिलों में गांव पानी से घिरे, बांधों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर

# आफत: केरल-कर्नाटक में बारिश और बाढ़ से बर्बादी, 11 की गई जान

मौसम की मार

नई दिल्ली, एजेंसी। असम में बाढ़-बारिश से मुश्किल कम हो रही है, लेकिन केरल-कर्नाटक में आफत शुरू हो गई है। केरल में दो दिनों में भारी बारिश हुई है। यहां भूस्खलन से आठ लोगों की मौत हो गई और आठ लापता हैं। इसके साथ ही 13 लोग घायल हैं। कर्नाटक में भी बारिश से तीन लोगों की मौत हो गई।

केरल में रविवार को फिर भारी बारिश हुई। इससे कई जिलों में स्थिति गंभीर है। कई गांव पानी से घिरे हैं। बांधों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। घरों को नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री वीडी सतीसन ने कहा कि 5,792 लोगों के लिए 209 राहत शिविर संचालित किए जा रहे हैं। एनडीआरएफ के साथ पुलिस, स्थानीय एजेंसियां राहत और बचाव कार्य में लगी हैं।



गुजरात के मोरबी में रविवार को भारी बारिश के बाद फंसे लोगों को निकालने में जुटे एनडीआरएफ के जवान। • प्रेट्र

**कर्नाटक : भूस्खलन से तीन लोगों की जान गई**

कर्नाटक में सूखे के बीच बारिश से कई क्षेत्रों में जलसंकट में कमी की संभावना है, लेकिन भूस्खलन से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। रेल सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। कई ट्रेनों को रद्द किया गया है।

**ओडिशा : हीराकुंड से छोड़ा गया अतिरिक्त पानी**

भारी बारिश के बीच हीराकुंड बांध से छोड़ा गया अतिरिक्त पानी रविवार को कटक के पास मुंडली पहुंचा, इससे महानदी का जलस्तर और बढ़ गया है। ऐसे में राज्य के दस जिलों को हाई अलर्ट है।

**असम : राज्य के सात जिले अब भी बाढ़ से घिरे**

पिछले एक सप्ताह से ज्यादा समय से बाढ़ से घिरे असम में अभी थोड़ी राहत है। हालांकि, राज्य के सात जिले अभी भी बाढ़ से घिरे हैं और 1.78 लाख लोग बाढ़ प्रभावित हैं। लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया जा रहा।

# सिंधु जल संधि को रोकना पहलगाम हमले का जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि 1960 की सिंधु जल संधि को रोकने का भारत का फैसला पहलगाम में हुए आतंकी हमले का सीधा जवाब था।

- भारतीय राजदूत क्वात्रा ने कहा- पाक आतंकी ढांचे को खत्म करे

अगर पाक सच में द्विपक्षीय मुद्दों पर भारत का सहयोग चाहता है तो उसे सबसे पहले उस आतंकी ढांचे को खत्म करना होगा। पाक ने उस सद्भावना और दोस्ती की भावना को खत्म करने में आधी सदी बिता दी, जिस पर सिंधु जल संधि हुई थी। एक पत्रिका में छपे लेख में क्वात्रा ने कहा कि यह याद रखना जरूरी है कि संधि की प्रस्तावना में कहा गया है कि यह 'सद्भावना और दोस्ती की भावना' के साथ की गई थी। हालांकि पाकिस्तान ने उस सद्भावना और दोस्ती को खत्म करने में आधी सदी बिता दी। संधि को रोके रखने का फैसला उस स्थिति को लेकर ही था।

# असम में एनएसए कार्रवाई पर कांग्रेस ने हमला बोला

नई दिल्ली। असम में प्रणव डोले को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में लिए जाने पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि एनएसए का इस्तेमाल भाजपा सरकारों द्वारा असहमति की आवाज दबाने के लिए किया जा रहा है। विपक्षी पार्टी ने कहा कि यह प्रिवेंटिव डिटेंशन कानूनों का खुला दुरुपयोग है और राज्य द्वारा अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर की गई कार्रवाई है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि 30 जुलाई को असम सरकार ने जमीन के अधिकारों के लिए लड़ने वाले कार्यकर्ता डोले के खिलाफ एनएसए लगाया। यह कार्रवाई जिला अदालत द्वारा उन्हें जमानत दिए जाने के ठीक एक दिन बाद की गई। डोले को उन ग्रामीणों का समर्थन करने के लिए गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने काजीरंगा के पास प्रस्तावित फाइव-स्टार रिसॉर्ट का विरोध किया था।

# अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की जाए: पाक हिंदू संगठन

पेशावर, एजेंसी। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक हिंदू अधिकार संगठन ने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए संवैधानिक गारंटियों की मांग की है। इसके तहत प्रांतीय सरकार पर दबाव बनाने के लिए एक जनसंपर्क अभियान शुरू करने की घोषणा की है।

- सरकार पर दबाव बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान शुरू करेंगे

शनिवार को ऑल बाल्मीकि हिंदू कम्युनिटी खैबर पख्तूनख्वा के अध्यक्ष हारून दयाल ने कहा समुदाय को अब भी कानूनी सुरक्षा और समान अवसरों से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से अल्पसंख्यकों के लिए सुरक्षा तंत्र सुनिश्चित करने का आह्वान किया। दयाल ने कहा कि पाक के कई अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की तरह बाल्मीकि हिंदू समुदाय को भी कानूनी सुरक्षा, नागरिक पंजीकरण, शिक्षा और समान अवसरों से संबंधित चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है।

# फास्ट ट्रैक कोर्ट की पहली जज का तबादला

पेपर लीक मामला

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। हाईकोर्ट ने पेपर लीक मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई फास्ट ट्रैक कोर्ट की विशेष जज अनु ग्रोवर बलिगा का तबादला कर दिया है। उनके साथ कुल 137 न्यायाधीशों का भी तबादला किया गया है।

जज अनु ग्रोवर बलिगा ने इस विशेष अदालत में 25 जुलाई को ही कार्यभार संभाला था और उन्हें पदभार ग्रहण किए अभी एक सप्ताह भी पूरा नहीं हुआ था। अब उनकी जगह विशेष जज अजय गुप्ता को नियुक्त किया गया है, जो पहले भी पेपर लीक मामलों से जुड़े केस की सुनवाई कर रहे थे। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने 23 जुलाई को एक विशेष अदालत को अधिसूचित किया था, जो पेपर लीक और सार्वजनिक परीक्षाओं में अन्य अनुचित तरीकों से जुड़े आपराधिक मामलों की सुनवाई करेगी। इसके बाद अनु ग्रोवर बलिगा को इस अदालत का जज बनाया गया था। पेपर लीक मामलों को तेजी से निपटाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा की थी। इसी क्रम में इस विशेष अदालत का गठन किया गया था। नीट पेपर लीक मामले में पहली सुनवाई 27 जुलाई को हुई थी, लेकिन बचाव पक्ष के वकील के अनुरोध पर सुनवाई स्थगित कर दी गई थी।

इसके बाद अदालत ने मामले को सोमवार यानी तीन अगस्त के लिए सूचीबद्ध किया था। सोमवार को कोर्ट सीबीआई की चार्जशीट और दो आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर विचार करेगी। सीबीआई ने इस मामले में 13 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है और सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

**पुलिस कार्रवाई से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई आज**

नई दिल्ली। नीट पेपर लीक और परीक्षा में अनियमितताओं के खिलाफ हाल में हुए प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की कथित ज्यादती से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ इन याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने 28 जुलाई को राज्यों को प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया था। 18 वर्ष से कम आयु के जिन प्रदर्शनकारियों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, उन्हें रिहा किया जाए।

# वीजा नियमों के उल्लंघन में छह बांग्लादेशी पकड़े

नई दिल्ली, एजेंसी। वीजा की शर्तों का उल्लंघन कर निर्धारित अवधि से अधिक समय तक भारत में ठहरने के आरोप में छह बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है।

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि मध्य दिल्ली में सत्यापन अभियान के तहत होटलों और गेस्ट हाउस की जांच के दौरान इन छह लोगों को हिरासत में लिया गया। ये सभी नबी करीम के अराकशन रोड स्थित एक होटल में ठहरे हुए थे। उनके वीजा और आव्रजन रिकॉर्ड की जांच में पता चला कि उनके वीजा वैध थे, लेकिन प्रत्येक यात्रा के दौरान अधिकतम 15 दिन तक ठहरने की अनुमति थी और उनकी वैध रूप से भारत में रहने की अवधि समाप्त हो चुकी थी।

इन छह लोगों को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए और उन्हें निर्वासन की प्रक्रिया के लिए निरुद्ध केंद्र भेज दिया गया।

# कावेरी मुद्दे पर बंद न हो : शिवकुमार

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने रविवार को कहा कि सरकार कावेरी मुद्दे पर राज्य के किसानों और जनता के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही उन्होंने संगठनों से 13 अगस्त को प्रस्तावित कर्नाटक बंद का आह्वान वापस लेने की अपील की।

शिवकुमार ने कहा कि विरोध प्रदर्शनों की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि बारिश से स्थिति में सुधार हुआ है और सभी राजनीतिक दलों ने अपना समर्थन दिया है। ऐसे बंद से किसी का भला नहीं होगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने कर्नाटक सरकार के अनुरोध पर अपना प्रस्तावित बेंगलुरु दौरा फिलहाल स्थगित कर दिया है। राज्य के 7.5 करोड़ लोगों के मन में कर्नाटक के हितों की रक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को लेकर कोई संदेह नहीं होना चाहिए। कावेरी मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक के बाद मीडिया से मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कानून के दायरे में ही रहकर निर्णय लेगी। पेयजल आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।



कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने रविवार को बेंगलुरु में कावेरी जल मुद्दे पर आयोजित सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की। • एएनआई

# ड्रोन हमलों का जवाब देने की क्षमता परखी

जैसलमेर। भारतीय वायुसेना ने पोखरण में एक सप्ताह तक चला युद्धाभ्यास रविवार को पूरा कर लिया। इस दौरान वायुसेना ने अपनी युद्धक तैयारियों और युद्ध के दौरान ड्रोन हमलों की स्थिति में त्वरित जवाब देने की क्षमताओं को परखा।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि 'रोटर क्लैप-3' नाम की यह ड्रिल खासतौर पर ड्रोन और मानवरहित विमानों से किए जाने वाले हमलों पर आधारित थी। सात दिवसीय इस अभ्यास में वायुसेना की कई हेलीकॉप्टर यूनिट शामिल हुईं। मुख्य मकसद बदलते माहौल के हिसाब से तैयारियों को मजबूत करना था।

# 'चायवालाज' के संस्थापक रोहित शर्मा ने जान दी

दुखद

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान के चर्चित स्टार्टअप 'चायवालाज' के संस्थापक रोहित शर्मा ने कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। हालांकि, अभी सुसाइड नोट मिलने की पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस जांच कर रही है।

दौसा पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि साकेत कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय रोहित शर्मा शनिवार दोपहर अपने कमरे में फंदे पर लटके मिले। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उन्हें फंदे से उतारा और जिला अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, खुदकुशी की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है। रोहित ने कोई सुसाइड नोट छोड़ा है या नहीं, पता लगाया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि रोहित के पिता हितेंद्र मोहन शर्मा एक मेडिकल स्टोर संचालक हैं। रोहित की पत्नी एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। उनका सात साल का एक बेटा भी है। अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद उनका शव परिवार को सौंप दिया गया।

**उपचुनाव में उम्मीदवारी वापस ली थी:** वर्ष 2024 में दौसा विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव में उन्होंने बतौर निर्दलीय उम्मीदवार नामांकन भरा था। वह चुनाव प्रचार भी करने लगे थे, लेकिन फिर अचानक ही उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया था।

**सारे आउटलेट बंद कर आध्यात्मिक झुकाव बढ़ा:** जानकारी के अनुसार, रोहित सामाजिक कार्यों में लगातार सक्रिय रहते थे। पिछले कुछ समय से रोहित शर्मा का झुकाव आध्यात्मिकता की ओर बढ़ने लगा था। लगभग छह महीने पहले उन्होंने अचानक अपने सभी आउटलेट बंद कर दिए थे। इसके बाद से वह अकसर धार्मिक स्थलों पर नजर आते थे।

**17 वर्ष की उम्र में शुरू किया था स्टार्टअप**

रोहित शर्मा ने वर्ष 2013 में 'चायवालाज' स्टार्टअप की शुरुआत की थी। उस समय वह नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे थे और महज 17 साल के थे। उन्होंने अपना पहला चाय कैफे जयपुर के मानसरोवर में शिप्रा पथ पर खोला था। बाद में उन्होंने अलग-अलग शहरों में कारोबार बढ़ाते हुए सात आउटलेट खोल लिए थे। 2022 में इस स्टार्टअप के लिए उन्हें ग्लोबल इंडिया बिजनेस फोरम ने 'एमएसएमई अवार्ड फॉर बिजनेस एक्सीलेंस' श्रेणी में सम्मानित किया था। रोहित शर्मा की आत्महत्या की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है।

चिंताजनक | स्पेन में खतरा कम हुआ, लेकिन टला नहीं, फ्रांस में आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका, आग ने बड़े पैमाने पर जंगलों और खेती की जमीन को बर्बाद किया

# अमेरिका से यूरोप तक धधक रहे जंगल, आग से रिकॉर्ड नुकसान

संकट

लाकानाउ, एजेंसी। करीब 20 दिन से ज्यादा समय से यूरोप के जंगल धधक रहे हैं। फ्रांस, स्पेन में आग का खतरा कम हुआ है लेकिन खत्म नहीं हुआ। ग्रीस के जंगलों में आग लगी है, उधर वाशिंगटन में भी जंगल धधक रहे हैं।

यूरोप में आग का संकट रविवार को तीन मोर्चों पर फैल गया। तेज हवाओं ने आग को एथेंस इलाके में और अंदर तक पहुंचा दिया और हजारों लोगों को घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। ग्रीस के एटिका, एथेंस, मेगारा आग की चपेट में हैं। फ्रांस में आग कहीं-कहीं अब भी धधक रही है। 420 वर्ग किलोमीटर का इलाका आग की चपेट में है, जिसके कारण हजारों लोग घर नहीं लौट पा रहे। 3,000 दमकलकर्मी गिरोंडे की भीषण आग और प्रोवेंस में लगी दूसरी आग से निपटने में लगे थे। स्पेन में भी आग धधक रही है और तीन लाख से ज्यादा लोगों को बेघर होना पड़ा है।

ग्रीस में बढ़ा आग का दायरा पोर्टो जर्मेनो। ग्रीस में रविवार को कई मोर्चों पर आग का सामना करना पड़ा। आग ने बड़े पैमाने पर जंगलों और खेती की जमीन को बर्बाद कर दिया है। प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस ने कहा कि ग्रीस को बेहद खराब मौसम और तेज हवाओं का सामना करना पड़ा, जिससे आग और भड़क गई। मशहूर तटीय गांव पोर्टो जर्मेनो के आसपास लगभग 500 दमकलकर्मी आग बुझाने में जुटे थे। पेलोपोनीज के आइगियालिया में लगभग 100 दमकलकर्मी एक और आग से लड़ रहे थे। शनिवार देर रात आयोनियन सागर के सेफालोनिया द्वीप पर एक नई आग लग गई।

**वॉशिंगटन से हजारों लोगों को हटाया गया :** अमेरिका के वॉशिंगटन के जंगलों में शनिवार को लगी आग तेजी से फैली और स्पोकेन शहर तक पहुंच गई। संभावित खतरे को देखते हुए हजारों लोगों को यहां से हटाया गया। यह चौथा साल है जब ये राज्य सूखे से जूझ रहा है। 200,000 एकड़ (80,900 हेक्टेयर) से ज्यादा जंगल आग की चपेट में थे। गवर्नर बॉब फर्ग्यूसन ने कहा, रिकॉर्ड तोड़ सूखा और तेज हवाएं राज्य में खतरनाक हालात पैदा कर रही हैं। जंगल की आग शनिवार दोपहर स्पोकेन नदी को पार करके शहर में घुस गई।



यूरोप भीषण गर्मी और जंगल की आग की मार झेल रहा है। सबसे गंभीर हालात स्पेन में हैं। राजधानी मैड्रिड के पश्चिमी इलाकों और एविला प्रांत के जंगल में लगी भीषण आग।

**लाखों लोग हो चुके बेघर**

- 2,24,000 लोगों को घर छोड़ना पड़ा जंगल की आग से फ्रांस में
- 3,33,000 लोग भी आग के कारण स्पेन में हुए बेघर
- 420 वर्ग किलोमीटर का इलाका फ्रांस में अब भी सुलग रहा
- 1500 अग्निशमनकर्मी फ्रांस के प्रोवेंस में आग से मुकाबला कर रहे
- 1980 के बाद से तेजी से बढ़ा यूरोप का औसत तापमान
- 6,500 हेक्टेयर जमीन खाक हो चुकी अब तक आग से ग्रीस में
- 10,000 हेक्टेयर से ज्यादा इलाका प्रभावित पोर्टो जर्मेनो के आसपास
- 3500 एकड़ जंगल अमेरिका के स्पोकेन शहर में आग की चपेट में, इससे भारी नुकसान हो रहा

# चीन की मीडिया पर भारत विरोधी सामग्री पर चिंता

बीजिंग, एजेंसी। चीन में रहने वाले भारतीय समुदाय के सदस्यों ने भारतीय दूतावास में आयोजित 'ओपन हाउस' कार्यक्रम में चीनी सोशल मीडिया पर भारत-विरोधी अपमानजनक सामग्री, भारतीय पेशेवरों को कार्य वीजा मिलने में गिरावट तथा उनके जीवनसाथियों के रोजगार पर प्रतिबंध सहित कई मुद्दों पर चिंता जताई।

- भारतीय समुदाय ने 'ओपन हाउस' में वीजा और अन्य मुद्दे भी उठाए

दूतावास ने शुक्रवार को इस जनसंपर्क पहल का आयोजन किया, जिसमें बीजिंग में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर शामिल हुए और समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। भारत के राजदूत विक्रम दुरईस्वामी ने भारतीय समुदाय के सदस्यों से विभिन्न विषयों पर बातचीत की। बैठक के दौरान जिन प्रमुख चिंताओं को उठाया गया, उनमें चीनी सोशल मीडिया मंचों पर भारतीयों, उनके खान-पान और संस्कृति के खिलाफ बढ़ती अपमानजनक सामग्री, भारतीय पेशेवरों को जारी किए जाने वाले कार्य वीजा की संख्या में कमी, उनके जीवनसाथियों के रोजगार पर प्रतिबंध तथा दूतावास संबंधी सेवाओं से जुड़ी कठिनाइयां शामिल थीं। मई में चीन में भारत के राजदूत का पद संभालने वाले दुरईस्वामी ने कहा कि उन्होंने चीनी अधिकारियों के साथ संपर्क बढ़ाया है।

# दावा : डीएनए बदलकर और घातक हो रहा कैंसर

## कोशिकाओं को रोकने से इलाज में सफलता मिलने की उम्मीद

सेहत

**यरूशलम, एजेंसी।** कैंसर की बीमारी को लेकर हिब्रू यूनिवर्सिटी ऑफ यरुशलम के शोधकर्ताओं ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। अध्ययन के अनुसार, कैंसर कोशिकाएं तेजी से बढ़ने के चक्कर में खुद अपने ही डीएनए बदल लेती हैं और उसे बार-बार तोड़ती हैं।

डीएनए को तोड़ने और फिर उसकी मरम्मत करने का यह चक्र कैंसर को और अधिक खतरनाक बना देता है। हालांकि, वैज्ञानिकों का मानना है कि कैंसर की यही कमजोरी भविष्य में इसके नए इलाज का रास्ता भी खोल सकती है। ये अध्ययन 'साइंस एडवांसेज' पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं।

**डीएनए पर दबाव डालती हैं कोशिकाएं :** कैंसर कोशिकाओं को तेजी से विभाजित होने और जीवित रहने के लिए कुछ खास जींस को सामान्य से बहुत अधिक सक्रिय रखना पड़ता है। डीएनए के नियंत्रण क्षेत्र, जिन्हें 'सुपर-एन्हांसर्स' कहा जाता है, इन जींस को पूरी ताकत से चलाने का काम करते हैं। इस अत्यधिक गतिविधि और तनाव से डीएनए की दोनों लटें बीच से टूट जाती हैं। कैंसर कोशिकाएं इन टूटे हुए डीएनए की मरम्मत तो कर लेती हैं, लेकिन बार-बार रिपेयर करने के दौरान छोटी-छोटी गलतियां हो जाती हैं। इन गलतियों से नए म्यूटेशन जन्म लेते हैं, जिससे कैंसर का ट्यूमर और अधिक मजबूत, आक्रामक और दवाओं के प्रति प्रतिरोधी बन जाता है।



- म्यूटेशन कैंसर को और अधिक खतरनाक, आक्रामक और दवाओं के प्रति प्रतिरोधी बना देता है
- कोशिकाओं को डीएनए रिपेयर करने से रोक दिया जाए तो ट्यूमर खत्म हो जाएगा

### इलाज में मददगार हो सकती है खोज

खास बात यह है कि कैंसर की यह ताकत ही उसकी बड़ी कमजोरी बन सकती है। चूंकि कैंसर कोशिकाएं जीवित रहने के लिए डीएनए क्षेत्रों पर बहुत अधिक निर्भर हैं, इसलिए वे इन जगहों पर संवेदनशील भी होती है। वैज्ञानिक ऐसी थेरेपी विकसित कर सकते हैं जो जीन गतिविधि को रोक सके। कैंसर कोशिकाओं द्वारा डीएनए रिपेयर करने की क्षमता खत्म कर दे।

# चांद पर उतरने के लिए पानी के अंदर दी जा रही ट्रेनिंग

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** इंसानों को वापस चांद पर भेजने की दिशा में अनोखे कदम के तौर पर नासा के दो वैज्ञानिक हाल ही में पानी के अंदर गए। वे समुद्री रिसर्च के लिए नहीं, बल्कि भविष्य में चांद की खोज की तैयारी के लिए वहां गए थे। यह ट्रेनिंग सेशन नासा के आर्टेमिस प्रोग्राम के लिए पहली बार आयोजित किया गया था। जिसमें भूवैज्ञानिक और विज्ञान अधिकारी ट्रेवर ग्राफ और एंजेला गार्सिया ने ह्यूस्टन में एजेंसी की प्रयोगशाला के अंदर एक साथ काम किया।

वैज्ञानिकों ने प्रोटोटाइप स्पेससूट पहनकर जियोलॉजी टूल्स का परीक्षण किया और चांद के दक्षिणी ध्रुव के पास के मुश्किल हालात को फिर से बनाने के लिए डिजाइन की गई रोशनी में नकली लूनार पेलोड तैनात किया। यह अभ्यास नासा की उस कोशिश का हिस्सा है जिससे यह पक्का किया जा सके कि भविष्य के आर्टेमिस अंतरिक्ष यात्री अपोलो युग के बाद पहली बार चांद की सतह पर लौटने पर सुरक्षित और कुशलता से वैज्ञानिक काम करने के लिए तैयार हों।

## तकनीक 30s

### चैटजीपीटी डेस्कटॉप ऐप में नया फीचर

ओपनएआई ने चैटजीपीटी डेस्कटॉप ऐप में नया शॉर्टकट पेश किया है। जिससे यूजर्स 'पेट आइकन'पर क्लिक करके वॉइस मोड चालू कर सकते हैं। यह फीचर यूजर्स को अपने काम के फ्लो को रोके बिना चल रहे काम पर नजर रखने और टास्क को मंजूरी देने या रोकने की सुविधा देता है। वॉइस मोड चालू होने के बाद यूजर्स दूसरे कामों को करते हुए भी चल रहे काम की प्रगति पर नजर रख सकते हैं।

### बिना सोचे ऐप्स स्क्रॉल करने से रोकेगी 'की'



'ऑटोनॉमस की' नाम की एक नई 'की उन ऐप्स से निपटने के तरीके में क्रांति ला रही है जो हमारा ध्यान भटकाते हैं। यह डिवाइस एक साथी ऐप के साथ मिलकर इन ऐप्स को लॉक कर देता है। दोबारा एक्सेस पाने के लिए, आपको अपने फोन से इस 'की' को फिजिकली स्कैन करना होगा। हर अनलॉक सेशन 60 मिनट तक चलता है, जिसके बाद ऐप्स अपने आप फिर से लॉक हो जाते हैं।

### गूगल ने क्रोम में सुरक्षा से जुड़ी कमियां दूर कीं

गूगल ने यह घोषणा की है कि पिछले महीने क्रोम ब्राउजर में सुरक्षा से जुड़ी काफी कमियां ठीक की गयी हैं। यह इतनी है जितनी पिछले दो सालों में भी ठीक नहीं की गई। जून महीने में जारी क्रोम के दो वर्जन में कुल 1072 सुरक्षा बग ठीक करने के लिए अपने इंटरनल एआई टूल का इस्तेमाल किया। यह संख्या पिछले दो सालों में जारी 23 वर्शन में किए गए कुल 1036 सुधारों से अधिक है। एआई पावर्ड सिस्टम और ज्यादा बग का पता लगाते हैं।




# स्पाइडर-मैन ने बनाया नया रिकॉर्ड

**बेंगलुरु, एजेंसी।** हॉलीवुड अभिनेता टॉम हॉलैंड और जेंडया स्टारर मार्वल की नई फिल्म 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' का जादू दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर सिर चढ़कर बोल रहा है। फिल्म ने कमाई के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। रिलीज के तीसरे दिन भी भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की तूफानी कमाई जारी रही। फिल्म ने शनिवार को भारत में लगभग 66.75 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया।

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई०ए०एस०संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/13 दिनांक- 01.08.2026

**डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026**

**सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) [PE] कॉलेजों में प्रवेश हेतु Online Mop-up Counselling से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026 के PE कोर्स ग्रुप मे सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थान के प्राचार्य तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि DCECE(PE)-2026 की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर प्रथम अथवा द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक संस्थानों में पॉलिटेकनिक अभियंत्रण के विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में हुए सीट आवंटन तदनुसार नामांकन के पश्चात् शेष रिक्तियों की पाठ्यक्रमवार/ संस्थानवार / कोटिवार रिक्तियाँ पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी हैं। **इन सीटों को भरने हेतु Online Mop-up Counselling होगा। Willingness / Choice Filling / Mop-up Counselling** कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, **Willingness** एवं **Choice filling** की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट **bceceboard.bihar.gov.in** पर विज्ञापन संख्या-**BCECEB(DCECE)-2026/12** दिनांक **01.08.2026** द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।

जो अभ्यर्थी DCECE(PE)-2026 की प्रथम अथवा द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक संस्थानों में नामांकन ले चुके हैं **अथवा** जिनका प्रथम एवं द्वितीय चक्र की कॉउन्सेलिंग से सीट आवंटन नहीं हुआ है **अथवा** किसी कारण से उनका आवंटित सीट रद्द कर दिया गया है **अथवा** किसी कारण से अपने Reporting Centre पर जा कर Document Verification नहीं करा पाये हैं, वैसे सभी अभ्यर्थी Online Mop-up Counselling के लिए पात्रता-प्राप्त हैं।

**Willingness** एवं **Choice filling** की प्रक्रिया दिनांक **02.08.2026** से प्रारम्भ होगा। उक्त निदेश के अनुसार पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थी संस्थान एवं ब्रांच का **Choice of Preference of Colleges / Branches** भरें।

परीक्षा नियंत्रक

# अमेजन के जंगल में मिलीं ढाई हजार साल पुरानी आकृतियां

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** पुरातत्वविदों ने दक्षिण-पश्चिमी अमेजन के घने वर्षावनों के नीचे सैकड़ों विशाल और प्राचीन भू-आकृतियों की खोज की है। मिट्टी में उकेरी गई ये ज्यामितीय आकृतियां करीब 2500 साल पुरानी हैं।

नेचर में प्रकाशित इस शोध के अनुसार, ब्राजील, बोलीविया और पेरू की सीमा के पास लगभग 400 से अधिक नई भू-आकृतियां पाई गई हैं। इनमें गोल, वर्गाकार और अन्य ज्यामितीय आकृतियों वाले विशाल ढांचे शामिल हैं, जिनमें से कई आपस में सड़कों से जुड़े हुए हैं। घने जंगलों के कारण इन आकृतियों को नंगी आंखों से देखना असंभव था। इसके लिए शोधकर्ताओं ने 'लिडार'नामक लेजर-स्कैनिंग तकनीक का इस्तेमाल किया, जो पेड़-पौधों के पार देखकर जमीन के आकार को मैप कर सकती है।

बिहार सरकार
CITY OF PATNA

**पटना नगर निगम**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य में संलग्न एजेन्सी यथा- (1) M/s Virtuous India Private Limited, मानवबल आपूर्तिकर्त्ता एजेन्सी (2) M/s M4 Solution Pvt Ltd, मानवबल आपूर्तिकर्त्ता एजेन्सी तथा (3) Mauryan Kars Auto Services LLP, चालक आपूर्तिकर्त्ता एजेन्सी पटना नगर निगम को सूचित किया जाता है कि संयुक्त कर्मचारी समन्वय समिति के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर 30 जुलाई 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान **दिनांक 30.07.2026 तथा दिनांक 31.07.2026** को मानवबल की उपस्थिति नगण्य रहने के कारण आवश्यक पेनाल्टी तथा उपरोक्त कृत्य के लिए निर्गत स्पष्टीकरण का 24 घन्टे के अंदर उत्तर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में एकरारनामा रद्द करते हुए एजेन्सी को काली सूची में में शामिल करने की कार्रवाई की जायेगी।

**इसे अतिमहत्वपूर्ण समझा जाए।**

नगर आयुक्त
पटना नगर निगम

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 009262 (B & C)D. 2026-27

Hero

लीडर के साथ राइड करें

Hero WORLD'S NUMBER 1 MOTORCYCLE & SCOOTER COMPANY FOR 25 YEARS IN A ROW

₹3,000 नकद लाभ~





एक्स-शोरूम कीमत# ₹87,764 GLAMOUR X

एक्स-शोरूम कीमत# ₹82,768 DESTINI 125

Available also on: Flipkart

कम डाउन पेमेंट^ ₹5,999 | ब्याज दर^ 7.99%

India's First 5 Year Warranty *Conditions apply

TOLL FREE 1800 266 0018

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offer is at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Limited period offer, T&C apply. Limited period offer. T&C limited period offer, valid till 15th Aug. ~Cash offer valid only on Glamour X for a limited period. #Ex-showroom price of Glamour X Drum Brake and Destini 125 VX variant applicable in Bihar.

स्कैन करें और हीरो डेस्टिनी जीतने का मौका पाएं

Authorized Dealers: **Patna:** Patliputra Hero - 9289922164, Chandan Hero - 9289922169, Asha Hero - 9289922702, Chandan Hero - **(Sampat Chak)** - 9289922169, Patliputra Hero - **(Exhibition Rd)** - 9289922164, Asha Hero - **(Masaurhi)** - 9289922702, Patliputra Hero - **(Bihta)** - 9289922164, Patliputra Hero - **(Jagdeo Path)** - 9289922164, **Arrah:** Aditya Hero - 9289922581, Karan Enterprises - 9289923219, **Aurangabad:** Lara Hero - 9289922769, **Begusarai:** Begusarai Hero - 9289922175, Dev Hero - 9821743076, **Biharshariff:** Om Hero - 9289922177, Mahalaxmi Hero - 9821746386, **Buxar:** Makhan Bhog Hero - 9289233012, **Chapra:** Prabhu Hero - 9289922176, Reeshav Hero - 9289923032, **Dehri on Sone:** Anaya Hero - 9289923814, **Gaya:** K L Gupta Hero - 9289922171, Shri Om Sai Hero - 9289922950, **Gopalganj:** Shree Gopal Hero - 9289922567, Narayani Hero - 9289235372, **Hajipur:** Rohit Hero - 9289922554, Chandamama Hero - 9289922951, **Jehanabad:** Asha Hero - 9289923806, **Mohania:** Swastik Hero - 9289922792, **Nawada:** Girija Hero - 9289922859, **Sasaram:** Shahabad Hero - 9289922560, **Siwan:** Maharana Hero - 9289922172, Pratik Hero - 9289922817, Associate Dealers: **Kurjee More:** Tirth Automobile - 9608477599, **Begampur, Sattichoura:** City Automobiles - 9308374165, **Mokama:** Bahan Seva Kendra - 7070199645, **Fatuha:** M/S Shail Automobiles - 9835882628, **Mirganj:** Maya Motors - 9993419903, **Maharajganj:** Shiv Shakti Automobiles - 9939319680, **Mairwa:** Ganesh Trades - 9955977680, **Balia:** Osho Auto Agency - 9431287643, **Teghra:** D S Automobiles - 9835674746/9430495885, **Bakhri:** M K Agency - 9931071335, **Kinjer:** Jai Automobiles - 6201618668, 9263164920, **Rajgir:** Akash Auto Agency - 9934062131 / 9939519359, **Sheikhpura:** Durga Auto Agency - 8409622505, **Katrisarai:** Sri Jaya Motors - 8002025156, **Panapur:** Sikander Automobiles - 8709846996, **Masrakh:** Sonu Automobiles - 9939633471, **Banyipur:** Shiv Automobile - 6204660048, **Sahpur:** Vinayak Automobiles - 9431069383, **Dumraon:** Geeta Automobiles - 9955293639, **Piro:** Vandana Enterprises - 8877564488, **Sonbarsa:** Arti Automobiles - 8521330600, **Sariya, Ara:** Shishir Raj Enterprises - 7979716120, **Chaugai:** Kamla Automobiles - 8368091102, **Lalganj:** Ambika Auto Agency - 9693359185, **Jandaha:** Meera Automobiles - 9006630329, **Mahuwa:** Kaushalya Automobiles - 9973226001, **Belsar:** Kaveri Automobiles - 9939693741, **Arwal:** Aaradhya Automobiles - 7870742555, 7870246555, **Kinjer:** Jai Automobiles - 6201618668, 9263164920, **Manpur:** Magadh Enterprises - 6204379434, **Sherghati:** Maanak Services - 6204455700, **Daudnagar:** Saurabh Automobiles - 9934941713, **Rafiganj:** Sondik Enterprises - 9934878255, **Hisua:** D V Motors - 9934803525, **Bikramganj:** Maa Vindhyawasini Automobiles - 9473261602, **Karahgar:** Mahadev Motors - 9934127701, **Dehri On Sone:** Jai Matadi Automobiles - 9934747648, **Bidupur:** Sai Automobiles - 9973058011, **Barh:** R. K. Automobiles - 7004398544, **Hilsa:** Swaraj Automobiles - 7870819170, **Hajipur Mahnar Road:** Sai Automobiles - 9973058011.

SAATCHI & SAATCHI

मुद्रक तथा प्रकाशक समुद्र भट्टाचार्य द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड, बुद्ध मार्ग, अपोजिट जी.पी.ओ, पटना-800001 से प्रकाशित एवं हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड, मौजा-दरियापुर, पुलिस स्टेशन-शाहपुर, दानापुर, जिला-पटना-801503 से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक : **शशि शेखर** स्थानीय सम्पादक: **विनोद बंधु*** फोन: 0612-2223434,2223413,2200701,3392650 आर.एन.आई. नं.-44348/86
*सम्पादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।